ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 14 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 28 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-341 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



विपक्ष ने बेमन से नारी शक्ति बिल का ... पेज 10 पर

## गागर में सागर

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र सरना धर्म कोड पर जल्द लें फैसला

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आदिवासियों के सरना धर्म कोड की मांग पर जल्द और सकारात्मक फैसला करने का आग्रह किया है। यह जानकारी बुधवार को मुख्यमंत्री ने एक्स (ट्विटर) हैंडल पर दी है। उन्होंने पत्र की फोटो भी ट्विटर पर साझा की है। इस ट्वीट में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को टैग भी किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखा है कि देश का आदिवासी समुदाय पिछले कई वर्षों से धार्मिक अस्तित्व की रक्षा के लिए जनगणना कोड में प्रकृति पूजक आदिवासी/सरना धर्मावलंबियों को शामिल करने की मांग को लेकर संघर्षरत है। साथ ही पूरा विश्वास जताया है कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के लिए तत्पर रहते हैं, उसी प्रकार इस देश के आदिवासी समुदाय के समेकित विकास के लिए पृथक आदिवासी/सरना धर्मकोड का प्रावधान सुनिश्चित करेंगे।

### गोलीबारी की घटना में एक युवक गंभीर

**रांची।** रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र स्थित एलएन मिश्रा कॉलोनी में मनीष नाम के युवक को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया है। गोलीबारी में घायल मनीष को इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है, हमलवारों की तलाश में पुलिस लगी हुई है।

### लालू यादव की सजा बढ़ाने पर दिसंबर में सुनवाई करेगा झारखंड हाई कोर्ट



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में चारा घोटाला के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित लालू प्रसाद सहित छह सजायाफ्ता की सजा बढ़ाने को लेकर दाखिल याचिका की आंशिक सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने बुधवार को सीबीआई के आग्रह को देखते हुए दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह में सुनवाई की अगली तिथि निर्धारित की। पूर्व में कोर्ट ने दो सजायाफ्ता फूलचंद सिंह और आरके राणा का नाम इस केस से हटाने का आदेश दिया था। एक हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर कोर्ट को बताया गया था कि फूलचंद सिंह और आर के राणा की मृत्यु हो गई है, जिसके बाद कोर्ट ने इस याचिका से इनका नाम हटाने का आदेश दिया था।

### हजारीबाग में टीपीसी का सदस्य गिरफ्तार, प्रमुख सहित छह फरार

**हजारीबाग।** पुलिस की गिरफ्त में आने से पहले बुधवार को टीपीसी के प्रमुख दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी और हार्डकोर कमांडर पहाड़ी उर्फ रामेश्वर महतो समेत छह उग्रवादी फरार हो गये जबकि एक उग्रवादी नितेश कुमार मेहता को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि बड़कागांव थाना क्षेत्र स्थित देवगढ़ में टीपीसी संगठन के प्रमुख दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी के घर बैठक रखी गई है, जिसमें टीपीसी के एरिया कमांडर पहाड़ी जी उर्फ रामेश्वर महतो, बादल गंझू, मुनेश्वर गंझू उर्फ विक्रम, इरफान उर्फ समीर जी एवं गुरुदेव उर्फ गुरुजी सहित संगठन के अन्य सदस्य रात 10 बजे योजना बनाकर केरेडारी, बडकागांव, उरीमारी, कटकमदाग आदि क्षेत्र में कोयला व्यापारियों, बालू व्यवसायियों एवं विकास कार्य कर रहे ठेकेदार से लेवी वसूली करने एवं क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले हैं। सूचना पर पुलिस की टीम देवगढ़ स्थित दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी घर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान नितेश मेहता को पकड़ा गया जबकि टीपीसी के प्रमुख दिवाकर गंझू उर्फ प्रताप जी, हार्डकोर कमांडर पहाड़ी उर्फ रामेश्वर महतो समेत आधा दर्जन उग्रवादी फरार हो गया।

### भानु प्रताप की जमानत याचिका पर फैसला चार को

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में बुधवार को जमीन घोटाले में आरोपित बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद ईडी कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। अदालत चार अक्टूबर को मामले में अपना फैसला सुनायेगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने पक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि भानू को ईडी ने अप्रैल माह में गिरफ्तार किया था। भानु पर बरियातू स्थित सेना की जमीन घोटाला और चेशायर होम रोड की भूमि की फर्जी दस्तावेज के सहारे खरीद बिक्री का आरोप है।

## लोहरदगा में देश के आधुनिकतम राइफल शूटिंग सेंटर का शुभारंभ



लोहरदगा : बीएस कॉलेज स्टेडियम में देश के आधुनिकतम राइफल शूटिंग सेंटर का शुभारंभ बुधवार को राज्यसभा सांसद धीरज साहू, फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री, वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह आदि ने से किया। -विस्तृत पृष्ठ-6 पर देखें

## रेल यात्रियों के लिए एक बड़ी सुविधा, परेशानी कम

### पलामू एक्सप्रेस व रांची-वाराणसी के ठहराव में बदलाव

### अब 2 मिनट से बढ़ाकर 5 मिनट कर दिया गया है : अधीक्षक

स्वीटी वर्मा




फाइल फोटो

**मेदिनीनगर।** बड़का काना से चलकर पटना जाने वाली पलामू एक्सप्रेस ट्रेन और पटना से चलकर बड़का काना जाने वाली पलामू एक्सप्रेस ट्रेन के डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव में परिवर्तन किया गया है। यह ट्रेन पटना जाते समय और आते समय डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर केवल 2 मिनट रुकती थी। इससे बीमार यात्री, बुजुर्ग यात्री , महिलाएं और छोटे बच्चों को इस 2 मिनट के ठहराव से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। डालटनगंज रेलवे स्टेशन के अधीक्षक उमेश कुमार ने बताया कि 1 अक्टूबर से पटना जाने वाली पलामू एक्सप्रेस ट्रेन और पटना से आने वाली पलामू एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर अब 2 मिनट से बढ़ाकर 5 मिनट कर दिया गया है। अधीक्षक उमेश कुमार ने यह भी बताया कि एक दूसरी ट्रेन रांची से वाराणसी की है। यह ट्रेन भी अपने वाराणसी जाने के क्रम में वाराणसी से डालटेनगंज आने के क्रम में 2 मिनट से बढ़कर 5 मिनट डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर ठहरेगी। अब इस ट्रेन का भी पलामू एक्सप्रेस ट्रेन के जैसा डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर आने और जाने ट्रेन ठहराव का समय 2 मिनट से बढ़ाकर 5 मिनट कर दिया गया है, जो 1 अक्टूबर से लागू हो जाएगा। रेलवे सूत्रों ने जानकारी दी की गरीब रथ राजधानी एक्सप्रेस स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस और संबलपुर टाटा जम्मू तवी एक्सप्रेस जो आने और जाने में डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर सिर्फ 2 मिनट ठहरती है। उसके ठहराव में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। रेलवे सूत्रों के अनुसार शक्तिपुंज जो हावड़ा से चलकर जबलपुर जाती है। उसका डाल्टनगंज में ठहराव ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री ने टॉपर्स को दिया गोल्ड मेडल व विद्यार्थियों को डिग्री, कहा

# युवाओं को आगे बढ़ने में पूरी मदद करेगी सरकार

### विवेकानंद एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का दीक्षांत समारोह



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कृषि का क्षेत्र हो या पशुपालन का। खिलाड़ी हों या श्रमिक। रोजगार करना चाहते हों या स्वरोजगार। आप जिस भी फील्ड में आगे बढ़ना चाहते हैं, सरकार आपकी पूरी मदद करेगी। मुख्यमंत्री बुधवार को रामकृष्ण मिशन विवेकानंद एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट मोरहाबादी, रांची के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और डिग्री देते हुए उम्मीद जताई कि यहां से निकला हर नौजवान एक अलग पहचान बनाएगा और स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलते हुए मजबूत समाज के निर्माण में योगदान देगा।

**खुद से खड़ी कर रहे हैं कई चुनौतियां :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कई योजनाएं यदि असफल होती है तो इसके पीछे कहीं ना कहीं हम भी इसके लिए जिम्मेवार होते हैं। यदि हम देखे तो पूरे देश में वर्षों से स्वच्छता अभियान चला आ रहा है लेकिन कई लोग आज भी अपने घर की गंदगियों को सड़कों पर फेंक देते हैं। नदियों की साफ-सफाई के लिए एक्शन प्लान बने हैं। करोड़-अरबों रुपये खर्च भी हुए लेकिन आज नदियों को जितना स्वच्छ होना चाहिए, वह नहीं दिख रहा है । हमारी यह लापरवाही कहीं ना कहीं हमारे साथ पूरे राज्य और देश के लिए खतरे का कारण बन जाएगा । ऐसे में हमें पूरे समर्पण और सेवा भाव से काम करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में जो कमजोर लोग हैं, उन पर सरकार की विशेष नजर है। उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठा रही है । इसी कड़ी में आदिम जनजाति के युवक-युवतियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग दी जा रही है। प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**व्यवस्था को दे रहें हैं मजबूती**

मुख्यमंत्री कहा कि राज्य में पहले से जो व्यवस्थाएं चली आ रही हैं, वे चलती रहेंगी लेकिन उसके समानांतर एक ऐसी उत्कृष्ट और मजबूत व्यवस्था हम तैयार कर रहे हैं जो आगे चलकर स्वतः पूर्व की व्यवस्था की जगह ले लेगा। यह नवीन व्यवस्था राज्य की नींव को मजबूती देने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पंचायत सचिव व प्रखंड समन्वयक घूस लेते रंगेहाथ किए गए गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर** घूसखोरी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की एक टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गिद्धौर प्रखंड कार्यालय से पहरा, बारियातु व द्वारी के पंचायत सचिव कमलेश कुमार वर्मा व 15वें वित्त के प्रखंड समन्वयक सीताराम रजक को घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

एसीबी के डीएसपी विमलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में हजारीबाग एसीबी टीम यह कार्रवाई की गई है। एसीबी की टीम ने पंचायत सचिव कमलेश कुमार वर्मा को पांच हजार रुपये व प्रखंड समन्वयक सीताराम रजक को दो हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों को एसीबी टीम अपने साथ हजारीबाग ले गई। दोनों कर्मियों द्वारा 15वें वित्त आयोग की योजना के तहत रेनवाटर, हार्वेस्टिंग, शोकपिट के निर्मित योजनाओं के नाम पर घुस की मांग की गई थी। जिसे लेकर गिद्धौर प्रखंड के पहरा गांव निवासी सूरज साव ने एसीबी हजारीबाग से इसकी शिकायत की थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी टीम मामले का सत्यापन करने के बाद सत्यापन में घुस मांगे जाने की बात सही पाई। इसके बाद एसीबी टीम ने कार्यवाई करते हुए दोनों प्रखंड कर्मियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से प्रखंड कर्मियों व अंचल कर्मियों में हड़कंप मच गया है। मालूम हो कि प्रखंड कार्यालय के संचालन में एसीबी की यह पहली करवाई है।

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर लापता माता-पिता की दो बेटियों का स्कूल में हुआ नामांकन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद अनगड़ा के पहाड़सिंह बिरहोर टोली निवासी छह वर्षीय सनोती कुमारी एवं पांच वर्षीय पार्वती कुमारी का नामांकन अनुसूचित जनजाति बालिका आवासीय उच्च विद्यालय तमाड़ के कक्षा एक में कराया गया है। जिला कल्याण पदाधिकारी को पूरे मामले पर नजर रखने का आदेश दिया गया है।

**लापता हैं बच्चों के माता-पिता :** मुख्यमंत्री को जानकारी प्राप्त हुई कि अनगड़ा प्रखंड के पहाड़सिंह बिरहोर टोली निवासी बहादुर बिरहोर पत्नी और डेढ़ साल की बच्ची को लेकर एक सितंबर की सुबह दोना-पत्तल और दातुन बेचने के लिए किता स्टेशन से ट्रेन पकड़कर रांची स्टेशन के लिए निकले थे लेकिन अबतक वे नहीं लौटे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बच्चियों को हर संभव सहायता एवं बच्चियों के माता-पिता को जल्द ढूंढने का निर्देश अधिकारियों को दिया था।

## दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा

# पलामू सांसद योजनाओं की धीमी गति पर नाराज

### विधायक आलोक व शशिभूषण ने गड़बड़ी की बात कही



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक बुधवार को समाहरणालय के सभागार में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिले में आम लोगों के लिए चलायी जा रही योजनाओं की समीक्षा की गयी। कुछ योजनाओं की धीमी प्रगति पर सांसद श्री राम ने नाराजगी व्यक्त कर संबंधित अधिकारी से सवाल-जवाब भी किया। साथ ही पिछली बैठक में लिए गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर भी चर्चा की गयी। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का क्रियान्वयन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने समीक्षा के दौरान जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों में आ रही कमियों को लेकर अध्यक्ष को अवगत कराया इस पर अध्यक्ष ने लक्ष्य आधारित कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में कई जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र अंतर्गत सड़क, पुल, पुलिया, कब्रिस्तान की चहारदीवारी एवं अन्य तरह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## केंद्र की योजनाओं से आम लोगों को जोड़ने की होगी कवायद तेज

# ड्रोन, जीपीएस से लैस रथों से शुरू होगी ग्रामीण संवाद यात्रा

### रथ के गांव में पहुंचने से एक दिन पहले होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

### इसके लिए संस्कृति मंत्रालय 7,500 कलाकारों की मंडलियों को ट्रेनिंग देगा

-आरएनएम



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार अपनी उपब्धियों को बताने के लिए देश के 2.5 लाख से ज्यादा ग्राम पंचायतों में ड्रोन व जीपीएस से सुसज्जित 1500 रथों वाली ग्रामीण संवाद यात्रा निकालेगी। यह यात्रा अक्टूबर-नवंबर में शुरू होकर दो माह तक चल सकती है। प्रधानमंत्री कार्यालय इस यात्रा प्रमुख योजनाकार है और इसमें पीएम-किसान, पीएम-मुद्रा योजना, पीएम-जन धन योजना, पीएम-आवास योजना ,पीएम-विश्वकर्मा व अन्य योजनाओं के प्रभारी मंत्रालय शामिल हैं। प्रधानमंत्री के सलाहकार अमित खरे की अगुवाई में 23 सितंबर को प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई बैठक में इस पर चर्चा हुई। प्रत्येक रथ प्रतिदिन तीन से पांच ग्राम पंचायतों में जाएंगे। इनके साथ योजनाओं को लागू करने वाले सरकारी विभागों के चार-पांच अफसर रहेंगे। ये अधिकारी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उठाने की सुविधा प्रदान करेंगे और मौके पर ही शिकायत का समाधान भी करेंगे। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के पहले से रिकॉर्ड किए गए संदेश के साथ शुरू होने और वीवीआईपी व अन्य प्रतिभागियों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के साथ समाप्त होने की संभावना है। रथ के साथ चुने गए प्रतिनिधि, योजनाओं के लाभार्थी, सेल्फ हेल्प ग्रुप के सदस्य और किसान उत्पादक संगठनों के सदस्यों के भी आने की संभावना है।भीड़ जुटाने के लिए रथ के गांव में पहुंचने से एक दिन पहले सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा सकता है। धरती कहे पुकार के नामक कार्यक्रम का विषय केमिकल फर्टिलाइजर का विवेकपूर्ण उपयोग और जैविक खाद को बढ़ावा देना होगा। कल्चरल प्रोग्राम के लिए लगभग 7,500 कलाकारों की मंडलियों को ट्रेनिंग देने के लिए संस्कृति मंत्रालय को शामिल किया जा सकता है।पीएम मोदी ने 2021 में स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण में कहा था, 100% गांवों में सड़कें होनी चाहिए, 100% परिवारों के पास बैंक खाता होना चाहिए, 100% लाभार्थियों के पास आयुष्मान भारत कार्ड होना चाहिए, 100% पात्र व्यक्तियों के पास उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन होना चाहिए और 100% लाभार्थियों के पास आवास होना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय बजट 2022 पर एक वेबिनार के दौरान भी इस बात को दोहराया था। यह बताते हुए कि उनकी सरकार ने पानी, बिजली, गैस कनेक्शन, शौचालय और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की हैं, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## राष्ट्रपति ने इंदौर में आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव में किया सम्मानित

# राजधानी रांची को पूर्वी जोन के स्मार्ट शहरों में बेस्ट परफॉर्मर सिटी का मिला अवार्ड



नवीन मेल संवाददाता

**रांची/इंदौर।** इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्टेस्ट अवार्ड में एक बार फिर से झारखंड की राजधानी रांची ने परचम लहराया है। स्मार्ट सिटी मिशन के सिक्योरिटी, यातायात प्रबंधन, अर्बन मोबिलिटी, सोशल एस्पेक्ट और लैंड मोनेटाइजेशन आदि कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए रांची को पूर्वी जोन के स्मार्ट शहरों में बेस्ट परफॉर्मर सिटी के अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड बुधवार को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित ब्रिलिएंट कन्वेंशन केंद्र में आयोजित इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव-2023 में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों दिया गया। राज्य सरकार की ओर से नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव तथा रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ सह प्रबंध निदेशक विनय कुमार चौबे, राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक अमित कुमार और स्मार्ट सिटी रांची के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदकुलियार ने इस सम्मान को प्राप्त किया।

**विभिन्न क्षेत्रों में भेजे गए थे प्रस्ताव :** यह अवार्ड इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्टेस्ट अवार्ड-2022 के आधार पर तैयार है। इस अवार्ड के निर्णय से पहले देश के सभी 100 शहरों से उनके शहर में हो रहे अलग-अलग क्षेत्र ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### कुकही गांव में सर्पदंश से किशोर की मौत

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्रखंड के कुकही गांव निवासी पुरचंद राम के 10 वर्षीय पुत्र निर्भय कुमार की मंगलवार की रात्रि सर्पदंश से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि निर्भय रात्रि में घर पृ खाट पर सोया हुआ था, तभी आधी रात को सांप ने डंस लिया। जिसके बाद परिजनों ने बेहोशी की हालत में आनन फानन में इलाज के लिए उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां मेदिनीनगर पहुंचने के बाद उसकी मौत हो गयी। परिजन शव को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। वही घटना की सूचना मिलने पर बुधवार को हुसैनाबाद थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### सफाई कर्मियों के बीच सुरक्षा किट का वितरण

**विश्रामपुर।** स्वच्छता ही सेवा के तहत देश में मन रहे स्वच्छता पखवाड़ा के उपलक्ष्य में विश्रामपुर नगर परिषद प्रबंधक ने बुधवार को थाना मोड़ पर स्टाल लगाकर अपने सफाई कर्मचारियों के बीच सुरक्षा कीट का वितरण किया। जिसकी जानकारी देते हुए नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम ने बताया कि विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर बनाने में इन सफाई कर्मियों की अहम भूमिका होती है। इसलिए इनकी जरूरतों को समझते हुए कार्यपालक के निर्देश पर सुरक्षा कीट इन लोगो की दिया जा रहा है।ताकि इन्हे काम करने में सहूलिया हो सके। श्री हेंब्रम ने कहा आज कुल 53 कर्मियों को सुरक्षा कीट दिया गया है। मौके पर सिटी मैनेजर प्रभात कुमार,सीटी मिशन मैनेजर जितेंद्र कुमार सिंह,कनीय अभियंता अजीत टुडू,मुकेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

### किसान ब्रिगेड की बैठक में क्षेत्र के विकास पर चर्चा

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के कादल कुर्मी पंचायत सचिवालय परिसर में किसान ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी शिव रजवार ने की। बैठक में पंचायत स्तर पर किसान ब्रिगेड के मजबूती पर विशेष चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे शिव रजवार ने कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा की विकास के लिए किसान ब्रिगेड का साथ दें। पहली बार हम लोगों के घर का पुत्र देश की सेवा करके गरीबों की सेवा करने आया है। इसलिए हम सब को इनका सहयोग करना चाहिए। किसान ब्रिगेड संरक्षक सह भाजपा नेता कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में संगठन के विस्तार के लिए जन संवाद के द्वारा लोगों की समस्याओं को एकत्रित कर उसके निराकरण का प्रयास कर रहा हूं। मोहम्मदगंज प्रखंड की स्थिति विगत पच्चीस वर्षों से जस की तस बनी हुई है। विकास दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है। प्रखंड में लूट मची हुई है लेकिन जन प्रतिनिधि आवाज नहीं उठा रहें हैं क्योंकि इसमें उनका भी संलिप्तता है। इन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए आप सबों का सहयोग अति आवश्यक है। पूरे प्रखंड में भय भूख और भ्रष्टाचार व्याप्त है। युवा बेरोजगार हैं । पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने लोगों को ठगने का काम किया है। आने वाले समय में हुसैनाबाद विधानसभा की कुर्सी पर पुनः भ्रष्ट व अयोग्य व्यक्ति न बैठें इसके लिए आप सभी को जागरूक करने आया हूं। उन्होंने कहा कि जनता का आशीर्वाद मिला तो हुसैनाबाद विधानसभा को विकास के रास्ते पर लाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। बैठक में बिगन सिंह, महेन्द्र राम, लल्लू राम,गोरख यादव, रमेश मेहता, सुखलाल पासवान, राजू ठाकुर, भगत माल पासवान,नरेश रजवार, धीरेंद्र कुमार',कईल बैठा, बबीता देवी, रीता देवी, आंचल देवी सरीता देवी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### कृषक सलाहकार समिति की अध्यक्ष प्रमुख विद्या देवी मनोनीत

**नावा बाजार।** आत्मा पलामू के निर्देश के आलोक में नावा बाजार प्रखंड सभागार में प्रमुख महोदया की अध्यक्षता में प्रखंड कृषक सलाहकार समिति का गठन हेतु बैठक की गयी । बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों में गठित किसान अभिरुचि समूह के नेता, सह नेता एवं प्रगतिशील महिला किसान सहित 25 सदस्य सम्मिलित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड प्रमुख विद्या देवी को प्रखंड कृषक सलाहकार समिति का अध्यक्ष चुना गया।

# सफाई कर्मियों की जांच 2 अक्टूबर तक चलेगा अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहर के वार्ड एक स्थित सिचाई कॉलोनी परिसर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सफाई कर्मियों के परिजनों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनों सफाई कर्मियों के परिजनों की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही उपस्थित चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा सफाई कर्मियों को डेंगू ,मलेरिया , शुगर, सर्दी, बुखार आदि बीमारियों से बचने के लिए जागरूक भी किया। मालूम हो कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नगर पंचायत के द्वारा कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य जांच के अतिरिक्त आयुष्मान कार्ड एवं सफाई कर्मियों से संबंधित सरकार द्वारा चलाई जाने वाले कल्याणकारी योजनाओं की पूरी जानकारी और लाभ दे रहे हैं ' इस मौके पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी,नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी, हिमानी बाड़ा, सिटी मिशन मैनेजर राकेश सिंह,डॉ. दीपक कुमार, पर्यवेक्षक संजीत कुमार,रवि कुमार समेत नपं के कई अन्य कर्मी व सफाई कर्मी मौजूद थे।

# लोगों को मिलेगी बेहतर सुविधा केनरा बैंक की शाखा खुली



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला हैदरनगर मुख्य पथ पर स्थित पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम के आवासीय परिसर में केनरा बैंक खोला गया। इसका उद्घाटन बिहार के पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम, निवर्तमान नपं अध्यक्ष शशि कुमार, मंडल प्रबंधक प्रीतम मालवीय, वरिष्ठ प्रबंधक दिलीप डी बाखला, शाखा प्रबंधक आशुतोष कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम ने कहा कि हुसैनाबाद में केनरा बैंक का शाखा खुलने से यहां के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। मौके पर प्रीतम मालवीय ने कहा कि लोगों को हर तरह की बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध हो, इसका पूरा ख्याल रखा जायेगा। यह बैंक देश का तीसरा बड़ा बैंक है। मौके पर समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, महिला थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज, पूर्व नगर अध्यक्ष उषा देवी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्धिकी, इसरार अंसारी, प्रदीप कुमार, अर्जुन गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, राजेंद्र पाल, अधिवक्ता प्रेमतोष सिंह, मधुलता, मो. अब्बास अंसारी, बैंक के कैशियर महावीर उरांव समेत कई लोग मौजूद थे।

### इलाज के दौरान बच्ची की मौत, जांच में जुटी पुलिस

# अवैध तरीके से अस्पताल संचालित कर किया जाता रहा है इलाज

## निजी क्लीनिक के संचालन पर प्रशासन की बनी रही है चुप्पी




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद बीमोड़ के गोदरमा रोड में स्थित अवैध तरीके से संचालित निजी क्लीनिक में झोला छाप चिकित्सक के एक बच्ची की जान ले ली गई। जो चौथी वर्ग की छात्रा थी। बुखार का इलाज कराने निजी क्लीनिक न्यूरो केयर हॉस्पिटल पहुंची। जहां कई व इंजेक्शन लगाये गये। इसके बाद बच्ची की हालत बिगड़ती गई फिर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नगर परिषद के भलही गांव निवासी अनिल राम की सात वर्षीय पुत्री अंजलि कुमारी हल्की बुखार से पीड़ित थी। जिसे परिजन बी मोड़ स्थित गोदरमा रोड न्यूरो केयर हॉस्पिटल पहुंचे। जहां झोलाछाप चिकित्सक के द्वारा ऐडमिट कर इलाज शुरू किया गया। चिकित्सक के द्वारा लगातार कई इंजेक्शन व दवाईयां खिलाई गई। इसके बाद बच्ची का स्वास्थ्य और बिगड़ने लगा। परिजन कुछ समझ पाते और आगे बेहतर इलाज के लिए ले जाते कि इसी बीच बच्ची की मौत हो गई। वहीं कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय ने बताया की मामूली बुखार से इस बच्ची की जान चली गई। अगर चिकित्सक को समझ नहीं आ रहा था तो इन्हे अच्छे हॉस्पिटल में समय रहते भेज देना चाहिए। उन्होंने कहा यह अस्पताल मिर्गी रोगी का आयुर्वेदिक उपचार करने की बात कह लोगों को बेवकुफ बना रहा है। बहरहाल अब कारण चाहे जो भी हो पर विश्रामपुर नगर परिषद में पलामू उपायुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को अविलंब इन अवैध रूप से संचालित अस्पताल की जांच कर उचित कारवाई करने की जरूरत है। ताकि इन नव निहाल देश के भविष्यों का कम खर्च में सही इलाज हो सके।

### झोला छाप डाक्टरों की चांदी

विश्रामपुर नगर परिषद मुख्यालय सहित प्रखंड के आसपास के क्षेत्र में झोला छाप चिकित्सक चांदी काट रहे हैं। इनके नाम ना तो डिग्री और ना हीं संचालित अस्पताल का रजिस्ट्रेशन हीं है। अवैध रुप से दर्जनों निजी अस्पताल फल फूल रहे हैं। इतना हीं नहीं इन अस्पतालों में कोई अनुभवी चिकित्सक भी नहीं हैं। बाहर से फर्जी चिकित्सक व सर्जन बुलाकर भोले भाले गरीबों की जान ली जा रही है। निजी अस्पताल में महिला बांध्याकरण सहित कई जटिल बीमारीयों का ऑपरेशन का काम किया जा रहा है। इन अस्पतालों में कार्य कर रहे चिकित्सक व कंपाउंडर ने कभी मेडिकल की पढाई नहीं की, और न हीं इनके नाम किसी प्रकार का प्रमाण पत्र हीं है। विश्रामपुर के सभी अस्पताल संचालन अस्पताल के सामने चिकित्सक का नाम व कई बीमारीयों के स्पेशलिस्ट होने की बड़ी-बड़ी बोर्डें लगाये हुए हैं। इतना हीं नहीं कई असाध्य बीमारीयों की ऑपरेशन करने से भी परहेज नहीं करते। कई बार अपने को स्पैशलिस्ट कहने वाले ये चिकित्सक कई लोगों को मौत की नींद भी सुला चुके हैं। मौत के बाद हल्ला हंगामा होता है। फिर मोटी राशि परिजनों को बिचौलिए के माध्यम से दे दी जाती है। लेकिन इनके अनुभव व अवैध रूप से अस्पताल संचालन पर कोई प्रश्न खड़ा नहीं करता। और न हीं इस पर प्रशासन की निगाहें हीं होती है। स्थानीय लोगों की ओर से कई बार शिकायतें की जाती रही है। लेकिन जांच के नाम पर महज एक औपचारिकता पूरी कर सब कुछ सामान्य हो जाता है।

# किसानों को मिलेंगे हर सरकारी सुविधाओं के लाभ : प्रमुख

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** प्रखंड सभागार में प्रखंड कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष पद के चयन को लेकर एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विद्या देवी व संचालन एटीएम अनील कुमार मेहता ने की। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों में गठित किसान अभिरुचि समूह के नेता, सह नेता व प्रगतिशील महिला किसान सम्मिलित हुए। जहां जिला परिषद प्रतिनिधि राजबली मेहरा ने प्रमुख विद्या देवी के नाम का समर्थन किया। इसके बाद सर्वसम्मति से लोगों ने प्रखंड प्रमुख विद्या देवी को कृषक सलाहकार समिति का अध्यक्ष पद मनोनीत किया गया। मौके पर मनोनीत कृषक सलाहकार समिति का अध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख विद्या देवी ने कहा कि नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र कृषि के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ रहा है। लक्ष्य बनाकर नियमित लोगों के साथ बैठक कर कृषि के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई जाएगी। इसके लिए भूमि संरक्षण विभाग , आत्मा व कृषि विभाग से संपर्क कर किसानों को हर जरूरी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जो सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। कृषि कार्य को लेकर मनरेगा के द्वारा तालाब, डोभा व कुप निर्माण का कार्य किया जाता है। उसे किसानों तक पहुंचाया जाएगा, ताकि कृषि कार्य को बढ़ावा मिल सके। इसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समय-समय पर किसानों के बीच बीज भी किया जाता रहा है। जो जरूरतमंद किसानों के बीच वितरण होगा, जिससे वे लाभान्वित हो सकेंगे। नावाबाजार जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजबली मेहरा ने कहा कि किसानों को मिलने वाले सरकारी लाभ सुविधा दिलाई जाएगी। इसके लिए वे किसानों की आवाज जिला में भी आवाज को बुलंद करेंगे। डीप बोर, पोर्कवेशन, तालाब आदि किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे। जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा, उपप्रमुख मीर खुर्शीद आलम, एटीएम अनिल कुमार मेहता, पंचायत सचिव प्रभु राम, जिला पार्षद प्रतिनिधि राजबली महारा, प्रमुख प्रतिनिधि पटेल दुबे, कपिल देव ठाकुर, गोबिंद सिंह,अजय राम समेत कई लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रैली निकाल कर स्वच्छता का दिया संदेश




**हरिहरगंज।** नगर पंचायत हरिहरगंज की ओर से बुधवार को स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत हरिहरगंज डाक बंगला परिसर से सतगांवा, अंसारी विगहा होते हुए हरिहरगंज प्रखंड परिसर तक जागरूकता रैली निकाली गयी। सामुदायिक संगठन कर्ता विचित्रा कुमारी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के तहत हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में लगातार कई प्रकार के आयोजन किया जा रहे हैं। स्वच्छता जागरूकता रैली में संसाधन सेविका शाहदा अंजुम, रिशु कुमारी, अनिता कुमारी, लालमनी कुमारी के अलावे स्वयं सहायता समूह के महिलाएं शामिल थीं।


## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

### –: आम सूचना :–

सूचित करना हैं कि नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पशु मालिक द्वारा पशुओं जैसे गाय, बैल, भैस आदि को शहर में खुले में छोड़ देने के कारण सड़क दुर्धटना जैसी खबरें आम जनता द्वारा कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार में प्राप्त हो रही है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि पशु मालिक अपने–अपने मवेशियों को अपने घर में हीं बांध कर सुरिक्षत रखे। अन्यथा ऐसा नहीं करने पर होने वाले सड़क दुर्धटना से हुई क्षतिपूर्ति की भरपाई पशु मालिक से कराई जायेगी एवं उनके मवेशी को पकड़ कर कांजी हॉउस में भेज दिया जायेगा। साथ ही नगरपालिका नियमावाली के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत विधिवत कारवाई की जायेगी।

इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR.NO.307779 Urban Development(23-24):D



## Civil Courts, Garhwa
## Interview Schedule

**Recruitment of Class- IV th Employees, 2023**

Adv. No. 01/2023, District-Garhwa

Post - Daftari

| Date | Roll No. |
|---|---|
| 30.09.2023 | 30001 to 30079 |

Post - Peon

| Date | Roll No. |
|---|---|
| 01.10.2023 | 10001 to 10300 |
| 03.10.2023 | 10301 to 10780 |
| 04.10.2023 | 10781 to 11260 |
| 05.10.2023 | 11261 to 11740 |
| 06.10.2023 | 11741 to 12220 |
| 07.10.2023 | 12221 to 12700 |
| 08.10.2023 | 12701 to 13500 |
| 09.10.2023 | 13501 to 13980 |
| 10.10.2023 | 13981 to 14460 |
| 11.10.2023 | 14461 to 14940 |
| 12.10.2023 | 14941 to 15420 |
| 13.10.2023 | 15421 to 15900 |
| 14.10.2023 | 15901 to 16300 |
| 15.10.2023 | 16301 to 16700 |
| 16.10.2023 | 16701 to 17180 |
| 17.10.2023 | 17181 to 17660 |
| 18.10.2023 | 17661 to 17948 |

Post - Driver

| Date | Roll No. |
|---|---|
| 14.10.2023 | 20001 to 20150 |
| 15.10.2023 | 20151 to 20293 |

**आवश्यक सूचना**

- सभी अभ्यर्थीयों को सूचित किया जाता है कि वे साक्षात्कार हेतू निर्धारित तिथि को अपने प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति व परिचय पत्र के साथ व्यवहार न्यायालय, गढ़वा में सुबह सात बजे (07:00 पूर्वाह्न) उपस्थित होंगे।
- प्रवेश–पत्र अप्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतू निर्धारित तिथि को सुबह 07:00 बजे प्रभारी न्यायाधीश, व्यवहार न्यायालय, गढ़वा के कार्यालय में एक फोटोग्राफ के साथ सम्पर्क कर द्वितीय प्रति प्राप्त कर सकते हैं।
- विज्ञापन संख्या 01/2023 से संबंधित सूचनाएं Civil Court, Garhwa के Website (districts.ecourts.gov.in/garhwa) पर उपलब्ध है, जहां से सभी अभ्यर्थी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

आदेशानुसार
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
व्यवहार न्यायालय, गढ़वा

PR 307809 Law(23-24)#D



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## जिला गव्य विकास कार्यालय, गढ़वा

Email – dddogarhwa@gmail.com Contact No- 9934529928

### –:इच्छा की अभिव्यक्ति:–

वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान(इग्नू शिक्षार्थी सेवा केन्द्र 32023), धुर्वा, राँची के माध्यम से IGNOU द्वारा संचालित DDT एवं APDF प्रशिक्षण हेतु इस जिला के अभ्यर्थियों/पशुपालकों से दिनांक– 04.10.2023 तक अपना पूर्ण ब्यौरा सहित आमंत्रित किया जाता है, जिसका विवरणी निम्नवत है

| क्र0 सं0 | प्रशिक्षण कार्यक्रम | वांछित योग्यता | प्रशिक्षण लक्ष्य | अवधि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डिप्लोमा इन डेयरी टेक्नोलॉजी (DDT) | 10+2 उत्तीर्ण | 02 | 01 वर्ष | Course fee का 50% IGNOU को देय राशि |
| 2 | अवेयरनेश प्रोग्राम इन डेयरी फार्मिंग (APDF) | प्रगतिशील डेयरी कृषक | 02 | 02 माह | |

प्रशिक्षण का कार्यक्रम प्राप्त होते ही इसका सूचना यथाशीघ्र चयनित आवेदक को दी जायेगी।

नोंट– अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दिवस के उपरोक्त वर्णित तिथि में जिला गव्य विकास कार्यालय, सोनपुरवा, गढ़वा से मोबाईल सं0– 9835586928 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

PR.NO.307818 Animal Husbandry(23-24):D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, गढ़वा।



## कार्यालय :–नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रान्तर्गत वैसे रेस्टोरेंट मालिक, मकान मालिक, विवाह मंडप, हॉल, होटल, लॉज, दुकानदार, आर0ओ0 प्लांट व्यवसायिक संगठन इत्यादि से अपील है कि बकाया होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस का भुगतान 15 दिनों के अंदर जनसुविधा केन्द्र (नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर) में जमा करना सुनिश्चित करेंगे अथवा suda.jharkhand.gov.in के माध्यम से Online जमा कर सकते हैं। कर जमा नहीं करने पर झारखण्ड नगर पालिका सम्पतिकर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) नियमावली 2013 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

झारखण्ड नगर पालिका सम्पतिकर (निर्धारण, संग्रहणऔर वसूली) नियमावली 2013 अधिसूचना संख्या 641, दिनांक 17.02.2014 सहपठित अधिसूचना संख्या 4353 एवं संशोधित नियमावली 2015 एवं 2016 के नियम 13 द्वारा नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्रान्तर्गत सभी नागरिकों को अपने धृतिकर (Property tax) का स्व–निर्धारण फार्म कार्यालय में जमा करना आवश्यक है। जिसके पश्चात् ही होल्डिंग संख्या कार्यालय द्वारा निर्गत किया जाता है। Holding Number/Paper नहीं पाये जाने पर झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत उचित कार्रवाई करने के साथ Penalty लगाने का भी प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि Holding No. के अभाव में आम सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जा सकता है।

1. टीमलीडर,SSPL, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर, का मो0 9708503446
2. टैक्स कलेक्टर,SSPL, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर, का मो0 8210998930

प्रशासक,
नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 307789 Urban Development(23-24)#D



## झारखंड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला

### ई- निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 06/2023-24/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक :– 27.09.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| आइडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लम्बाई कि0मी0 | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| RWD/ GUMLA/STPKG/ 03/2023-24 | कामडारा | 1 | जामडीह से पान्डुलोया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 3.000 | 1251.395 | बारह करोड एकावन लाख उन्चालीस हजार पाँच सौ रू0 मात्र। | 09 माह |
| | कामडारा | 2 | बकसपुर चाँदटोली से बिकुमा, बिकमा वाया मोरहाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 4.100 | | | |
| | कामडारा | 3 | SH टुरूंडु–अमटोली पार्ट–ए तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 3.200 | | | |
| | कामडारा | 4 | SH स्कूल लोएँगा मोड़–अकरा भाया गारा पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 1.500 | | | |
| | बसिया | 5 | राँची सिमडेगा कलिंग चौक से सारूदा भाया कलिंग बस्ती तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 2.850 | | | |
| | बसिया | 6 | राँची सिमडेगा पथ कोनबीर से सिदमा श्रीबीरा भाया साईटोली एवं तेतर टोली नावाटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 3.400 | | | |
| | | | कुल= | 22.050 | 1116.034 | | |
| RWD/ GUMLA/STPKG/ 04/2023-24 | चैनपुर | 1 | आर0ई0ओ0 रोड़ नवगाँए मोड़ से जनावल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 4.500 | 1078.524 | दस करोड अठहत्तर लाख बावन हजार चार सौ रू0 मात्र। | 09 माह |
| | चैनपुर | 2 | कुकंरूंजा मोड़ से उपर डुमरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 2.200 | | | |
| | चैनपुर | 3 | बी0पी0डी0पी0 रोड़ से तिलवारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 3.300 | | | |
| | चैनपुर | 4 | सरगाँव से हराकरचा भाया चँदगा उपरटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 2.450 | | | |
| | चैनपुर | 5 | नवगाएँ से डीपाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। | 2.500 | | | |
| | | | कुल= | 14.950 | 1078.524 | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 04.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 18.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉंची (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची एवं (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 19.10.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, रॉंची को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड़ पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (19.10.2023 अपराह्न 3.00 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 20.10.2023 अपराह्न 3.00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य, विभाग कार्य प्रमण्डल, गुमला, झारखण्ड, पिन– 835207
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8292435100.
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला के पक्ष में एवं गुमला में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 307883 Rural Work Department (23-24)_D

## गागर में सागर

### टेन प्लस टू उच्च विद्यालय में सेवा पखवाड़े के तहत पौधरोपण

**नावा बाजार।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित टेन प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में सेवा -पखवाड़ा के तहत भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संयोजक सह पलामू प्रमंडल के प्रभारी रविंद्र उपाध्याय, वीफन मेहता ,महेंद्र चंद्रवंशी, जमीनदाता जमालुद्दीन खान प्रधानाध्यापक स्वामी प्रसाद, पूर्व उप मुखिया मीर आशिक खान ने संयुक्त रूप से शपथ के साथ पौधों का पौधरोपण किया। विद्यालय परिसर में प्रदेश संयोजक रविंद्र उपाध्याय को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। मौके पर प्रदेश संयोजक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूरे देश में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छ भारत अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर जितेंद्र कुमार तिवारी ,ओमप्रकाश मेहता, मनोज चौबे, किशोर कुमार मुन्ना ,इम्तियाज अहमद ,शिक्षिका उमा कुमारी ,शहनाज खातून सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### रोजगार मेला का आयोजन

**नावा बाजार।** दीनदयाल उपाध्याय कौशल योजना मेगा स्किल सेन्टर नावा बाजार परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कौशल विकास केंद्र सेन्टर मेनेजर अनिल कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बेस्ट कापोरेशन एवं जुबली टेक्स के प्रतिनिधि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त किये 85 युवतियों को विभिन्न कंपनीओं में रोजगार के लिए चयनित किया गया। जुबली टेक्स कम्पनी में 47 युवतियों को रोजगार से जोड़ कर नियुक्ति पत्र दिया गया। वहीं बेस्ट कोरपोरेशन ने 38 युवतियों का चयन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 182 युवतियां शामिल हुई । मौके पर संजीव कुमार गुप्ता अमर कुमार, संजू कुमारी , प्रियंका कुमारी, कविता कुमारी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार द्वारा खिलाड़ियों के प्रतिभा निखारने व प्रोत्साहित करने को लेकर झारखंड सरकार की 'खेलो झारखंड' महत्वाकांक्षी योजना है। उसके तहत प्लामू के विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चो को झामुमो क्रीड़ा मंच के पलामू जिला अध्यक्ष सुमित बर्मन के नेतृत्व में राज्य स्तरीय खेलने के लिए 26 सितंबर को हरी झंडी दिखा प्रतिभागियों को रवाना किया गया। मौके पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये कहा कि एक दौर था जब बेटियां साइकिल चलाती थीं तो लोग देख कर उपहास उड़ाते थे। मौके पर क्रीड़ा मंच के उपाध्यक्ष तनवीर आलम, मनीष मिश्रा सचिव दीपक तिवारी, बी.एम पांडे, अनिल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शुद्ध पेयजलापूर्ति करने में निगम विफल: शत्रुघ्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने बुधवार को पटेल नगर स्थित आवास पर प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम प्रशासन द्वारा निगम क्षेत्र में जनता को शुद्ध पेयजलापूर्ति करने में बुरी तरह विफल रहा है। श्री शत्रु ने कहा कि नगर निगम की अकर्मण्यता की वजह से गरीबों के समक्ष शुद्ध पेयजल संकट की समस्या व्याप्त है। डेंगू, मलेरिया जैसी मच्छर जनित



बीमारियों के मरीजों की पहचान के बावजूद भी फोगिंग व सफाई मशीनों की टीमों की प्रतिनियुक्ति में निगम प्रशासन रुचि नहीं ले रहा है। जो चिंतनीय है। अनाप-शनाप टैक्स वसूली में संलग्न मेदिनीनगर निगम प्रशासन का बुनियादी समस्याओं के समाधान में परफॉर्मेंस पूरे राज्य में सबसे घटिया नजर आता है। स्वच्छता के मानकों का उल्लंघन यहां आम बात है। बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा व शहरी आवास योजनाओं में भीषण भ्रष्टाचार के अलावा निगम द्वारा बनवाए गए पार्कों, तालाबों, कोयल रिभर फ्रंट समेत अन्य योजनाओं में भीषण लूट मची है। जिसकी उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# अनंत चतुर्दशी को हनुमत पूजन व अखंड कीर्तन की तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बाई पास रोड स्थित हाउसिंग कॉलोनी में हनुमत पूजन की तैयारी संपन्न हो गई है। गुरुवार को हनुमत पूजन के साथ श्रीमद्भगवत कथा की आधारशिला रखी जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए श्रीमद्भगवत कथा आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक सनातनी धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय ने बताया कि पिछले पांच दिनों से हनुमत पूजन के लिए आमंत्रित करने के



लिए सर्व सनातनी धर्मावलंबियों से संपर्क किया जा रहा था। इस दौरान सनातन धर्मावलंबियों ने महायज्ञ समिति से जुड़े सदस्यों का जोरदार स्वागत करते हुए उत्साहवर्धन किया। श्री पाण्डेय ने बताया कि आगामी नवंबर माह में 21 नवंबर से 28 नवंबर तक परमपूज्य देवकीनन्दन ठाकुर महाराज की भागवत कथा आयोजित की जानी है। इस दौरान श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ भी किया जाएगा, जिसके तहत गुरुवार को हनुमत पूजन आयोजित किया गया है। उन्होंने सभी सनातनी धर्मावलंबियों से सपरिवार हनुमत पूजन में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### ग्रामीण विकास विभाग की राज्य स्तरीय टीम ने पाटन का किया दौरा

# संयुक्त सचिव ने लाभुकों को शीघ्र आवास पूर्ण करने को किया प्रेरित

### सबंधित पदाधिकारियों को लाभुकों की समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना-(ग्रामीण) अंतर्गत लंबित आवासों को पूर्ण कराने हेतु विभाग के निदेशानुसार 'चलों करें आवास पूरा' अभियान सभी प्रखंडों में 15 सितम्बर से चालू है। यह 10 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण के लिए विभाग स्तर से ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव शैल प्रभा कुजूर के नेतृत्व में राज्य स्तरीय टीम पलामू के दौरे पर है। इसमें विभाग के सहायक विजय कुमार, शिव



शंकर प्रसाद एवं सहायक प्रशाखा पदाधिकारी शामिल हैं। राज्य स्तरीय टीम ने बुधवार को पाटन प्रखंड अंतर्गत हिसरा बरवाडीह एवं सेमरी पंचायत का भ्रमण किया। इस क्रम में राज्य स्तरीय टीम पंचायत भवन में लाभुकों के साथ सीधा संवाद कर आवास पूर्ण करने में आ रही समस्याओं से अवगत हुई। ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव शैलप्रभा कुजूर ने सबंधित पदाधिकारियों को लाभुकों की समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया। साथ ही लाभुकों को जल्द से जल्द आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया। राज्य स्तरीय टीम भ्रमण के क्रम में जिला समन्वयक मुफ्ती अनवर एवं प्रशिक्षण समन्वयक अभय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी पाटन, प्रखंड समन्वयक शिवम जयसवाल, पंचायत सचिव, पंचायत स्वयं सेवक आदि उपस्थित थे।

# दो दुकानदारों के बीच विवाद, मामला दर्ज




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के लाल कोठ बड़ा तालाब के पास महाकाल फास्ट फूड के दुकान को बगलगीर मोबाइल दुकान सचिन कुमार ने दुकान का काउंटर और दुकान का सारा सामान फेक दिया। जिसमें दोनों लोगों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। इस घटना के बाद महाकाल फास्ट फूड के दुकानदार रंजीत कुमार गुप्ता के द्वारा इस घटना से संबंधित मामले की जानकारी शहर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर सचिन नामक व्यक्ति को मामले से संबंधित जानकारी के लिए पकड़कर थाना ले गई। वहीं इस घटना के बारे में सचिन कुमार ने बताया कि महाकाल फास्ट फूड के दुकानदार रंजीत कुमार गुप्ता के द्वारा हमारे घर के पास गंदा पानी बहाया जा रहा था। इस वजह से हम वहां जाकर समझाने का प्रयास किये तो वह खुद से अपना काउंटर पलट दिया और मुझे फंसाने का प्रयास किया।

# आसेहार में चला स्वच्छता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्त्रोनत उच्च विद्यालय आसेहार में ग्राम पंचायत विकास कमेटी के सदस्य स्कूल के शिक्षक एवं छात्रों के साथ मिलकर स्कूल के प्रांगण में स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई किया गया। इस अभियान में स्थानीय मुखिया देवसागर राम पंचायत समिति सदस्य बालकु राम का सराहनीय योगदान रहा। कुमार सौरभ स्टोन माइंस के सौजन्य से स्कूल के खेल के मैदान के गढें को भरकर समतल किया गया। कमेटी के अध्यक्ष कौशल किशोर बच्चन ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि स्वछता हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण है । स्वच्छता से ही जीवन में स्वस्थ रहा जा सकता है । हमें अपने शरीर अपने घर के साथ-साथ आसपास के सार्वजनिक जगहों को भी साफ-सुथरा एवं सुंदर रखने की जरूरत



है। वहीं सौरभ स्टोन माइंस के संचालक समाज सेवी लड्डू कुमार ने कहा कि हमारी जहां भी जरूरत हो हमें सूचित करें । हम सेवा के लिए हमेशा उपस्थित रहेंगे। मुखिया देव सागर राम ने कहा कि हमारे गांव को साफ सुथरा और सुंदर बनाना हमारा लक्ष्य है। वहीं पंचायत समिति सदस्य ने सभी कमेटी के सदस्यों,छात्र-छात्राओं, अभिभावक एवं शिक्षकों को धन्यवाद दिया और इस तरह की कार्यक्रम में हिस्सा लेने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में कार्यकारी सचिव सुजीत कुमार कोषाध्यक्ष कैलाश विश्वकर्मा कमेटी के सदस्य सुरेंद्र भुईंया, राजदेव रवी, हरिहर प्रसाद गुप्ता, बृज किशोर राम, विक्कु कुमार , सुरेंद्र राम, मिथिलेश गिरी, सदानंद प्रजापति, रामजी प्रसाद गुप्ता, शिक्षक प्रधानाध्यापक संजय दुबे, अजीत कुमार ,संतोष प्रसाद, तेजुदिन अंसारी, दिनेश कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# पर्यूषण पर्व उत्तम आकिंचन धर्म के रूप में मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पर्यूषण पर्व उत्तम आकिंचन धर्म के रूप में मनाया गया। प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा विमल कुमार ललित कुमार डिंकू रारा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महावीर बाकलीवाल, सुभाष गंगवाल, प्रकाश पहाड़िया, टमकेश रारा, पंकज पाटनी, शांति लाल, बाकलीवाल, आशीष आदित्य, भव्य अंकुर रारा, सुमित रारा, रितेश पाटनी, विमल काशलीवाल, निलेश संघई, गर्वित रारा, तारा गंगवाल, जूली पांड्या, मैना पाटनी, राज रोशनी, प्राची पूनम रारा, चंदा बरखा गंगवाल, सोनाली, ज्योति, स्वेता, रमा, हीरा, सरिता, पिंकी कासलीवाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। उत्तम आकिंचन धर्म पर प्रकाश डालते हुए सांगानेर जयपुर से पधारे विद्वान पंडित उमेश जैन ने कहा कि जिस व्यक्ति ने अंतर बाहर के परिग्रहों



का त्याग कर दिया है वो ही परम समाधि अर्थात मोक्ष सुख पाने का हकदार है। उत्तम आकिंचन का अर्थ होता है आवश्यकता से ज्यादा वस्तु रखना परिग्रह कहलाता है। सबके बीच रहकर अत्यंत निष्प्रह निःस्वर्थ और स्वावलंबी होकर जीने की प्रक्रिया आकिंचन हैं। बहुत अधिक वस्तु रखना दुख का कारण है। रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंगलाचरण जिया काशलीवाल रूपू पाटनी नाव्या रारा सांवीने किया। पूजा के अष्ट द्रव्य की थाली सजाओ प्रतियोगिता में सोनिया पाटनी, रितु रारा, काजल काशलीवाल, रोशनी रारा, महिमा गंगवाल ने पूरे परिवार के साथ भाग लिया। संचालन रिंकू छाबड़ा एवं बबीता काला ने किया। पुरस्कार वितरण बड़ा साहेब के द्वारा किया गया।

### ऊपज परियोजना के तहत वितरित की खाद्य सामग्री

**नौडीहा बाजार।** जेएसएलपीएस के द्वारा नौडीहा बाजार में चल रहे रहे ऊपज परियोजना के अंतर्गत डगरा पंचायत के अंता कला आजीविका महिला ग्राम संगठन के नेतृत्व एवं निगरानी में 93 चयनित अति गरीब परिवार के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें अति गरीब परिवार को चावल, दाल, आटा, अंडा, सरसों तेल, हल्दी पाउडर,चना, सर्फ, चीनी,नमक और साबुन दिया गया। ऊपज परियोजना समन्वयक नीतीश कुमार और ख२'स्त्र२ के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप खल्खो ने बताया कि ऊपज परियोजना के तहत ग्राम संगठन के द्वारा चयनित कुल 1100 अति गरीब परिवार को परियोजना से जोड़ा गया। इन परिवारों के साथ मिलकर ग्राम संगठन के निगरानी में इन परिवारों का आर्थिक, सामाजिक और आर्थिक विकास किया जायेगा।₹ खाद्य सामग्री वितरण ग्राम संगठन के पदाधिकारीयों अध्यक्ष देवरानी देवी,सचिव प्रभा देवी, कोषाध्यक्ष चिंता देवी के निगरानी में किया गया। पूरे कार्यकर्म को सफल बनने में ऊपज परियोजना अंतर्गत चयनित अति गरीब बदलावकर्ता वढउट सकेंद्र कुमार साव और अरुण कुमार का कार्य सराहनीय रहा। मौके पर उपस्थित डगरा पंचायत मुखिया पति विनोद सिंह वार्ड सदस्य विमली देवी एवं सैकड़ो ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

# ई-विद्या वाहिनी पर शिक्षक व बच्चे हाजिरी बनाना करें सुनिश्चित : बीईईओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सतबरवा प्रखंड के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों की बैठक बुधवार को राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा के प्रशाल में की गई। अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरेंद्र कुमार तिवारी ने की। संचालन बीपीओ डॉ मनोज तिवारी ने किया। बीईईओ हरेंद्र ने कहा कि प्रयास कार्यक्रम का संचालन विधिवत रूप से सभी विद्यालयों में संचालित किया



जाए, ताकि बच्चों की उपस्थिति बढ़ायी जा सके । प्रयास से संबंधित सभी पंजी अपडेट होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन शिक्षक और बच्चों की उपस्थिति ई-विद्या वाहिनी पर बनाना सुनिश्चित करें व विद्यांजली में सभी विद्यालय रजिस्ट्रेशन करना सुनिश्चित करें और वीर गाथा को गूगल के माध्यम से लॉगिन कर बच्चों के द्वारा लिखे गए देश के प्रति स्लोगन, कविता, कहानी तथा चित्रांकन को अपलोड करें।

# चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो के तहत माहवारी स्वच्छता की दी गई जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो कार्यक्रम के तहत बुधवार को सर्वोदय हाई स्कूल टेन प्लस टू विद्यालय में जिले की मास्टर ट्रेनर प्रीति कुमारी के द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को माहवारी स्वच्छता के बारे में बताया। माहवारी का होना एक सामान्य और प्राकृतिक प्रक्रिया इसमें शमार्ना या इसे छुपाना नहीं चाहिए । बल्कि इस पर खुलकर बातें करनी चाहिए। ताकि लोगों में जागरूकता आ सके। जानकारी या जागरूकता के अभाव



में प्रत्येक वर्ष कितनी ही महिलाएं बच्चियों माहवारी के समय उचित प्रबंधन व्यवस्था नहीं रखने के कारण बीमारी से ग्रस्त हो जाती हैं। इसलिए उन्हें माहवारी से संबंधित गलत धारणाओं को मिटा कर यह समझना होगा कि यह छिपाने वाली बात नहीं है। यही वह प्रतिक्रिया है जो एक महिला को मां बनने की सक्षमाता प्रदान करती है।

# पूजा महासमिति के नौंवी बार अध्यक्ष बने दुर्गा जौहरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के बैठक में सर्वसम्मति से दुर्गा प्रसाद जौहरी को अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। स्थानीय थाना रोड स्थित दुर्गा मंडप में बुधवार को आयोजित बैठक में शहर की विभिन्न पूजा समितियों की आयोजित बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी ने की व संचालन संजय राज ने किया। बैठक में कहा गया कि महासमिति पलामू के सभी क्षेत्रों में आयोजित पूजोत्सव की सुविधा पर ख्याल रखेगी वहीं शहरी क्षेत्रों में पिछले वर्ष की तरह सांस्कृतिक विरासत को कायम रखने के लिए कार्य करेगी।बैठक में नवरात्रि के प्रथम दिवस को भव्य शोभायात्रा निकालने पर चर्चा की गई। श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति पलामू का गठन 2015 में किया गया था




और उसके बाद से ये लगातार अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रही है। बैठक में नवीन तिवारी, वीएम पाण्डेय, हरीशंकर सिंह,रमेश शुक्ला, मिथलेश सिंह, बृजेश शुक्ला, बबलू गुप्ता, कल्याण वर्मा जितेंद्र सोनी, अनील दूबे,कमल गुप्ता, सतीश जौरिहार, सुजीत कुमार, ओम प्रकाश, राहुल कुमार,श्याम जी चौधरी, मीना गुप्ता, रुपा सिंह, ज्योति कुमारी, किरण अग्रवाल, राज कुमार वर्मन, प्रेम शंकर गुप्ता, प्रभात सिंह, जयंत विश्वास, दीपेन्द्र गुप्ता, सतीश पाण्डेय, कुमार गौरव, विजय यादव, टुनटुन तिवारी, मंटू तिवारी, रंजीत चंद्रवंशी, विकास विश्वकर्मा, अजीत सिन्हा, रितेश कुमार, रवि रंजन, राहुल सोनी, प्रभा कुमारी, सुनील सिंह, राकेश सिंह व शैलेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से आऐ पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे ।

**प्रक्रिया** | 2 लाख 85 हजार में हुई 36 हजार 5 सौ घनफूट बालू की

# उपायुक्त के निर्देश पर अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में नीलामी संपन्न

### संवेदक को 10 दिनों के अंदर जमा करना होगा प्रतिभूति की राशि

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में बुधवार को अवैध खनन कर भंडारित किए गए जप्त बालू की नीलामी को अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। नीलामी में



एएम इंफार्टेक,ग्लोबल इंफ्राटेक व के. राज कंटक्सन भाग लिया। जिसमें एएम इंफ्राटेक के राकेश कुमार ने 36 हजार 5 सौ घनफूट बालू की बोली 2 लाख 85 लगाकर खरीदी। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि नीलामी पूरी प्रक्रिया के तहत की गयी,संवेदक को नीलामी की राशि दस दिनों के अंदर विभाग मे जमा करवाना होगा। मौके पर उपायुक्त द्वारा गठित समिति के सदस्य मौजूद थे।

## गागर में सागर

### मरांडी की संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर भाजपा ने बैठक में किया मंथन




**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में आगामी संकल्प यात्रा कार्यक्रम एवं बीएलए 2 को लेकर उत्सव गार्डन गढ़वा में गढ़वा, रंका विधानसभा क्षेत्र की बैठक हुई। इसमें केशरी ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आगामी 5 अक्टूबर को संकल्प यात्रा कार्यक्रम गढ़वा, रंका विधानसभा क्षेत्र के चेतना गढ़वा में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर मंडल स्तर पर प्रभारी भी बनाए गए हैं। कार्यक्रम में बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक बीस हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर हजारों कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हुए हैं। गढ़वा के पूर्व भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ता भ्रष्ट झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित होंगे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सह गढ़वा जिला प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि संकल्प यात्रा की सफलता को लेकर तैयारी करनी है। बैठक को अलखनाथ पांडेय, गिरीनाथ सिंह, सुरज गुप्ता, रामशीष तिवारी, जवाहर पासवान आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर महामंत्री संतोष दूबे, सुरेंद्र विश्वकर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश तिवारी, विनय चौबे, भाजपा उपाध्यक्ष हरेंद्र दुबे, संजय भगत, राजीव रंजन तिवारी, मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, सोशल मीडिया प्रभारी संजीत तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, श्रवण सिंह, नशरुद्दीन अंसारी, मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, अखिलेश तिवारी, मनोज जायसवाल, शिवलाल सिंह, राजकुमार विश्वकर्मा, उदय कुशवाहा, बसंत प्रसाद, उदय प्रजापति, भाजपा वरिष्ठ नेत्री वीणा पाठक, अंजलि गुप्ता, मीरा यादव, विकास तिवारी, संजय तिवारी, अनीता तिवारी, मुरारी यादव, संतोष तिवारी, ब्रजेश उपाध्याय, राकेश केशरी, कन्हाई केशरी आदि मौजूद थे।

### आयुष्मान कार्ड बनवाने का दिया निर्देश

**केतार।** प्रखंड के मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय के सभागार कक्ष में बुधवार को मुखिया मुंगा साह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इसमें मुखिया मुंगा साह ने सभी स्वयं सेवको को अधूरे प्रधानमंत्री आवास योजना को दस अक्टूबर तक पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने लाभुकों के घर- घर जाकर आवास निर्माण शुरू कराने के लिए प्रेरित करने को कहा। मुखिया ने कहा कि वैसे लाभुक जो पहली और दूसरी किश्त की राशि लेने के पश्चात आवास में कार्य शुरू नहीं कर रहे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। वहीं मुखिया ने एएनएम सुलेखा कुमारी और स्वास्थ्य सहिया को घर घर जाकर टीबी मरीज की खोज करने और कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने को कहा। बैठक में पंचायत सचिव राजीव कुमार,रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, सीएचओं लालाशा कुमारी, एएनएम सुलेखा कुमारी, वार्ड सदस्य धर्मेंद्र सिंह, शिलवंती देवी, सरिता देवी, सरोज देवी, रिंकी देवी, मीना देवी, ऊषा देवी, विरेंद्र लाल, फुजैल अंसारी आदि मौजूद थे।

### कर्मियों से निष्ठा से कार्य करने की अपील

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के नरही पंचायत सचिवालय में बुधवार को मुखिया मनोज कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक हुई। इसमें सचिव बिरेंद्र सिंह ने बैठक के उद्देश्यों की जानकारी दी। मुखिया कर्मियों से निष्ठापूर्वक कार्य करने की अपील की। बैठक में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार, राजस्व कर्मचारी आदि के अनुपस्थित रहने पर मुखिया ने नाराजगी व्यक्त की। बैठक में उप मुखिया शारदा पासवान, पंचायत समिति सदस्य चिंतामणि देवी, प्रधानाध्यापक सुधीर चौबे, अलीम अंसारी, निर्मल कुमार, अनूप विश्वकर्मा, नीलम पांडेय, बिनोद ठाकुर, ज्ञान प्रकाश, रोजगार सेवक ज्ञान रंजन चतुवेर्दी, जेएस एल पी एस के क्लस्टर कोआर्डिनेटर निधि भारती, प्रतिभा देवी, वार्ड सदस्य रामकिशोर प्रसाद, प्रज्ञा केंद्र संचालक मिथिलेश कुमार ठाकुर, स्वास्थ्य सहिया संगीता देवी, रेणु देवी, रविकांन्ति देवी, तारा देवी, सुनीता देवी, वीणा देवी, आंगनबाड़ी सेविका बबिता देवी, सुनीता देवी, एमन कौशर, तारा देवी, मधु सहाय, स्वयंसेवक सत्येंद्र आदि उपस्थित थे।

### तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 3 ग्राम अखौरी तहले में अवस्थित सूर्य मंदिर एवं तालाब की विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसमें नगर प्रबंधक जितेश कुमार, स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिंह, वार्ड जमादार अमित कुमार, संत कुमार एवं सफाईकर्मी उपस्थित थे। इनके द्वारा श्रमदान कर तालाब को स्वच्छ किया गया।

### राजमिस्त्री सम्मान सेमिनार मीट हुआ

**विशुनपुरा।** मोंगिया स्टील व डालमिया सीमेंट ने राज मिस्त्री सम्मान सेमिनार मीट का आयोजन मां शारदा इंटरप्राइजेज के प्रतिष्ठान पर किया। इस्का शुभारंभ थाना प्रभारी बुधराम सामद ने किया। मीट में प्रखंड के सैकड़ों राजमिस्त्री ने भाग लिया। मोंगिया सेल्स इंचार्ज आकाश सिंह, डालमिया सीमेंट के इंचार्ज रमेश ने उपहारों का वितरण किया। मौके पर शारदा इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर ओम प्रकाश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, बलराम पासवान, मदन गुप्ता, संजय गुप्ता शिवबचन यादव, प्रवीण यादव, संदीप चंद्रवंशी आदि शुभारंभ रहे।

## गढ़वा के पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी के महिलाओं को लेकर दिए गए विवादित बयान ने पकड़ा तूल

# महिलाओं का चरित्र हनन करने को उतारू हैं सतेंद्र नाथ : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने होटल रोयल पद्मावती में प्रेस वार्ता आयोजित कर विगत दिनों पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी की ओर से दिए गए बयान पर आपत्ति जताते हुए जोरदार हमला बोला।



केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि विगत दिनों उनके द्वारा दिए गए महिला विरोधी बयान पर पूरे ज़िले की महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर उनसे पूछा था कि वे कौन महिलाएं हैं जो रांची के फ़्लैट में जाकर सोती है तथा किसके फ़्लैट में जाकर सोती है? महिलाओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के एक सप्ताह बाद पूर्व विधायक को सफाई देने का याद आया लेकिन अपने पक्ष में बोलने के लिए उनके पास कुछ भी नहीं था तो पुनः उन्होंने महिलाओं की तुलना राक्षसों से कर डाली। पूर्व विधायक तिवारी गढ़वा-रंका विधानसभा में मुद्दों पर राजनीति नहीं कर पा रहे हैं इसलिए वह बेतुका बयानबाजी कर सुर्खियों में रहना चाहते हैं। गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों को देखकर वह मुद्दा विहीन हो गए हैं। परिणामस्वरूप व्यक्तिगत लांछन लगाकर महिलाओं तथा अन्य लोगों का चरित्र हनन करने का प्रयास कर रहे हैं। पूर्व विधायक अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में विधायक कोटा की राशि डकार गए। उक्त राशि की एक भी योजना धरातल पर नहीं उतरी। अगर योजना धरातल पर उतरी है तो वह दिखा दें हम राजनीति से संन्यास ले लेंगे। पूर्व विधायक के कार्यकाल में जनता मूलभूत सुविधाएं सड़क, पानी, बिजली, नली, गली के लिए तरसती रही। जन प्रतिनिधि होने के बावजूद वह मुंह छुपाकर विधानसभा से दूर पड़े रहते थे। चुनाव हारने के बाद एक कुशल विपक्ष की भूमिका निभाने के बजाय वह मदारीपन पर उतारू हो गए हैं। उन्हें तो भारतीय जनता पार्टी के ही अन्य नेता अब विपक्षी नजर आने लगे हैं। वह उनका भी तिरस्कार करने में पीछे नहीं हटते। पूर्व विधायक तिवारी इतने बड़े ठग हैं कि अपने दस वर्ष के कार्यकाल में तो जनता को ठगा ही बल्कि 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपनी पार्टी को भी ठगने का काम किया था। उनकी पूरी राजनीति झूठ, अफवाह और षड्यंत्र पर टिकी हुई है।

महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा चौबे ने कहा कि पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी लगातार सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में सक्रिय महिलाओं पर घटिया टिप्पणी कर उनका चरित्र हनन करने की कोशिश कर रहे हैं। सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की सक्रियता उन्हें रास नहीं आ रही है। इसीलिए लगातार वह अमर्यादित बयानबाजी कर रहे हैं। उनके द्वारा महिलाओं पर ओछी टिप्पणी कर चरित्र प्रमाणपत्र देना यह दर्शाता है कि वह मानसिक विक्षिप्त हो चुके हैं और उन्हें मनोचिकित्सक से इलाज की आवश्यकता है। झामुमो नेता सह करूआकलां के मुखिया नारद तिवारी ने कहा कि अन्नराज डैम से निकलने वाली नहर के पक्कीकरण में पूर्व विधायक संवेदक के साथ साझेदार हैं। इस योजना में भी लूट मचाई गई है। बारिश कम होने की वजह से अन्नराज डैम का पानी संरक्षित करके रखा गया है ताकि रबी फसल के समय किसानों को इसका लाभ मिल सके। इस पर भी पूर्व विधायक अफवाह फैलाने का काम कर रहे हैं। गढ़वा प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष नीरज तिवारी ने भी महिला विरोधी बयान के लिए पूर्व विधायक की आलोचना की।

# राक्षसी प्रवृत्ति की महिलाएं भी समाज में मौजूद : सतेंद्र नाथ

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



पूर्व विधायक सतेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि सनातम धर्म में नारी का सम्मान और पूजा होती है। मैं भी सम्मान करता हूं, लेकिन समाज में नारी के वेष में राक्षसी प्रवृत्ति की महिलाएं भी हैं जो समाज की अन्य नारियों को दिग्भ्रमित करने का काम करती हैं। पूर्व विधायक अदमियाईंन शब्द को परिभाषित करते हुए मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि सिर्फ नारी ही समाज में राक्षसी प्रवृत्ति की नहीं होती हैं। कुछ ऐसे पुरुष भी हैं जो समाज में अशांति फैलाते हैं, निरीह लोगों की जान लेते हैं। ऐसे लोग राक्षस प्रवृत्ति के होते हैं। मैंने अपने दस वर्षों के विधायक कार्यकाल में महिलाओं के ऊपर ना ही किसी प्रकार की आंच आने दी और न ही किसी महिला को अशोभनीय बातें कही हैं। बावजूद कुछ लोग षडयंत्र के तहत बातों का बतंगड़ बनाकर समाज में आम-आवाम भोली-भाली महिलाओं को दिग्भ्रमित कर समाज में जहर घोलने का काम कर रही हैं। वहीं मैंने किसी का नाम नहीं लिया और ना ही कोई अमर्यादित बातें कही हैं। बावजूद कुछ महिलाएं अपनी आपा खो रही हैं। साथ ही ऐसी महिलाएं अपनी करतूत से अपनी आचरण को समाज में बयां कर रही हैं। उन्होंने बलेंद्र सिंह हत्याकांड का भी जिक्र करते हुए कहा कि बलेंद्र सिंह की पत्नी ने ही अपने पति की हत्या करवाई, जो पुलिस की छानबीन में सामने आया। ऐसी महिलाओं को क्या कहा जाएगा। वे पूज्य योग्य हैं या नारी के वेष में राक्षसी हैं। कुछ महिलाएं अपनी आजादी व मन मुताबिक जीवन बसर करने के लिए अपने पति तक की हत्या करवा दे रहीं हैं। वैसी महिलाएं दूसरे को क्या सीख देंगी। पूर्व विधायक ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर व पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह के इशारे पर मेरे खिलाफ रणनीति के तहत दिन प्रतिदिन साजिश रची जा रही है। मैं और मेरी पार्टी दोनों महिलाओं का सम्मान करते हैं। भाजपा ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है। इससे बड़ा सबूत और क्या हो सकता हैं।

पूर्व विधायक ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने संवेदक को लाभ पहुंचाने के लिए अन्नराज डैम का पानी बहवा दिया, जिससे 42 गांवों के लाखों किसानों के खेतों की सिंचाई नहीं हो सकी। किसानों के प्रति मंत्री के इस रवैये के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में एक अरब की राशि से अन्नराज डैम से निकलने वाले नहर का पक्कीकरण कराया था ताकि किसानों को पर्याप्त पानी मिल सकें। वे खेती कर अपनी आजीविका चला सकें। पूर्व विधायक ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर को लगने लगा है कि उनकी जमीन खिसक रही है तो वे गिरिनाथ सिंह को साथ मिलाकर मेरे खिलाफ साजिश रचने का काम कर रहे हैं। उन्होंने दोनों को आगामी विधान सभा चुनाव में जमानत जब्त कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि कॉलेज मामले को लेकर वे सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। पत्रकार वार्ता में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता, मीना गुप्ता, मधुलता देवी, शोभा देवी, सरोज सिंह, गीता देवी, गिरजा देवी आदि मौजूद थीं।

# शिक्षक-शिक्षकेत्तरकर्मियों ने किया मंत्री आवास का घेराव

## वित्तरहित शिक्षाकर्मियों का आंदोलन मेरा आंदोलन, सारी मांगें जायज, पूरा कराएंगे : मिथिलेश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड राज्य वित्तरहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा की गढ़वा जिला इकाई के नेतृत्व में जिले भर के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने बुधवार को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास का घेराव किया एवं वित्तरहित शिक्षा नीति समाप्त करने सहित अन्य मांगों को पूरा कराने की मांग की। मंत्री ने आंदोलित कर्मियों के टेंट में आकर उनके मांग पत्र को ग्रहण किया और कहा कि कर्मचारियों की सारी मांगें जायज और आवश्यक हैं। यह आंदोलन अब उनका आंदोलन बन गया। अपने नेतृत्व में वह इसे पूरा कराएंगे।

घेराव कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष मंडल के केंद्रीय सदस्य अरविंद कुमार सिंह ने मंत्री को अपनी मांगों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधान सभा में आश्वासन एवं स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के पत्र में कहा गया है कि वित्तरहित शिक्षा नीति समाप्त कर नियमावली बनाकर वित्तरहित कर्मचारियों की सेवा सरकारी संवर्ग में करते हुए वेतनमान दिया जाए, लेकिन सरकार अपने ही निर्णय को लागू नहीं कर रही है। अनुदान चारगुना करने की विभागीय प्रस्ताव पर मंत्री के अनुमोदन के बाद भी लागू नहीं किया जा रहा है। इसके अलावे उन्होंने वर्ष 2023-24 की अनुदान राशि को सीधे शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के खाते में भेजने, वित्तरहित संस्थानों से डीईओ राज समाप्त करने, छत्तीसगढ़ राज्य की तरह शिक्षकों के सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष करने की मांग मंत्री के समक्ष रखी। उन्होंने मंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि राज्य में 178 प्रस्वीकृत इंटर कॉलेज, 106 प्रस्वीकृत एवं 207 राज्य



सरकार से स्थापना अनुमति प्राप्त उच्च विद्यालय, 33 संस्कृत और 46 मदरसा विद्यालय हैं जहां चार लाख से ज्यादा बच्चे पढ़ते हैं और वहां 20-25 वर्षों से 10 हजार से ज्यादा शिक्षक बिना वेतन कार्यरत हैं। शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी सेवारत हैं। उनके परिवार आज बेहाल हैं। सरकार से आशा की उम्मीद लगी है। शिक्षक-कर्मचारियों की तड़प और पीड़ा की दास्तान सुनते ही मंत्री द्रवित हो गए। उन्होंने कहा कि वह इस मांग से मुख्यमंत्री को अवगत करायेंगे। शिक्षक प्रतिनिधियों को पहले मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय चौबे से मिलवाऊंगा। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को कैबिनेट में रखेंगे। साथ ही शिक्षकों के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्यमंत्री से मिलेंगे। वह शिक्षकों की इस मांग को हर हाल में पूरा कराएंगे। घेराव की अध्यक्षता मोर्चा के बीरेंद्र तिवारी ने की। कार्यक्रम में अनिल तवारी, वसंत पाठक, दिनेश कुमार, धनंजय सिंह, रत्नेश तिवारी, दिनेश सिंह, सिद्धेवर सिंह, शिवपूजन तिवारी, देवराज मिश्र, नंद किशोर पाठक, अनिल राम, विवेक कुमार सिंह, सबीर खान, अमित कुमार सिंह, राजू प्रसाद, अमरेश कुमार यादव, वरुण पांडेय, रामपवन राम, रजनीश कुमार, जमील अहमद, संतोष कुमार, आशीष शुक्ला, जहीर आलम, मुन्नी देवी, विकास प्रताप देव, हीरालाल चन्द्रवंशी, मनोज कुमार मिश्रा, राजेश कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

# झामुमो और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू : बसपा

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश सचिव शिवकुमार विश्वकर्मा ने कहा कि झामुमो और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि देश में 60 साल तक कांग्रेस ने केंद्र में राज किया, जबकि 15 वर्षों तक भाजपा सत्ता में रही। इन दोनों पार्टियों ने ही हमेशा दलित, शोषित एवं वंचित का रास्ता रोकने का काम किया। भाजपा देश के संविधान को बदल देना चाहती है। बाबा साहब के सपनों को कुचलने का प्रयास कर रही है, जबकि झारखंड प्रदेश में सत्तासीन झामुमो, कांग्रेस, राजद समर्थित सरकार भ्रष्टाचार में लीन है। गढ़वा विधानसभा में इन दोनों पार्टियों ने अराजकता का माहौल पैदा कर दिया है। आए दिन अखबारों में



झामुमो और भाजपा एक दूसरे के करतूत को उजागर कर रही है। यहां दोनों पार्टियों के नेताओं को आम जानता, शिक्षित बेरोजगार युवाओं के दुःख दर्द से कोई लेना-देना नहीं है। महंगाई चरम पर है प्रतिदिन सैकड़ों युवाओं का पलायन हो रहा है। इस पर किसी भी नेता का बयान नहीं आ रहा है। दोनों ही पटिया यहां अपनी जागीर समझकर मैच फिक्सिंग करना चाहते हैं जो बसपा के जागरूक कार्यकर्ता कभी नहीं होने देंगे। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में इन दोनों पार्टियों को बसपा सबक सिखाएगी।

# सुपोषित हों खुद को सशक्त बनाएं

**न्नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

केंद्रीय संचार ब्यूरो डाल्टनगंज के द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह, स्वच्छ भारत अभियान, मेरी माटी मेरा देश, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स गढ़वा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा जिले के उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने उपस्थित सभी महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि खुद को सुपोषित करें और अपने आप को इतना सशक्त बनाएं जिससे कि आप अपने पैरों पर खड़ा हो सकें। समेकित बाल विकास परियोजना गढ़वा के सहयोग से गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 6 महीने से ऊपर के उम्र के बच्चों का अन्नप्राशन किया गया। क्विज, रंगोली, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं की विजेता छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ये प्रतियोगिताएं मंगलवार को आयोजित की गई थी। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस की छात्राओं द्वारा पोषण रैली निकाली गई। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश में मिट्टी एकत्रित की गई। मौके पर पूर्व क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत पांडेय, सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक नीतीश नशांत, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी लक्ष्मी भारती, विद्यालय के प्राचार्य रेयाज अहमद, लेखक निर्देशक सैकत चटर्जी थे, मुनमुन चक्रवर्ती, कामरूप सिन्हा, उज्ज्वल सिन्हा, अमर कुमार भांजा, नंदिनी सिंह आदि मौजूद रहे।



# विश्व हर्ट दिवस पर रन फॉर हर्ट का आयोजन कल

**गढ़वा।** प्रभात मेडिकल सेंटर की ओर से 29 सितंबर को गढ़वा में रन फॉर हर्ट का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को हृदय रोग विशेषज्ञ डीएम कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. पंकज प्रभात ने प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि रन फॉर हर्ट की शुरुआत डीसी शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय करेंगे। चिनिया रोड स्थित नवनिर्मित समाहरणालय भवन के समीप सुबह छह बजे से रन फॉर हर्ट प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य लोग के अलावा चिकित्सक, समाजिक संस्था, खेल संघ, खिलाड़ी के लोग शामिल होंगे।

## माफिया दिन में नदियों से बालू का उठाव कर रात के अंधेरे में करते हैं तस्करी

# प्रशासन की नाक तले फल-फूल रहा है बालू का अवैध कारोबार!

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)**

बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में बालू माफियाओं द्वारा बालू के अवैध खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रशासन की नाक के नीचे यह कारोबार लंबे समय से क्षेत्र में फल-फूल रहा है, फिर भी खनन विभाग के अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने बैठे हैं। बालू माफिया चतुराई के साथ दिन में नदी से बालू का उठाव कर एक जगह डंप करते हैं और रात के अंधेरे में बालू की अवैध तस्करी विभिन्न क्षेत्रों में करते हैं। रात्रि 9 बजे से सुबह 5 बजे तक अवैध बालू का कारोबार बेखौफ होकर विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो बालू माफियाओं द्वारा धुरकी थाना क्षेत्र, सगमा प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न नदियों से रोजाना दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियों व टिपर पर बालू लोड किया जाता है, जो सगमा एवं नगर उंटारी के विभिन्न इलाकों में मोटी रकम पर बेचा जा रहा है। सगमा क्षेत्र की विभिन्न नदियों से लाकर नगर उंटारी थाना क्षेत्र के बारोडीह(गोराडीह) के समीप महुआ के पेड़ के पास रात में बालू डंप किया जा रहा हैं। सुबह में ट्रैक्टर के माध्यम से इसको महंगे दामों पर बेचा जाता है। बालू माफिया पर्यावरण के साथ खिलवाड़ कर मालामाल हो रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि बालू का अवैध कारोबार संबंधित थाना क्षेत्रों के पुलिस व प्रशासन की मिलीभगत से कराया जा रहा है। बालू का अवैध कारोबार अब पुलिस प्रशासन की कमाई का जरिया बन गया है। अवैध खनन कर बालू ले जाने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों की तस्वीरें एवं वीडियो भी लगातार ग्रामीणों द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है, परंतु खनन विभाग के अधिकारी व स्थानीय पुलिस प्रशासन कार्रवाई करने से कतराते हैं। बालू बिक्री के लिए जाते वक्त बालू माफिया अपनी गाड़ी के आगे पीछे कार एवं अन्य गाड़ियों से घूमते रहते हैं ताकि किसी भी तरह की गतिविधियों का पहले ही पता लगाया जा सके। बालू माफिया किसके संरक्षण में ट्रैक्टर एवं टीपर के माध्यम से अवैध बालू नगर उंटारी थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में मोटी रकम लेकर बेच रहे हैं। आखिर इन लोगों पर प्रशासन कारवाई क्यों नहीं कर पा रहा?



### रोकथाम को लेकर डीसी ने दिए दिशा निर्देश

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। इसमें जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को लेकर बैठक में कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा कर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### केतार में भी हो रहा अवैध बालू खनन

केतार प्रखंड के पंडा नदी से अवैध बालू का उठाव कर भवनाथपुर थाना क्षेत्र के गांवों में बेखौफ होकर बिक्री किया जा रहा है। मोटा होने के कारण पंडा नदी के बालू की मांग ज्यादा है। कारोबारियों द्वारा प्रति ट्राली 3000-3500 रुपये यह बालू बेचा जा रहा है। केतार, केतरी, खोनहर सहित विभिन्न गांवों में पंडा नदी से बालू का उठाव किया जा रह है। प्रशासन की चुप्पी उनकी संलिप्तता दर्शाती है।

क्या कहते हैं एसटीपीओ : एसटीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि अगर बालू का अवैध उत्खनन किया जा रहा है तो जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### क्या कहते हैं एसपी

एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि सभी थाना प्रभारी को सूचित कर दिया गया है किसी तरह का अवैध बालू का उठाओ ना हो। अगर इस तरह का अवैध उत्खनन किया जा रहा है तो उसे पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## धर्म-कर्म

## मनुष्य जन्म से ही तीन ऋणों मातृ-पितृ, देव व ऋषि ऋण से युक्त होता है : जीयर

# चिंता से विनाश और चिंतन से होता है विकास

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

मनुष्य को चिंता नहीं चिंतन करना चाहिए। चिंता से विनाश होता है, जबकि चिंतन से विकास होता है। चिंता ह्रास का कारण बनता है और कोई परिणाम नहीं दे पाता है। जीयर स्वामी ने सुखदेव जी की जन्मोपरांत तप के लिए वन गमन प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि संन्यासी चार प्रकार के होते हैं, कुटीचक, बहुदक, हंस और परमहंस। कुटीचक संन्यासी गृहस्थ जीवन के अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन के बाद घर में रहते हुए निर्लिप्त रहते हैं। बहुदक भी कुटीचक के समान होते हैं। हंस संन्यासी दुनिया को नश्वर मान दुनिया में रहते हैं। जैसे-कमल, पानी में रहते हुए भी जल के प्रभाव से मुक्त रहता है। परमहंस



संन्यासी दुनिया के किसी विषय वस्तु से सरोकार नहीं रखता, बल्कि स्थित प्रज्ञ की स्थिति में रहता है। उन्होंने कहा कि हर काल में समाज संचालन के नियम-कायदे विभिन्न ऋषियों एवं शासकों द्वारा निर्धारित किए जाते रहे हैं। जैसे मुगलकाल, अंग्रेजी शासन और स्वतंत्रोत्तर भारत के कानून आदि। इसी तरह ऋषियों द्वारा भी त्रेता, सत्युग, द्वापर और कलयुग में नीति निर्धारण किये गये हैं जिन्हें स्मृति कहते हैं। कलियुग में पराशर स्मृति मान्य है। पराशर स्मृति के अनुसार सभी वर्ण के लोग अपने अनुकूलता के अनुसार जीविकोपार्जन करने के लिए स्वतंत्र हैं।

स्वामी जी ने कहा कि मनुष्य जन्म के साथ ही तीन ऋणों मातृ-पितृ ऋण, देव ऋण और ऋषि ऋण से युक्त होता है। मातृ-पितृ ऋण से उऋण (ऋणमुक्त) होने के लिए माता-पिता की जीवनपर्यंत सम्यक प्रकार से सेवा और मृत्योपरांत श्राद्ध एवं पिंडदान से मुक्ति मिलती है। यज्ञ, पूजा एवं भंडारा से देव ऋण से मुक्ति मिलती है, जबकि सद्ग्रंथों के नियमित अध्ययन से ऋषि ऋण से व्यक्ति उऋण होता है। तीनों ऋणों से उऋण होनेवाला ही पुत्र कहलाने का हकदार है। उन्होंने कहा कि तीनों ऋण से मुक्ति पाने वाला परम धाम को सहज ही प्राप्त कर लेता है। स्वामी जी ने कहा कि कलियुग की आयु 4 लाख 32 हजार वर्ष, द्वापर की आयु 8 लाख 64 हजार, त्रेता की 12 लाख 96 हजार और सतयुग की आयु 17 लाख 28 हजार वर्ष है। कलियुग में अभी 6 हजार वर्ष ही बीता है। उन्होंने कहा कि संत और ईश्वर से कुछ भी छुपाना नहीं चाहिए बल्कि आर्तभाव से स्पष्ट करनी चाहिए। विभीषण ने अपने को राक्षस कुल में जन्मा दशानन का भाई बताया और प्रभु ने उन्हें सहर्ष स्वीकार किया।

## गागर में सागर

### जतरा आदिवासियों का पारंपरिक त्योहार

**चंदवा।** करम पर्व के मौके पर रक्सी, पिपराही जमीरा में बुधवार को जतरा मेला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जमीरा पंचायत मुखिया मौजूद थीं। मुखिया ने कहा कि जतरा मेला आदिवासी समाज के लिए जतरा मेला एक पारंपरिक त्योहार है, जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल होकर खुशियां मनाते हैं। मौके पर सितमोहन मुंडा, मनीलाल उरांव, रामपाल उरांव, अनुरोध कुजूर, कुंवर अजित लाल नाथ शाहदेव, ब्रह्मदेव प्रजापति, संतोष प्रजापति, बैजू मुंडा, बब्लू प्रजापति, शंकर उरांव, किशुनदेव उरांव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### हर्षोल्लास से मनाया गया प्रकृति पर्व

**महुआडांड़।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चम्पा कंवर टोली में सरना समिति महुआडांड के बैनर तले प्रकृतिक पर्व करम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अखरा में युवाओं एवं युवतियों का उत्साह देखने लायक था। कार्यक्रम में वनवासी कल्याण आश्रम के जिला अध्यक्ष अजय कुमार उरांव, सरना समिति के अध्यक्ष सह जनजाति सुरक्षा मंच के अध्यक्ष छत्रपति बड़ाईक, सच प्रमुख संजय कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक सोहराई मुंडा, आर्चाय रजिमा कुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजू उरांव, सचिव टेमन बढई उपस्थित रहे।

### बरवाडीह से कराटे खिलाड़ी रांची रवाना

**बरवाडीह।** खेलो झारखंड के तहत रांची में हो रही राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए लातेहार जिला कराटे एसोसिएशन सचिव मदन लाल के नेतृत्व में कराटे खिलाड़ी रांची के लिए बुधवार को रवाना हुए। बालक वर्ग में रंजन सिंह, रीतेश कुमार सिंह, चेतन सिंह व बालिका वर्ग में हीरामणी टोपनो उक्त प्रतियोगिता में अपने जिले के लिए खेलेंगे। यह चयन लातेहार जिला कराटे डु एसोसिएशन के अध्यक्ष सेन्सेई मदन लाल ने किया। कहा कि चयनित सभी खिलाड़ी राजकीय प्लस टु हाई स्कूल के हैं। लातेहार जिला कराटे डु एसोसिएशन के सचिव जंग बहादुर सिंह व कोषाध्यक्ष संगीता टोपनो, प्रधानाध्यापिका सुनिता टोप्पो ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

### वन विभाग के ट्रैकर गार्ड के निधन पर शोक

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहार वन क्षेत्र के पश्चिमी बरवाडीह रेंज के ट्रैकर गार्ड बभंडी निवासी राजकुमार सिंह के निधन के उपरांत वनकर्मियों आर्थिक सहयोग प्रदान किया। राजकुमार सिंह का मंगलवार रात्रि अपने आवास पर निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। छिपादोहर रेंज कार्यालय में रेंजर अजय टोप्पो के नेतृत्व मेंएक शोक सभा का आयोजन किया। बुधवार को दिवगंत वन कर्मी आवास पर पहुंचकर वन एवं पर्यावरण विभाग के सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी एवं छिपादोहर पश्चिमी वन क्षेत्र के रेंजर अजय टोप्पो ने वन विभाग की ओर से शोकाकुल परिवार 11000 की सहायता राशि दी। अन्य आर्थिक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

### वज्रपात से कई मवेशियों की हुई मौत

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार शाम को बरसात के साथ हुई वज्रपात ने कई मवेशियों की जान ले ली। प्रखंड अंतर्गत नगड़ा ग्राम में अगनु भुइयां के दो बैल एक गाय व एक बछड़ा की मौत हो गई। इस घटना के बाद से पशु पालक मायूस हो गया है। पशु पालक ने जिला प्रशासन से मृत मवेशियों के मुवावजा की मांग की है।

### दुर्गा पूजा कमेटी का किया गया विस्तार

**बारियातु।** प्रखंड के ग्राम पंचायत गोनिया संकटमोचन हनुमान मंदिर परिसर में बुधवार को दुर्गा पूजा मनाने को लेकर श्रद्धालुओं की बैठक समाज सेवी कामेश्वर भोक्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कमेटी का विस्तार किया गया, जिसमें अध्यक्ष विनय कुमार साहु, सचिव विजय साव, कोषाध्यक्ष राजु विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, संरक्षक सिताराम गंझु को चुना गया, जबकि ग्यारह लोगों को निगरानी समिति का सदस्य बनाया गया। मौके पर शंभु प्रसाद, विक्रम, पिंटु,अरूण, गणेश, भरत, प्रदीप, तुलसी, पिंटु, मोतीलाल, यमुना भोक्ता उपस्थित थे।

### मंडल व पंचायत संयोजकों की हुई बैठक

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल पदाधिकारी एवं पंचायत संयोजक की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष व संचालन महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा ने की। इसमें उपस्थित प्रभारी व पार्टी पदाधिकारी तथा संयोजक को बूथ सशक्तिकरण को लेकर जानकारी दी गयी। साथ ही बब्लू गुप्ता को मंत्री मनोनीत किया गया। बैठक में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भूमि संबंधी चार मामलों का निष्पादन

**इटखोरी।** थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर अंचल अधिकारी राम विनय शर्मा व थाना प्रभारी विनोद कुमार के मौजूदगी में कुल चार भूमि से संबंधित चार मामलों का निष्पादन किया गया। इसमें दो इटखोरी, एक धनखेरी और एक परसौनी का मामला था।

### बीएलओ के साथ बीडीओ ने की बैठक

**पत्थलगड़ा।** प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मोनी कुमारी की अध्यक्षता में बुधवार कोआगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को लेकर बीएलओ की बैठक हुई। 17 अक्टूबर से 30 नवंबर तक अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सभी ब्लू मतदाताओं के घर-घर जाकर फॉर्म 6, 7 व आईटी भरने का काम बीएलओ करेंगे। इसमें 18 वर्ष से ऊपर आयु के वोटर, दिव्यांग व वृद्ध मतदाता का नाम जोड़ा जाएगा। मतदाताओं के ब्लैक फोटो को हटाकर रंगीन फोटो जोड़ा जाएगा।

# शूटिंग प्रतियोगिता में जिप उपाध्यक्ष की पुत्री का कमाल

## रांची के खेल गांव में गोल्ड पर साधा निशाना



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

झारखंड की राजधानी रांची के खेलगांव उमराव शूटिंग रेंज में आयोजित खेलो झारखंड राज्य स्तरीय स्कूली रायफल शूटिंग प्रतियोगिता में चतरा के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत का परचम लहराया है। सीमित संसाधनों के बीच बेहतर प्रशिक्षण के बदौलत जिले की बेटी मन्नत कुमारी ने गोल्ड पर निशाना साधते हुए शूटिंग में जिले के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता है।

वहीं कार्तिकेय कुमार ने बेहतर प्रदर्शन कर आठवां स्थान प्राप्त किया है। मन्नत और कार्तिकेय जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर उर्फ बिरजू तिवारी के पुत्री व पुत्र हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर चतरा और कान्हाचट्टी प्रखंड का मान बढ़ाने पर मन्नत को जहां बधाइयां मिल रही है, वहीं कार्तिकेय को निकट भविष्य में आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में और बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामना लोग दे रहे हैं। वहीं जिप उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा है कि यह मेरे और मेरे परिवार के साथ चतरा जिले के लिए गर्व का पल है। उन्होंने कहा है कि यहां के बच्चे भी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। बेटी के स्वर्ण पदक जीतने व बेटे के बेहतर प्रदर्शन पर उन्होंने प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया है।

# सचिन दास पत्थलगड़ा के नए थाना प्रभारी बने



**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**

पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने जिले के तीन थानेदारों व एक पिकेट प्रभारी का स्थानांतरण किया है। पत्थलगड़ा थाना के नए थाना प्रभारी की जिम्मेवारी पुलिस अवर निरीक्षक सचिन दास को दी गई है। दास ने बुधवार को पत्थलगड़ा थाना के 19वें प्रभारी के के रूप में योगदान दिया। पदभार संभालने के साथ ही नए थाना प्रभारी दास ने कहा कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। क्षेत्र की जनता के साथ मधुर संबंध स्थापित करते हुए पुलिस व पब्लिक के बीच संबंध को मजबूत करना होगा।

## एक पिस्तौल, पांच कारतूस, तीन मोबाइल फोन व एक कार बरामद

# सड़क पर लूट की घटना को अंजाम देने वाले 3 गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

पुलिस ने सड़क पर लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे तीन लुटेरों को पकड़ा है। घटना जिले के बारियातु थाना क्षेत्र की है। एसडीपीओ संतोष मिश्रा ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी।

मिश्रा ने बताया कि 26 सितंबर की शाम तकरीबन पांच बजे सूचना मिली कि बारियातु थाना क्षेत्र के गोनिया पुल के पास चार-पांच की संख्या में अपराधियों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर एक टीम गठित कर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एक कार चालक पुलिस को देख कर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ा। तीनों ने पुलिस को बताया कि वे सड़क पर लूट की घटना को अंजाम देकर भाग रहे थे। तीनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में रवि कुमार नायक, गोविंद राम व राज वर्मा शामिल हैं। तीनों लोहरदगा थाना क्षेत्र के ढोडाटोली ग्राम के निवासी हैं। अपराधियों के पास से पुलिस ने एक पिस्तौल, पांच राउंड कारतूस, तीन मोबाइल फोन व एक कार बरामद किए हैं। इस संबंध में बारियातु थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, पुअनि बिंदेश्वर महतो व रवि कुमार, सअनि धर्मेश प्रसाद लिंबू, आरक्षी सुशील कुमार तिवारी, शंकर तियू व चंद्र प्रकाश पाठक शामिल थे।

### पुलिस ने चोर को लोहा चोरी करते रंगेहाथ पकड़ा

**टंडवा (चतरा)।** बुधवार को टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत शहीद चौक निवासी अनिल साव के घर के बाहर रखे लोहे की चोरी करते एक चोर को रंगे हाथों पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मिश्रोल निवासी राकेश भुईयां नामक उक्त चोर द्वारा लोहे को चोरी की जा रही थी। मामले की सूचना मिलते हीं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुवे युवक को अपने हिरासत में ले लिया। पुलिस के गिरफ्त में आये चोर ने अपनी गलती स्वीकार करते हुवे बताया कि चोरी का लोहा वह कबाड़ी में बेंचा करता है। साथ हीं आरोपी के निशानदेही पर चुराये गये अन्य सामानों की बरामदगी होने की भी चर्चा है। पूछे जाने पर घटना की पुष्टि करते हुवे इंस्पेक्टर श्री सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों की मानें तो पुलिस चोरी की अन्य घटनाओं में गिरफ्तार आरोपी की भूमिका पर गहनता से छानबीन कर रही है।

# सड़क पर विशालकाय बरगद का पेड़ गिरने से यातायात हुआ बाधित

## लोध वॉटरफॉल घूमने आए पर्यटक समेत ग्रामीण रहे परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड क्षेत्र के महुआडांड़ लोध जलप्रपात मुख्य सड़क मार्ग पर हामी आंगनबाड़ी केंद्र के सामने विशालकाय बरगद का पेड़ गिर जाने से बुधवार को लगभग पांच घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा। इस दौरान यात्री बसें, सवारी गाड़ियां समेत छोटे बड़े वाहनों में लोध वॉटरफॉल घूमने आए हुए पर्यटक विशेष रूप से परेशान रहे। वहीं कई पर्यटक बिना लोध वॉटरफॉल घूमे ही वापस लौट गए। यात्री बसों को भी वापस लौटना पड़ा। सड़क पर दो पहिया वाहनों को भी पार करना मुश्किल हो जाने से प्रखंड मुख्यालय तक आने में दर्जनों गांव के लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। ग्रामीणों के द्वारा इस बात की सूचना अधिकारियों को दी गई। इसके बाद प्रभारी वनपाल गुरुदयाल सिंह द्वारा जेसीबी मंगा कर पेड़ को सड़क से किनारे हटाया गया।

### गिद्धौर में वज्रपात से दो बकरी की मौत

**गिद्धौर।** प्रखंड के मसूरिया गांव में तेज बारिश के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आने से दो बकरी की मौत हो गई। निरमा देवी पति स्व. रामप्रवेश यादव की दो बकरी घर के समीप पेड़ के नीचे बंधी हुई थी, तभी अचानक तेज बारिश के साथ हुई वज्रपात की चपेट में आकर दोनों बकरी की मौत हो गई। पशुपालक ने प्रशासन को आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है।

## बरवाडीह : वृद्ध की नदी के तेज बहाव में बहकर मौत

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड क्षेत्र की मोरवाई पंचायत से सैदूप ग्राम की पुरानी बस्ती निवासी दुखराज सिंह की मंगलवार की देरशाम नदी के बहाव में बहकर मौत हो गई। दुखराज सिंह (60) चुमा बस्ती में करम पर्व को लेकर आयोजित झूमर कार्यक्रम को देखकर अपने घर देरशाम 7 बजे लौट रहा था। रास्ते में चुड़रा नदी में को पार करते वक्त बहाव में बह कर लापता हो गया। पूरी रात परिवार के लोगों और गांव के ग्रामीणों ने ढूंढने का प्रयास किया। सुबह 8:00 बजे दुखराज का शव तीन किलोमीटर दूर ढेगुरदाहा के पास बरामद किया गया। बीडीओ ने कहा कि मृतक के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा।

# जश्ने ईद मिलाद-उन-नबी को लेकर आमदे जलसा आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

डिपाटोली में इमाम बाड़ा के समीप मंगलवार को बाद नमाज इशा जश्ने ईद मिलाद-उन-नबी को लेकर अजीमुश्शान जश्ने आमदे मुस्तफा जलसे का प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह जलसा इशा नमाज के बाद फौरन शुरू कर दिया गया। मंच का संचालन बाहर से नकीबे अहले सुन्नत गुलजार अंबर झारखंडवी ने किया।

मौके पर शायरे इस्लाम जनाब शफात मंजर लोहरदगवी, शकलैन हैदर पलामूवी, शयदा पलामूवी रांची, कारी नुरूल होदा, मोहम्मद एजाज अहमद के द्वारा बहुत ही खूबसूरत अंदाज में हुजूर की शान में नात पढ़ी गई। वहीं हुजूर की सिरत व शुरत पर जनाब मोहम्मद इनआमूल कादरी, रब्बानी अलीमी, जामा मस्जिद के मोहतमिम मुफ्ती मोहम्मद शब्बिर सहर कादरी, मस्जिदें गौसिया से कारी मुन्नवर सईद के द्वारा बयान किया गया। मौके पर रौनकें स्टेज, मुफ्ती मोहम्मद शब्बर जया कादरी, कारी गुलाम अहमद रजा हाफिज नदीम अख़्तर, एजाज अहमद कादरी गुलाम सरवर फैजी कारी शमशीर रजा, हाफिज खुर्शीद अंजुमन कमेटी के सदस्य, इंतजामिया कमेटी के सदस्य समेत अन्य ओलमआए एकराम आदि मौजूद थे।

## लातेहार में कुपोषण मिटाने का लिया संकल्प

**लातेहार।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर चंदवा में प्रखंड स्तरीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन पिरामल फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार ने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए पोषणयुक्त आहार बहुत ही जरूरी है। खास कर गर्भवती महिलायें एवं शिशुओं को पोषण आहार की अधिक जरूरत होती है।

उन्होंने आंगनबाड़ी केद्रों में बच्चों को पोषणयुक्त आहार देने की बात कही। मौके पर महिला बाल विकास पर्यवेक्षिका के अलावा मीरू झा, रूबी रानी, ज्योति बाला, पूजा विनायक एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत पिरामल फाउंडेशन से सत्यम द्विवेदी आदि उपस्थित थे। इसके अलावा प्रखंड सह अंचल कार्यालय, मनिका के सभागार में भी पोषण माह का आयोजन किया गया. मौके पर के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अर्चना, महिला पर्यवेक्षक नीतू कुमारी, कांति देवी व पिरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो अजय निषाद समेंत कई आंगनबाड़ी सेविकायें शामिल थीं।

# चंदवा में रेलवे पुल पार कर रहे दो की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

## नदी में तेज बहाव से बचने के चक्कर में दोनों युवकों ने गंवाई जान



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत चेटर पंचायत के सोस गांव के पास बरकाकाना-बरवाडीह रेल खंड पर ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। मृत युवकों की पहचान लातेहार के तुबेद गांव निवासी बिजेंदर उरांव और लातेहार के कैमा बानूदाग गांव निवासी प्रेमचंद टानाभगत के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार दोनों युवक सोस गांव में अपनी चचेरी बहन के घर करम पर्व मनाने आये थे। मंगलवार को देर रात दोनों युवक अपने बहनोई संतोष उरांव को बाइक पर बिठा कर गांव में ही अपनी बहन के नए घर जा रहे थे। संतोष उंराव ने बताया कि नदी में तेज बहाव होने के कारण तीनों लोग रेलवे पुल के ऊपर से जा रहे थे। इतने में पुल पार करने के दौरान अचानक तेज रफ्तार से ट्रेन आ गई, जिसकी चपेट में आने से बाइक पर सवार दोनों युवक नदी में जा गिरे। घटना में संतोष उरांव बाल-बाल बच गया। बाद में संतोष उरांव ने ग्रामीणों को घटना की सूचना दी। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने घटनास्थल पर खोजबीन की तो एक युवक का शव पुल के नीचे पड़ा मिला, लेकिन दूसरे युवक का कुछ आता-पता नहीं चल पाया। बुधवार की सुबह दूसरे युवक का शव घटनास्थल से लगभग दो किलोमीटर दूर नदी से बरामद हुआ। घटना की सूचना मिलने के बाद लातेहार के नेवाड़ी पंचायत के मुखिया अमरेश उरांव मृत युवकों के परिजनों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की सूचना मिलने के बाद बुधवार को पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन करते हुए मृत युवकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस पदाधिकारियों ने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं, घटनास्थल पर काफी देर के बाद पुलिस के आने के कारण लोगों में नाराजगी भी देखी गई। टोरी आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने कहा कि दोनों युवकों की मौत कैसे हुई है यह बता पाना मुश्किल है। एक युवक का शव पुल के नीचे नदी में मिला है जबकि दूसरे युवक का शव रेल पटरी से लगभग तीन किलो दूर से बरामद किया गया है।

## फैसला | कंपनी की मनमानी व तानाशाही से तंग आकर लिया निर्णय

# हाईवा ओनर एसो. ने किया चक्का जाम



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

डीवीसी द्वारा संचालित तुबेद कोल परियोजना में ट्रांसपोर्टिंग का कार्य कर रही कंपनी के खिलाफ लातेहार हाईवा ओनर एसोसिएशन ने अनिश्चितकाल चक्का जाम कर दिया है। इस संबंध में संगठन ने बतलाया कि तुबेद कोल परियोजना में ट्रांसपोर्टिंग का कार्य कर रही कंपनी की मनमानी एवं तानाशाही रवैये से तंग आकर एसोसिएशन ने यह निर्णय लिया है। 27 सितंबर से अनिश्चितकालीन चक्का जाम का आह्वान किया गया है।

बता दें कि एसोसिएशन ने डीवीसी द्वारा संचालित तूवेद परियोजना के महाप्रबंधक एवं लातेहार जिला पुलिस- प्रशासन सहित मुख्यमंत्री और कोयला मंत्री को भी अपनी मांगों को लेकर अवगत कराया था, लेकिन किसी के द्वारा इसको लेकर कोई पहल नहीं की गई। एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में बाहरी वाहनों को परिवहन कार्य से मुक्त करते हुए स्थानीय वाहनों को प्राथमिकता देने, उचित भाड़ा तय करने एवं हर वर्ष 20 प्रतिशत महंगाई को देखते हुए भाड़ा में बढ़ोतरी करने, भाड़ा समय से भुगतान करने, तुबेद कोलवरी से कुशमाही साइडिंग तक पड़ने वाली आबादी क्षेत्र में पानी छिड़काव एवं स्पीड ब्रेकर का निर्माण शामिल हैं। इसके साथ ही संगठन ने स्थानीय वाहन मालिकों से इस हड़ताल में सहयोग करने का आग्रह किया है।

# करम मिलन समारोह में शामिल हुए मंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज**

राज्य के श्रम मंत्री सत्यानन्द भोगता बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर हंटरगंज पहुंचे। इस दौरान मंत्री श्री भोगता अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के दंतार स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर में आयोजित करमा मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान मंत्री भोगता का आयोजकों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके उपरांत मंत्री ने विद्यालय परिसर में ही विधायक मद से बने चबूतरे का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया।

ततपश्चात मंत्री ने उपस्थित लोगों को लोक संस्कृति के त्योहार करमा पूजा की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि करमा पूजा लोक संस्कृति का अनुपम उदाहरण है। करमा पर्व झारखंड, बिहार, उत्तरप्रदेश व छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। कोई भी त्योहार को हमसब को मिलजुलकर बिना भेदभाव के मनाना चाहिए। इससे आपसी प्यार और सद्भाव बढ़ता है। कार्यक्रम के दौरान राजद जिलाध्यक्ष, कांग्रेस जिलाध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य शांति देवी, राजद प्रदेश सचिव, मंत्री प्रतिनिधि, मुखिया पोषण भारती, पूर्व मुखिया कामेश्वर साहू, सविता पांडेय, कमल गुप्ता, इरफान अंसारी, मुमताज अंसारी समेत कई गणमान्य लोग शामिल थे।

## बगैर हेलमेट के पकड़े गए 45 बाइक चालक

**इटखोरी(चतरा)।** चतरा-चौपारण मुख्य मार्ग स्थित इटखोरी थाना गेट के समीप बुधवार को बाइक चेकिंग अभियान एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर चलाया गया। अभियान थाना प्रभारी विनोद कुमार के नेतृत्व में एसआई गौतम कुमार दास ने अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मोटरसाइकिल चलाया। इसमें बिना हेलमेट के 45 बाइक चालक पकड़े गए। ज्ञात हो कि विगत दो तीन दिनों में जिले भर में मोटरसाइकिल दुर्घटना में कई लोगों की मृत्यु हो गयी है। इस को ध्यान में रखते हुए मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान चलाया गया। ताकि मोटरसाइकिल दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

गागर में सागर

## मंत्री को समस्याओं से अवगत कराया



**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के कार्यकताओं ने प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार के अनुसूचित जन जाति और पिछड़ा वर्ग मामले के मंत्री चम्पई सोरेन के रांची स्थित आवास में मिलकर प्रखंड क्षेत्र में जनता का मूलभूत सुविधाओं जैसे पानी, बिजली, सड़क और राशन सहित अन्य समस्याओं से भी मंत्री को अवगत कराया गया। वही मंत्री चम्पई सोरेन द्वारा आश्वासन देते हुए कहा गया कि जनता का समस्या का समाधान के लिये हर सम्भव मदद करेंगे, जिससे जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मंत्री से मिलने वालों में प्रखंड 20 अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष राजकिशोर राम के अलावे रोहित उरांव, केश्वर उरांव, विकास साहु, सचिन उरांव आदि उपस्थित थे।

## त्योहार को लेकर निकाला फ्लैग मार्च

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु, कल्हेपाट, अरु और सेन्हा सहित विभिन्न जगहों पर ईद-उल मिलादुन्नबी का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर बुधवार को सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार के नेतृत्व में ड्रोन कैमरा के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च सेन्हा थाना परिसर से मुख्य पथ होते हुए साहू मुहल्ला, मुस्लिम मुहल्ला, जंगल मुहल्ला लकड़ी डीपू तक गया। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि आपसी भाईचारा के साथ ईद-उल मिलादुन्नबी का त्योहार मनायें और त्योहार में शरारती तत्वों द्वारा आपसी सौहार्द खराब करने की कोशिश किया जाता है तो वैसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बताया कि सीसीटीवी और डरोन कैमरा से जुलूस पर निगरानी रखी जाएगी। मौके पर एस आई पंकज यादव, एएसआई रामचंद्र मांझी, राजेश राम लोहरा, विरेंद्र बाखला के अलावे सेन्हा थाना के अन्य पुलिस बल शामिल थे।

## झापसा शिष्टमंडल शिक्षा सचिव से मिला

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ का एक शिष्टमंडल महासचिव प्रेम प्रसाद राणा के अगुवाई में शिक्षा सचिव के रवि कुमार से मुलाकात की। वित्त विभाग द्वारा जारी संकल्प को एकरूपता के रूप में सभी जिले में शीघ्र लागू हो इसके लिए सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र जारी करने का अनुरोध किया गया। शिक्षा सचिव ने विषय की गंभीरता को देखते हुए वित्त विभाग के संकल्प सं. 157और शिक्षा विभाग के संकल्प संख्या 281 पर अपने अधीनस्थ पदाधिकारी को इस पर संज्ञान लेकर अविलंब कार्रवाई करने का आदेश दिया। बताया गया कि दिसंबर 2004 के पूर्व जारी विज्ञापन के तहत अंशदाई पेंशन योजना से आच्छादित सभी शिक्षकों को हु ब हू पुरानी पेंशन बहाल करने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा 11 सितंबर को कैबिनेट द्वारा प्रस्ताव पारित कर लिया गया था। तत्संबंधी वित्त विभाग का संकल्प भी जारी कर दिया है, किंतु निदेशालय के निर्देश के इंतजार में जिलों में लागू नहीं किया जा रहा था जबकि वित्त विभाग से पत्र निकले हुए लगभग एक महीना बीत चुका है। अक्टूबर माह के अंदर अप्लाई करने का समय सीमा तय है। शिष्ट मंडल में सचिव मुमताज अहमद , प्रदेश प्रवक्ता दयानंद झा, रांची जिला अध्यक्ष बाल कृष्णा महतो एवं प्रदीप साहू शामिल थे।

## बच्चों को कौशल विकास का प्रशिक्षण



**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में भैया बहनों को कौशल विकास की शिक्षा दी गई। मौके पर सुनीता कुमारी एवं आचार्य गणेश साहू द्वारा बच्चों को कागज से लिफाफा निर्माण एवं ठोंगा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्य में आचार्य महेंद्र कुमार मिश्रा, आचार्य रवि रंजन एवं मीनाक्षी दिव्या द्वारा बच्चों को कौशल विकास का कार्य संपादन करने में मदद किया गया। मौके पर प्राची सोनी, आस्था पांडे ऋषि मेहता , रिमझिम कुमारी, पायल कुमारी, लक्ष्य कुमार, रोहित कुमार, राहुल कुमार एवं अन्य बच्चों के द्वारा स्वावलंबन की भावना जागृत करने के लिए दक्षता पूर्वक कौशल विकास का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे द्वारा सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहनों को कौशल विकास के लिए प्रेरणा प्रदान किया गया।

## हेल्थ-वेलनेस सेंटर में लगा स्वास्थ्य मेला

**कुडू।** प्रखंड के कोलसिमरी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बुधवार को आयुष्मान भारत हेल्थ स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले मे आए मरीजों का सेंटर पर सीएचओ मोहम्मद तौसीफ ने सुगर, बीपी, हेमोग्लोबीन एवं अन्य आवश्यक जांच की और परामर्श भी दिया। सीएचओ मो तौसीफ ने बताया कि इस तरह के मेले के आयोजन से ग्रामवासियों को लाभ मिलता है। आज लगाए गए स्वास्थ्य मेले को लेकर लोगों मे खासा उत्साह दिखा। अपेक्षित संख्या में मरीज स्वास्थ्य मेले मे पहुंचे और स्वास्थ्य लाभ लिए। मौके पर एएनएम किरण तिर्की, एमपीडब्ल्यू शादाब कुरैशी, सहिया साथी सिलवंती सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री, सांसद धीरज साहू, मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया उद्घाटन

# 'निशानेबाजों के लिए वरदान साबित होगा शूटिंग रेंज'

**यह पेशेवर निशानेबाजों के लिए जमीनी स्तर का प्रशिक्षण प्रदान करेगा : एक्ट्रेस भाग्यश्री**

**सुविधाओं के दृष्टिकोण से लोहरदगा का शूटिंग रेंज सबसे आधुनिक**

**एयर कंडीशनर से युक्त और इलेक्ट्रॉनिक टारगेट वाला है शूटिंग रेंज सेंटर**

**झारखंड का सबसे आधुनिक और सुविधाओं से युक्त राइफल शूटिंग रेंज है : धीरज साहू**





**राहुल कौशल। लोहरदगा**

लोहरदगा बीएस कॉलेज स्टेडियम में बने न केवल झारखंड बल्कि देश के आधुनिकतम राइफल शूटिंग सेंटर का शुभारंभ बुधवार को राज्यसभा सांसद धीरज साहू, फिल्म अभिनेत्री मुंबई की भाग्यश्री, वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री बन्ना गुप्ता, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह समेत अन्य अतिथियों ने गर्मजोशी से किया। इस समारोह में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, प्ले बैक सिंगर अमित गुप्ता, दिल्ली बहादुरी पुरस्कार से सम्मानित आयशा फलक, नेशनल राइफल एसोसिएशन विश्व कप संयोजक समिति सदस्य अमर सिंहा, खेलो इंडिया शूटिंग के नेशनल हेड धीरज सिंह, झारखंड राइफल एसोसिएशन के दिवाकर सिंह समेत कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद थीं। कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ व मोमेंटो देकर किया गया। अभिनेत्री भाग्यश्री को राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उन्हें मुख्य मंच तक ले गए। शूटिंग रेंज कमरा का फीता काटकर उदघाटन किया गया। मौके पर सांसद धीरज साहू के साथ अभिनेत्री भाग्यश्री ने रायफल शूटिंग की प्रैक्टिस भी की। अभिनेत्री भाग्यश्री ने बताया कि उनके पति हिमालय दसानी के साथ धीरज साहू की मित्रता है। उनके निमंत्रण पर मैं आज यहां आई हूं। कहा कि लोहरदगा का यह शूटिंग रेंज निशानेबाजों के लिए वरदान साबित होगा। साथ ही भविष्य के ओलंपियन तैयार करने में मील का पत्थर साबित होगा। यह पेशेवर निशानेबाजों के लिए जमीनी स्तर का प्रशिक्षण प्रदान करेगा और उभरते और महत्वाकांक्षी निशानेबाजों के लिए भी कोचिंग प्रदान करेगा। यह शूटिंग रेंज लोहरदगा के कई निशानेबाजों के लिए वरदान साबित होने वाला है।

लोहरदगा जिला शूटिंग क्लब के अध्यक्ष सह रास सांसद धीरज साहू ने कहा कि आधारभूत संरचना के मामले में लोहरदगा राइफल शूटिंग देश के चुनिंदा सेंटरों में जाना जायेगा। भारतीय राइफल एसोसिएशन और झारखंड राइफल एसोसिएशन इस सेंटर के अलावा दुनिया भर के राइफल एसोसिएशन और क्लब के लोग लोहरदगा से जुड़ जायेंगे। लोहरदगा सेंटर में भी ट्रेनिंग दिया जायेगा। राइफल शूटिंग लिए करीब पौने दो करोड़ करोड रुपये की लागत से पूरे परिसर का निर्माण कराया गया है। क्लब के पास दुनिया के सबसे अधिक आधुनिक एयर पिस्टल और राइफल पांच-पांच की संख्या में उपलब्ध है। लोहरदगा का शूटिंग रेंज झारखंड में पहला ऐसा क्लब होगा, जो पुरी तरह से एयर कंडीशनर से युक्त और इलेक्ट्रोनिक टारगेट वाला है। हालांकि राज्य के देवघर और धनबाद में भी शूटिंग रेंज है, पर सुविधाओं के दृष्टिकोण से लोहरदगा सबसे आधुनिक है। शूटिंग रेंज में पैविलियन व्यवस्था की गई है। इसमें डेढ़ सौ लोग बैठकर शूटिंग दे सकते हैं। लोहरदगा के शूटिंग सेंटर में कार्बन सीओटू गैस फिलिंग की सुविधा है। इसके लिए कंप्रेसर बड़ा और छोटा सिलेंडर स्थापित किया गया है। जिससे फायर होगा। यह सुविधा झारखंड के किसी सेंटर में नहीं है। लोहरदगा राइफल क्लब में खुद के दर्जन भर राइफल और पिस्टल है। यह भी एक बड़ी उपलब्धि है। 10 गुणा 35 मीटर के हाल में 20 एसी भवन में लगे हैं। साथ में परिसर में उत्कृष्ट फर्नीचर लगाये गये हैं। सांसद धीरज प्रसाद साहू ने बताया कि शूटिंग सेंटर में उपयोग आने वाले उपकरण और सामग्री करीब 75 लाख रुपये की लागत से मंगवायी गयी है।

भारतीय राइफल एसोसिएशन के रवि कुमार सिन्हा ने बताया कि लोहरदगा में बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध हैं। यहां प्रतियोगिता भी कराया जा सकता है। 10 मीटर के टारगेट वाला इस शूटिंग सेंटर के आरंभ होने के बाद रांची समेत क्षेत्र के निशानेबाजों को एक बड़ा मंच मिलेगा। यही नहीं दोनों एसोसिएशन से मान्यता मिलने और प्रतियोगिता को लिस्टिंग करने के बाद यहां से जारी प्रमाण पत्र देशभर में मान्य होगा। भारत के कई जाने-माने निशानेबाज ने भी लोहरदगा रायफल शूटिंग क्लब - सेंटर में कोचिंग देने के लिए अपनी सहमति दे दी है। मौके पर एसपी हारिश बिन जमां, डीडीसी जय ज्योति सामंता, सीएस डॉ राजमोहन खलखो, डीएफओ अरविंद कुमार, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो, उदय शंकर प्रसाद साहू, रोहित प्रियदर्शी उरांव, दुर्गेश साहू, रोहित साहू, अशोक यादव, कैलाश साहू, चंद्रशेखर अग्रवाल, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, सदस्य संदीप कुमार गुप्ता, उदय गुप्ता, संजय बर्मन, हाजी जबारुल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सूखैर भगत, निशीथ जायसवाल, बंटू जायसवाल, धीरज सिंह, उत्तम चंद, शशि गुप्ता, प्राचार्य एसकेपी गुप्ता, समेत अन्य मौजूद थे।

### पुलिस लाइन में एसपी हारिश बिन जमां ने मॉकड्रिल का किया आयोजन

# शहर में शांति व्यवस्था बनाये रखने को पुलिस ने किया पैदल मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



शहरी क्षेत्र के बक्शीडीपा स्थित पुलिस लाइन में बुधवार की सुबह पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के नेतृत्व में किसी भी स्थिति से निपटने के लिए मॉकड्रिल के साथ एंटी रायट ड्रिल का अभ्यास किया गया। जिसमें आधुनिक दंगा नियंत्रण उपकरण, टियर गैस, रबर बुलेट से अभ्यास किया गया। साथ ही अराजक तत्वों की पहचान और नियंत्रण हेतु प्रशिक्षित किया गया। एसपी ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी व आगामी दुर्गा पूजा को लेकर शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंगा नियंत्रण मॉकड्रिल का अभ्यास किया गया। अत्याधुनिक उपकरणों का प्रयोग भी अभ्यास में किया गया। भीड़ के उत्प्रेरित होने पर फायर ब्रिगेड द्वारा पानी की बौछार कर उन्हें वहां से हटाया गया। फिर चेतावनी के बाद भी भीड़ नियंत्रण में न होने पर आंसू गैस के गोले का प्रयोग करने और भीड़ नियंत्रण करने का अभ्यास किया गया। इसके अलावा रबर बुलेट का इस्तेमाल, एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था के साथ मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया।मॉक ड्रिल के लिए सिविल ड्रेस में कुछ जवानों को हुड़दंगईयों के रूप में प्रस्तुत किया गया। एक तरफ से नारेबाजी करते हुए हुड़दंगी हुड़दंग करते हुए आ रहे थे, दूसरी और तैनात पुलिस के जवान आशु गैस के गोले तथा वाटर कैनन वैन के द्वारा पानियों का बौछार कर और हुड़दंगईयों पर काबू पाया। हुड़दंग में घायल जवानों व हुड़दंगईयों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाने का पूर्वाभ्यास किया गया।

इसके अलावा क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में पैदल मार्च भी निकाला गया। मौके पर मीडिया कर्मियों को पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने बताया कि जिला पुलिस के जवान को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंगा निरोधक टीम बनाकर विपरीत स्थिति से निपटने के लिए अभ्यास कराया गया है। इसमें पुलिस बल की सभी टुकड़ियों को स्पेशल मॉक ड्रिल करवाई गई जिनको उपद्रवी भीड़ व असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए विभिन्न प्रकार की फॉर्मेशन की जानकारी दी गई।

# 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत अभियान का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**



केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला द्वारा पालकोट प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में वशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित सभी शिक्षकों-शिक्षिकाओं, छात्राओं एवं अतिथिगणों ने स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम स्थल पर सभी ने प्लास्टिक कूड़े और गंदगी को उठाया। इसके बाद आसपास के इलाकों में स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान, मुखिया जोसेफिन टेटे, वार्डन सह शिक्षिका पूनम कुमारी, सरोजिनी टोप्पो आदि भी मौजूद रहे। वहीं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रायडीह, गुमला में छात्राओं के बीच 'राष्ट्रीय पोषण माह', 'स्वच्छता ही सेवा' विषयों पर रंगोली एवं चित्रांकन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। मौके पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान, वार्डन सह शिक्षिका सुनामी कुमारी, शिक्षिका संध्या कश्यप, रोज कांता एक्का, राधिका कुमारी आदि उपस्थित थे। प्रतिभागियों में से दस विजेताओं को चुना जाएगा और सभी विजेता प्रतिभागियों को 28 सितंबर को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, रायडीह के प्रांगण में होने वाले मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। साथ ही इस कार्यक्रम में रैली, सेमिनार, रंगारंग कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जाएगा।

## अयोध्या से आ रहे रथ का स्वागत के साथ होगा नगर भ्रमण

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक मुंद्रिका बैंक्वेट हॉल में जिला अध्यक्ष राजीव रंजन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला संरक्षक, पदाधिकारी, महिला पदाधिकारी एवं नगर कमिटी के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में मुख्य रूप से अयोध्या से आ रहे रथ का भव्य स्वागत,दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था एवं पूरे जिले के सभी मंदिरों में महाआरती को लेकर खास चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला एवं नगर के पदाधिकारी ने अपनी अपनी बात रखी, जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया की जय श्रीराम समिति के तत्वाधान में 4 अक्टूबर को अयोध्या से आ रहे रथ का भव्य स्वागत करते हुए नगर भ्रमण किया जाएगा एवं दुर्गा पूजा में विशेष विधि व्यवस्था तथा महाआरती को लेकर विशेष रणनीति बनाई गई। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता जिला अध्यक्ष राजीव रंजन महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, संगीता कुमारी पूर्णिमा वर्मा, ओम महतो, दयाशंकर सिंह, विक्की कसेरा, गुड्डू उर्फ रमेश राय,सुनील अग्रवाल, अनिल उरांव, अनुज महतो, विनोद प्रसाद, बिक्की महतो नगर अध्यक्ष दीपक साहू, कौशिक मेहता, ज्योति भगत, अभिषेक साहू, सुशील पटनायक, विष्णु कुमार साहू, राहुल कुमार, निखिल कुमार, आकाश मेहता, आशीष रजक, संजय कुमार आदि मौजूद थे।

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान की हुई समीक्षा, मिला निर्देश

**सभी शराब दुकानों में सीसीटीवी अधिष्ठापित कराने का निर्देश**

**विद्यालयों के सौ मीटर की परिधि में तंबाकू दुकान हटाने का निर्देश**



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

अनुमंडल पदाधिकारी -सह- नोडल पदाधिकारी, एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान अभियान संबंधी बैठक अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें कार्यपालक दंडाधिकारियों को प्राप्त अधिकारों के बारे चर्चा की गई। ज्वॉइंट एक्शन प्लान पर चर्चा हुई। भारत स्काउट एवं गाइड के द्वारा उच्च विद्यालयों में बच्चों से संपर्क कर उन्हें नशे के विरुद्ध जागरूक किये जाने के लिए अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, इस संबंध में एक जागरूकता रैली भी भारत स्काउट एवं गाईड द्वारा निकाली जाएगी। सभी विद्यालयो में प्रहरी क्लब गठित करने का निर्णय लिया गया जिसमें विद्यालय के 20-25 छात्र-छात्राएं, दो शिक्षक और अभिभावक जनों को शामिल किया जाएगाा। साथ ही, इस प्रहरी क्लब द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान पर छात्र-छात्राओं के साथ चर्चा किये जाने का निर्देश दिया गया। प्रहरी क्लब की बैठक माह में दो बार होगी। इसकी कार्ययोजना जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेजे जाने का निर्देश दिया गया। पिरामल फाउंडेशन को भी इसमें सहयोग किये जाने का निर्णय लिया गया। जिले की सभी मेडिकल दुकानों में सीसीटीवी अधिष्ठापित कराये जाने के निर्देश के अनुपालन कराने का निर्देश ड्रग इंस्पेक्टर को दिया गया। सभी शराब दुकानों में सीसीटीवी अधिष्ठापित कराने का निर्देश उत्पाद अधीक्षक को दिया गया। किसी विद्यालय के आसपास शराब की दुकान ना हो, इसका भी अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिले में नशा करने वाले युवक-युवतियों के लिए रिहैबिलिटेशन सेंटर (पुनर्वास केंद्र) चिन्हित किये जाने का निर्देश भी दिया गया। विद्यालयों की सौ मीटर की रेडियस में तंबाकू दुकान अगर है तो उसे हटाये जाने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

बाल्मीकि नगर स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को जय श्रीराम समिति नगर अध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में मंगलवार को बारिश के बावजूद सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ व महाआरती किया गया' जिसमे सैकड़ों की संख्या में सनातनी लोग शामिल हुए। नगर महामंत्री सुशील पटनायक ने कहा यह सब भक्ति देखने को जल्दी नहीं मिलती है। बारिश के बावजूद सैकड़ो लोगों का महाआरती में जुटना ही सनातन समाज की मजबूती झलकती है। नगर कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति भगत ने कहा महाआरती से लोगों में एक नई ऊर्जा का संचार हो रही है जो समय-समय पर देखने को मिल रही है। आगे भी समिति सभी मंदिरों में महाआरती को लेकर प्रयासरत है। आने वाला मंगलवार को शास्त्री नगर ढोढा टोली स्थित हनुमान मंदिर में महा आरती एवं सामूहिक हनुमान चालीसा किया जाएगा।

पहल

### ईद मिलाद-उन-नबी को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

# एसपी ने कहा, निर्धारित रूट से ही निकालें ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस

**सोशल मीडिया पर सभी ग्रुप एडमिन का नियंत्रण रखें**

**अवैध तरीके से शराब निर्माण व बिक्री को लेकर औचक छापेमारी का निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**





पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमाँ की अध्यक्षता में बुधवार को ईद मिलाद-उन-नबी त्योहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इसमें प्रखंडों के विभिन्न गांवों में करम मेला, जितिया व्रत उपरांत लगने वाले वाले मेले को लेकर भी चर्चा की गई और निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिया गया कि ईद मिलाद-उन-नबी त्योहार पर जो भी जुलूस निकाला जाय वह निर्धारित रूट पर ही निकाला जाय। रूट कभी भी डायवर्ट कर दूसरे रूट से नहीं जाना चाहिए। तय समय के अंदर ही जुलूस समाप्त करें। सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना में डीजे संचालकों की एक बैठक बुलाकर उनसे शपथ पत्र लेंगे कि वे किसी भी जुलूस के लिए अपना डीजे उपलब्ध नहीं कराएंगे। जुलूस के दौरान झंडे की उंचाई अधिक नहीं रहे जिससे बिजली के तारों के संपर्क में आने का खतरा नहीं हो, यह समिति के लोग ध्यान रखेंगे। जो भी साउंड सिस्टम इस्तेमाल किया जाय उसमें बजाये जाने वाले कंटेंट किसी सामुदाय की भावना को ठेस पहुंचाने वाला नहीं होना चाहिए। सभी समिति अपने-अपने वॉलंटियर जुलूस की पहली पंक्ति में तैनात रखेंगे। वॉलंटियर्स के लिए आई-कार्ड भी जारी करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी और थाना प्रभारी इसकी मॉनिटरिंग अपने-अपने क्षेत्रों में करेंगे। कोई भी समस्या होने पर समिति अपने थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी व दंडाधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। जिस रूट से जुलूस को गुजरना है उस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी को एक्टिव करा दें। सोशल मीडिया पर सभी ग्रुप एडमिन का नियंत्रण रखें। फेसबुक पेज, ट्विटर हैंडल या अन्य सोशल मीडिया हैंडल से किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट न किया जाय। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने पर उसके ग्रुप एडमिन पर कार्रवाई हो सकती है। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया कि जुलूस वाले किसी भी रूट में किसी कंस्ट्रक्शन वाले भवन के रास्ते ईंटे/पत्थर एकत्रित ना किये गये हों। अगर है तो उसे हटवाना सुनिश्चित करेंगे। उत्पाद अधीक्षक को अवैध तरीके से शराब निर्माण व बिक्री को लेकर औचक छापेमारी व कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। साथ ही, इस संबंध में आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल की मदद लिये जाने का भी निर्देश उत्पाद अधीक्षक को दिया गया। नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी लोहरदगा को आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए शहर की साफ-सफाई, पेयजल एवं शहरी क्षेत्र की लाइट व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अग्निशमन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि दुर्गा पूजा पंडालों में अग्नि की घटना से बचाव के लिए सभी पूजा पंडालों के लिए एक वीडियो चलावायें और पूजा पंडालों में एक रिसोर्स पर्सन को भेजेंगे जो पंडाल में जाकर अग्नि की घटना से बचाव हेतु जानकारी दे सके। बैठक में उप विकास आयुक्त जयज्योति सामंता की ओर से सभी को ईद मिलाद-उन-नबी समेत अन्य आगामी पर्व-त्यौहारों की शुभकामना दी गई। उन्होंने कहा कि शांति समिति के सभी सदस्य बैठक में दिये गये निर्देशों का पालन करेंगे। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, सभी कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी समेत सभी प्रखंडों व शहरी क्षेत्र के जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

# काबुल देश की करेंसी सबसे बेहतर, डॉलर से भी आगे निकली

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आपसे दुनिया की सबसे मजबूत करेंसी के बारे में पूछा जाए तो सबसे पहले डॉलर का नाम आ सकता है। पौंड, यूरो या दीनार के बारे में भी आप सोच सकते हैं। आप जिस नाम के बारे में बिलकुल नहीं सोच सकते हैं, उसी ने सितंबर तिमाही में अमेरिकी डॉलर को भी मात दे दी है और डॉलर ही क्यों, यूरो से लेकर पौंड तक और रुपये से लेकर युआन तक, सितंबर तिमाही में दुनिया की सारी करेंसी उससे पीछे छूट गई हैं।



**तालिबान के पास सबसे मजबूत करेंसी :** हम जिसके बारे में बात कर रहे हैं, वो है अफगानी, अफगानिस्तान की करेंसी। उस अफगानिस्तान की करेंसी, जहां अभी तालिबान का कब्जा है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार, अफगानी सितंबर तिमाही के दौरान पूरी दुनिया में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली करेंसी बनकर उभरी है। 26 सितंबर तक के आंकड़ों के अनुसार, अभी डॉलर के मुकाबले अफगानी की वैल्यू 78.25 है। यानी एक डॉलर और 78.25 अफगानी की वैल्यू बराबर है।

**अभी इतनी है भारतीय रुपये की वैल्यू :** भारतीय करेंसी रुपये की बात करें तो सोमवार को बाजार बंद होने के बाद यह डॉलर के मुकाबले 83.27 पर रहा था। यानी एक अमेरिकी डॉलर और 83.27 भारतीय रुपये की वैल्यू एक समान है। इसका मतलब हुआ कि अफगानी की वैल्यू फिलहाल रुपये से ठीक-ठाक ज्यादा है। विनिमय दर के हिसाब से अभी एक अफगानी में 1.06 भारतीय रुपये आ जाएंगे।


**सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली करेंसी :** सितंबर तिमाही में अफगानी की वैल्यू में 9 फीसदी की तेजी आई है। यह दुनिया की किसी भी अन्य करेंसी की तुलना में ज्यादा है। ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर तिमाही में दूसरे नंबर पर कोलम्बिया की करेंसी पेसो है। सितंबर तिमाही में पेसो का भाव करीब 3 फीसदी बढ़ा है। सालाना आधार पर देखें तो पिछले एक साल की सबसे मजबूत करेंसी पेसो ही है। दूसर नंबर पर श्रीलंका की करेंसी है और इस मामले में तीसरे नंबर पर अफगानी है। अफगानिस्तान की करेंसी में आ रही मजबूती अकारण नहीं है। इसके दो मुख्य कारण हैं।

## चीनी नागरिकों पर हमले से जिनपिंग सरकार आगबबूला

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में चीन के नागरिकों और चीनी के प्रतिष्ठानों पर लगातार हो रहे जानलेवा हमलों से शी जिनपिंग सरकार बौखला गई है। चीन की सरकार ने बलूचों के इन हमलों को बहुत ही गंभीरता से लिया है। चीन के इस सख्त रुख को देखते हुए अब पाकिस्तान की सरकार ने चीनी हितों की रक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व करने का फैसला किया है। चीन के ये इंजीनियर चाइना पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर यानि सीपीईसी की परियोजनाओं को पूरा करने में जुटे हैं। चीन सीपीईसी के जरिए हिंद महासागर तक अपनी सीधी पहुंच बनाना चाहता है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन के गुस्से को देखते हुए अब पाकिस्तान की सेना चीनी इंजीनियरों और उनके व्यवसायिक हितों की रक्षा के लिए सुरक्षा व्यस्था को और ज्यादा बढ़ाकर अभूतपूर्व स्तर पर करने जा रही है।

## सिंध में रॉकेट लॉन्चर के खोल में विस्फोट से 8 लोगों की मौत



**एजेंसी। पेशावर**

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बुधवार को एक मकान में रॉकेट लॉन्चर के खोल में विस्फोट होने से एक ही परिवार के चार बच्चों सहित कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। कशमोर-कंधकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ( एसएसपी) रोहिल खोसा ने बताया कि एक मैदान पर खेलते समय बच्चों को एक रॉकेट लॉन्चर का खोल मिल गया और वे उसे अपने घर ले आए। उन्होंने बताया कि यहां उसमें विस्फोट हो गया और एक ही परिवार के चार बच्चों और दो महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई। एसएसपी ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और इस संबंध में जांच जारी है और कंधकोट के सरकारी अस्पताल में आपातकाल' घोषित कर दिया गया है। खबर के अनुसार, सिंध के मुख्यमंत्री मकबूल बकर ने प्रांतीय महानिरीक्षक से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी है कि कशमोर जिले के कंधकोट तहसील के जांगी सुबजवाई गोथ गांव तक रॉकेट लॉन्चर कैसे पहुंचा।

### सरकार जल्द ही सीनियर सिटीजन्स को देगी राहत

## हेल्थ इंश्योरेंस पर केन्द्र सरकार घटायेगी जीएसटी दर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार जल्द ही सीनियर सिटीजन्स के लिए राहत भरी खबर ले कर आ सकती है। सूत्रओं के अनुसार, सीनियर सिटीजन्स के लिए हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी को कम कर सकती है। वित्त मामलों की स्थायी समिति ने स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी घटाने की सिफारिश की है। जीएसटी की दर 18 से घटाकर 12% की जा सकती है। बीमा कंपनियां और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता जीएसटी कटौती पर जोर दे रहे हैं। 7 अक्टूबर को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की होने वाली बैठक में इस बात पर फैसला हो सकता है। अगर जीएसटी में कटौती की गई तो इससे सीनियर सिटीजन्स को काफी राहत मिलेगी। आपको बतां दे कि जीएसटी परिषद की 52वीं बैठक सात अक्टूबर, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में होगी। जानकारी के मुताबिक, इस बैठक में इंश्योरेंस पर जीएसटी को लेकर चर्चा संभव है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

mail-rdsdgumla123@gmail.com

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/11/2023-24

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| ग्रुप सं० | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डुमरी | Construction of RCC Culvert (Size-1x5Mx2M) in Village - Pandripani, Panchayat - Kondra, Block- Raidih, District- Gumla | 19,96,564.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 03 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 10.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 10.10.2023 से दिनांक 17.10.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 18.10.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, गुमला।
6 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि को यदि राज्य में सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो उक्त तिथि एवं समय अगले कार्यदिवस तक स्वतः विस्तारित समझी जायेगी।
7. निविदा खोलने का स्थान – ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
8. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –19.10.2023 अपराह्न 2:00 बजे
9. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
10. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430377526 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
11. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के पदनाम से देय हो देना होगा।
12. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।

PR 307889 Rural Development(23-24)D



## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।
### (अभियंत्रण कोषांग)

Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

ई–निविदा

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या – 12/2023–24 दिनांक 27.09.2023

| क्र0/ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समापित की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | किस्को | बगडू | पंचायत भवन बगडू का निर्माण कार्य | 9989000.00 | 10000.00 | 199800.00 | 01(एक) वर्ष |

2. वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–10.10.2023
3. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :–17.10.2023 / 04:00 बजे अपराह्न तक
4. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समयः–18.10.2023 / 01:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि व समय :–19.10.2023 / 04:00 बजे अपराह्न
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पताः–जिला परिशद कार्यालय, लोहरदगा
7. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पताः–जिला परिशद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. जिला परिषद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.पद पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR.NO.307882 Lohardaga(23-24):D



## जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा
### (समाज कल्याण शाखा)

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बाल संरक्षण सेवाएँ जिला बाल संरक्षण इकाई,लोहरदगा के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन–**PR 276417 Lohardaga (22-23)_D** को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 307892 Lohardaga (23-24)_D



## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय लोहरदगा
### (समाज कल्याण)

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष–2023–24 के लिए लोहरदगा जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में निःशक्त व्यक्तियों को विशेष यंत्र एवं उपकरण एवम् वित्तीय वर्ष–2022–23 में मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम श्रेणी उर्त्तीण होने वाली तथा बैंचमार्क चलंत दिव्यांगता के कारण चलने फिरने में असमर्थ दिव्यांग छात्राओं को बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। विशेष यंत्र उपकरणों का नाम निम्न है :–

| क्र0 | विशेष यंत्र/उपकरण का नाम | क्र0 | विशेष यंत्र/उपकरण का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | ट्राईसाईकिल (वयस्क) | 4 | श्रवण यंत्र (डिजिटल) |
| 2 | व्हील चेयर (वयस्क) | 5 | ब्लाईण्ड स्टिक |
| 3 | वैषाखी (वयस्क/मध्यम) | 6 | बैटरी ऑपरेटेड ट्राईसाईकिल |

सम्बन्धित नियम एवं शर्तें लोहरदगा जिला के बेबसाइट www.lohardaga.nic.in तथा जिला समाज कल्याण कार्यालय,लोहरदगा के सूचना पट्ठ पर भी देखा जा सकता है।

निविदादाता मुहर बन्द लिफाफे में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कार्यालय,पाण्डेय शहीद गणपत राय भवन,लोहरदगा में दिनांक 14.10.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन् तक निविदा जमा करेंगे तथा निविदा उसी दिन 03:00 बजे अपराहन् समाहरणालय सभा कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी।

ह0/–
उपायुक्त,लोहरदगा

PR 307871 Lohardaga(23-24).D



## कार्यालयः– जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू, मेदिनीनगर

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई0– संख्या–**DOPR/DE/ZP/Palamu-02/2023-24/Re-01** **P.R. No.302452**

1. कार्य का नाम :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रा0राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0 आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | Construction of 03 (Thee) Class Room of Size (30'x20'0") with 7'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS Naudiha Under Block Manatu, Distt-Palamu. | 29.988 | 60000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 02/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 7 | Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0") with 7'0" wide Verandah in KGBV Under Block-Chainpur, Dist-palamu. | 41.991 | 84000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 07/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 8 | Construction of 04 (Four) Class Room of Size (30'x20'0") with 7'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit MS Yamunna Under Block-Tarhasi, Dist-Palamu. | 41.991 | 84000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 08/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 12 | Construction of Boundary Wall in Rajkiyekrit +2 High School Lesliganj in Block Dist-Palamu | 84.849 | 170000.00 | 10000.00 | 6 माह मात्र | 12/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |
| 14 | Construction of 02 (Two) Class Room of Size (30'x20'0") with 8'0" wide Verandah in UPG Rajkiyekrit PS Uldanda Under Block-Ramgarh at Daltonganj, Palamu. | 19.994 | 40000.00 | 5000.00 | 3 माह मात्र | 14/2023-24/ DOPR/DE/ZP/Palamu |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 29.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–05.10.2023 up to 5.00 PM बजे तक
4. जिला अभियंता, जिला परिषद् कार्यालय मेदिनीनगर में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 06.10.2023 अपराहन 1.00 बजे तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–07.10.2023 अपराह्न 11.00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –9955924364
8. निविदा शुल्कः– किसी भी S.B.I. बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद् पलामू के पक्ष में मेदिनीनगर में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9. निविदादाता को UCAN Registration की छायाप्रति अपलोड करना अनिवार्य हैं।
10.प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, पलामू

PR 307792 (District)23-24*D



## कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्,गढ़वा

**परामर्शी नियुक्ति हेतु अल्पकालीन आमंत्रण सूचना संख्या–01/2023–24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि नगर परिषद परिषद गढ़वा अन्तर्गत सड़क, गार्डवाल, पुलनिर्माण, चौक–चौराहों का सौन्दर्यीकरण, पार्को का जीर्णोद्धार/निर्माण, जलापूर्ति योजना, भवन निर्माण पथ प्रकाश व्यवस्था तथा विभिन्न तलाबों एवं अन्य योजनाओं का डी0पी0आर0 तैयार कराने हेतु अनुभवी तथा ख्याति प्राप्त परामिर्शीयों की 03 वर्ष तक नियुक्ति हेतु आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक परामर्शी अपना दर, बायोडाटा आदि संलग्न कर मुहर बंद लिफाफे में दिनांक 10.10.2023 के अपराहन 03:00 बजे तक आवेदन कर सकते हैं एवं उसी दिन 05:00 बजे अपराहन में नगर परिषद गढ़वा के कार्यालय कक्ष में परामर्शीदात्रियों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य का विवरण :–

| क्र0 क्र0 | डी0डी0पी0आर0 की राशि | परामर्शी शुल्क (DPR) | परामर्शी शुल्क (PMC) |
|---|---|---|---|
| 01 | 0– 0–1 करोड़ तक | | |
| 02 | 1 1–5 करोड़ तक | | |
| 03 | 5 5–10 करोड़ तक | | |
| 04 | 10 करोड़ अधिक | | |

नियम एवं शर्ते :–
(1) परामर्शीदात्रियों को पेन कार्ड, जी0एस0टी0 निबंधन प्रमाण–पत्र, अधतन आयकर रीटर्न की अभिप्रमाणित छाया प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना होगा।
(2) परामर्शीदात्रियों कोकोटेशन के साथ 5000/–जमानत राशि के रुप में बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा के पदनाम से, गढ़वा में देय हो को समर्पित करना अनिवार्य होगा तथा बिना जमानत राशि के कोटेशन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
(3) परामर्शीदात्रियों को सरकार के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्त के अनुरुप डी0पी0आर0 तैयार करना होगा।
(4) सरकारी स्तर पर निर्गत इस तरह के कार्य का डी0पी0आर0 तैयार किए जाने संबंधी अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करने वाले परामर्शी दात्री के आवेदन पर समान दर रहने की स्थिति में कार्य आवंटन पर प्राथमिकता दी जाएगी।
(5) प्राप्त भावपत्र आवेदन का निष्पादन नगर परिशद गढ़वा में गठित क्रय समिति द्वारा किया जाएगा।
(6) परामर्शीदात्री को आवेदन के साथ उनकी संस्था के विरुद्ध किसी प्रकार का कोई कार्रवाइ या रुग्न अवस्था में नहीं हैं का शपथ–पत्र संलग्न करनी होगी।
(7) सफल परामर्शीदात्री के प्रत्येक विपत्र से 5% राशि कटौती की जाएगी Final D.P.R. ससमय संतोषप्रद रुप से सक्षम स्तर से स्वीकृतकराने के उपरांत राशि विमुक्त कर दी जाएगी।
(8) अन्य जानकारी के लिए प्रत्येक कार्य दिवस में कार्य अवधि तक नगर परिशद गढ़वा के कार्यालय से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता हैं।
(9) बिना कारण बताये परामर्शी नियुक्ति आमंत्रण को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद गढ़वा

PR 307857 Urban Development(23-24).D



## कार्यालय, विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनियर्स हॉस्टल धुर्वा, रॉंची

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 44/23–24.**

1. विभाग का नाम :–उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :–विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिकी की अंतिम तिथि :– दिनांक 10/10/2023 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 11/10/2023 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :–दिनांक 11/10/2023 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :–नगर नियंत्रण कक्ष, राँची, / विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉंची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :–विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गढ़वा स्थित पी0डी0जी0 आवास में सुरक्षा लाईट के विशेष मरम्मति का कार्य। | 5,56,182=00 | 12,000=00 | 1250=00 | 21 दिन |
| 2. | खूँटी स्थित एस0डी0पी0ओ0 आवास में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 6,50,441=00 | 14,000=00 | 1250=00 | 21 दिन |
| 3. | खूँटी स्थित पुलिस अधीक्षक के आवास में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 2,92,400=00 | 6,000=00 | 750=00 | 14 दिन |
| 4. | चाईबासा स्थित सदर प्रखण्ड के आवास सं0 3 में विद्युत अधिष्ठापन के मरम्मति का कार्य। | 1,79,661=00 | 4,000=00 | 500=00 | 14 दिन |
| 5. | व्यवहार न्यायालय चाईबासा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधिश भवन में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 4,73,900=00 | 10,000=00 | 750=00 | 21 दिन |
| 6. | हिनू, रॉंची स्थित F टाईप कार्यपालक अभियन्ता आवास (श्री रंधीर सिंह, विधायक झारखण्ड विधान सभा के आवास) के मुख्य भवन, ऑफिस, स्टाफ रूम, बैरक, सेड में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति एवं सर्विस केबल के बदलीकरण का कार्य। | 5,91,259=00 | 12,000=00 | 1250=00 | 21 दिन |
| 7. | मान्नीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, डोरण्डा, रॉंची के विभिन्न कोर्ट रूम के इन्वेंटर एवं बैटरी के बदलीकरण का कार्य। | 5,40,391=00 | 11,000=00 | 1250=00 | 21 दिन |
| 8. | कॉंके रोड रॉंची स्थित मान्नीय मुख्य न्यायाधीश, के आवास में 250 के0वी0एए ईन्वर्टर 150Ah ट्यूबलर बैटरी के साथ अधिष्ठापन, बूटी रोड रॉंची स्थित आवास सं0 1 में 150AH बैटरी के बदलीकरण एवं दिनदयाल नगर, रॉंची स्थित पी0एस0 फ्लैट सं0 3 में 5 के0वी0ए0 स्टेपलाईजर के अधिष्ठापन का कार्य। | 1,61,008=00 | 4,000=00 | 500=00 | 14 दिन |
| 9. | चतरा स्थित सी0जे0ए0 आवास के आंतरित एवं बाहरी लाईट के विशेष मरम्मति का कार्य। | 5,40,975=00 | 11,000=00 | 1250=00 | 21 दिन |
| 10. | हजारीबाग स्थित भवन निर्माण विभाग में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 8,52,170=00 | 18,000=00 | 1250=00 | 21 दिन |
| 11. | पलामू, डाल्टेनगंज स्थित डी0डी0सी0 आवास में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 8,27,252=00 | 17,000=00 | 1250=00 | 21 दिन |
| 12. | लातेहार स्थित पी0डी0जी आवास के बगीचा लाईट, भवन लाईट के विशेष मरम्मति का कार्य। | 7,86,864=00 | 16,000=00 | 1250=00 | 21 दिन |
| 13. | सेठ सीता राम स्कूल डोरण्डा के समीप स्थित आवास सं0 A4, A12, A15ए इंदिरा पैलेस हिनू की पीछे स्थित आवास सं0 B10 एवं राजेन्द्र चौक डोरण्डा रॉंची स्थित आवास सं0 B27 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 4,24,575=00 | 9,000=00 | 750=00 | 21 दिन |
| 14. | गढ़वा स्थित सी0जे0एम0 आवास में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति एवं गेट लाईट, भवन लाईट के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 2,34,031=00 | 5,000=00 | 500=00 | 14 दिन |
| 15. | जमशेदपुर स्थित जिला एवं सत्र न्यायाधिश के आवास में स्थित सुरक्षा लाईट, गेट लाईट एवं बगीचा लाईट के विशेष मरम्मति का कार्य। | 4,22,307=00 | 9,000=00 | 750=00 | 21 दिन |
| 16. | पलामू, डाल्टेनगंज स्थित सदर एस0डी0एम0 आवास स्थित एल0ई0डी0 भेपर लाईट, गेट लाईट के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 2,37,360=00 | 5,000=00 | 500=00 | 14 दिन |
| 17. | मोरहाबादी, रॉंची स्थित उपायुक्त आवास में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति एवं अतिरिक्त कार्य। | 7,90,188=00 | 16,000=00 | 1250=00 | 21 दिन |
| 18. | विद्युत कार्य प्रशाखा, राजभवन रॉंची अन्तर्गत 40 के0वी0ए0, 62.5 के0वी0ए0, 200 के0वी0ए0 एवं 400 के0वी0ए0 जनित्रा के मरम्मति का कार्य। | 4,55,562=00 | 10,000=00 | 750=00 | 21 दिन |
| 19. | पलामू स्थित प्रधान सत्र न्यायाधीश के आवास में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 2,10,413=00 | 5,000=00 | 500=00 | 14 दिन |
| 20. | हजारीबाग स्थित एन0सी0डी0 कमिशनर कार्यालय एवं डी0आई0जी0 (हजारीबाग रेंज) के कार्यालय में एल0ई0डी0 डाउन लाईट एवं वाल पंखा के अतिरिक्त कार्य। | 5,51,261=00 | 12,000=00 | 1250=00 | 21 दिन |
| 21. | मान्नीय न्यायधीश श्री संजय कुमार द्विवेदी (17/1, बसन्त बिहार, पंचवटी आर्पटमेंट मे समीप , कॉंके), मान्नीय न्यायाधीश श्री एस0एन0 पाठक ( 1703/ळध्2 बक्सर हाउस, न्यायपथ, हरमू आउसिंग कॉलोनी) एवं न्यायाधीश बंगला नं0 6 संत जेवियर स्कूल, डोरण्डा, रॉंची के आवास मे ईन्वर्टर एवं बैटरी के बदलीकरण का कार्य। | 2,52,420=00 | 6,000=00 | 750=00 | 14 दिन |
| 22. | गढ़वा स्थित ग्रामीण विकास विभाग के कार्यपालक अभियन्ता के आवास में विद्युत अधिष्ठान के विशेष मरम्मति एवं लैब में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 3,50,534=00 | 8,000=00 | 750=00 | 21 दिन |
| 23. | खूँटी स्थित ज्यूडिश्यिल ऑफिसर क्वार्टर बी0 ब्लॉक के 4 अदद् D जलचम आवास में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 6,53,774=00 | 14,000=00 | 1250=00 | 21 दिन |

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, रॉंची।

PR.NO.307875 Energy(23-24):D

# जिद का आकाश व सरकार

***आज*** के परिवेश में ध्वनि प्रदूषण बड़ी समस्या है। हालांकि झारखंड हाई कोर्ट ने सख्त निर्देश दिया है कि ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए कड़े कदम उठाये जायें। अभी कई त्योहार आने वाले हैं। दशहरा,दीपावली,छठ जैसे महत्वपूर्ण त्योहार दहलीज पर खड़े हैं। ऐसी स्थिति में राज्य से ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने की दिशा में प्रशासन और समाज दोनों को पहल करने की जरूरत है। हाईकोर्ट की नाराजगी गलत भी नहीं है। कारण सरकार और जिला प्रशासन अभी तक ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई है। यह चिन्ता की बात है। कारण रात्रि में बजने वाले कानफाडू डीजे जानलेवा साबित हो रहे हैं। शादी और त्योहारों में बजने वाले गाने की आवाज बहुतों को असहज महसूस होती है। इससे आस-पास रहने वाले लोगों के साथ परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चे व बीमार व्यक्ति प्रभावित होते हैं। नींद में खलल पड़ जाने की वजह से कई लोग बीमार हो जाते हैं। उनका पूरा दिन खराब जाता है। इस बाबत कई प्रकार की शिकायतों को प्रशासन द्वारा अनदेखी किया जाना अच्छी बात नहीं है। झारखंड के पलामू में इस प्रकार की शिकायतें मिल रही हैं। बावजूद कहीं कोई कार्रवाई का नहीं होना यह दर्शाता है कि लापरवाही काफी बड़ गयी है। यहां शिवाजी मैदान में लगने वाले मेले से काफी लोग प्रभावित हैं। कई लोग परेशान हाल में कुछ दिनों के लिए अन्यत्र चले गये हैं। ऐसे ही हालात कई जगहों पर हैं। ध्वनि प्रदूषण आने वाले दिनों में स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बड़ी समस्या बन कर आने वाली है। इसलिए इस पर नियमानुसार रोक जरूरी है। यह बात भी सही है कि ध्वनि प्रदूषण मापने के लिए सरकार के पास कोई योजना अभी तक नहीं बनी है। इस कारण यह समस्या बड़ी नजर आ रही है। ध्वनि प्रदूषण मनुष्य के जीवन के लिए काफी खतरनाक है। यह सही है कि सभ्य समाज में अपनी खुशी जाहिर करने का सबको हक है। लेकिन किसी को परेशान करना अपराध है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सामाजिक प्रयास से इस कुप्रथा को रोका जाये। बहरहाल हम सब का जीवन वर्तमान समय में कई प्रकार की परेशानियों के बीच से गुजर रही है। प्रकृति के साथ छेड़ छाड़ होने से जहां पानी की समस्या मुंहबाये खड़ी है। वहीं वातावरण में आयी गंदगी से हवा भी प्रदूषित हो गयी है। पेड़ व पौधे जहां कहीं हमारे जीवन के अंग होते थे,वह गायब हो रहे हैं। जंगलों की अंधाधूंध कटाई मानव जीवन को मुश्किल में डाल रहा है। ऐसे में हम कह सकते हैं कि इस विपदा को बुलाने में मनुष्य का कम योगदान नहीं है। किसी बात को सरकार की नाकामी बताने से पहले अपने गिरेबां में छांकने की भी जरूरत है। ऐसी स्थिति में हमारे उम्मीदों के आकाश में कई छिद्र नजर आ रहे हैं। अच्छा होगा,हम सुधर जायें,नहीं तो आने वाला दिन और परेशानियों को लेकर आने की जिद कर रहा है।

**शादी और त्योहारों में बजने वाले गाने की आवाज बहुतों को असहज महसूस होती है। इससे आस-पास रहने वाले लोगों के साथ परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चे व बीमार व्यक्ति प्रभावित होते हैं। नींद में खलल पड़ जाने की वजह से कई लोग बीमार हो जाते हैं। उनका पूरा दिन खराब जाता है।**

# 'अर्बन नक्सली' कन्हैया का कांग्रेस में बढ़ता कद





आर.के.सिन्हा

***प्रधानमंत्री*** नरेन्द्र मोदी का कहना कि कांग्रेस अपनी विचारधारा को 'अर्बन नक्सलियों' के पास गिरवी रख रही है। उनका मत सही है। जेएनयू के पूर्व अध्यक्ष 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' गैंग के नायक कन्हैया कुमार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्यसमिति में जगह देकर स्पष्ट कर दिया कि उन्हें उन तत्वों से कोई कतई परहेज नहीं हैं, जो भारतीय सेना पर कश्मीर में रेप के झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाते रहे हैं। बेशक, देश की आम राष्ट्रभक्त जनता तो कन्हैया कुमार को कभी माफ नहीं करेगी, क्योंकि उसने सेना पर मिथ्या आरोप लगाये। कन्हैया कुमार ने पिछला लोकसभा चुनाव भी अपने गृह जनपद बेगूसराय से लड़ा और वे वहां से बुरी तरह से हारे थे। वे तब भाकपा के टिकट पर उम्मीदवार थे। उनके लिए टुकड़े-टुकड़े गैंग के सैकड़ों सदस्यों ने बेगूसराय में डेरा डाला। ये सब सोशल मीडिया पर इस तरह का माहौल बना रहे थे कि मानो भारतीय सेना को बलात्कारी कहने वाला कन्हैया कुमार भाजपा के गिरिराज सिंह को हरा ही देगा। गिरिराज सिंह को बाहरी उम्मीदवार बताना इनका बड़ा मुद्दा था। बात सही भी थी। गिरिराज गंगा के दक्षिणी कछार के प्रसिद्ध गांव बड़हिया के निवासी हैं और बेगूसराय गंगा के उत्तरी छोर पर है। हालांकि, कन्हैया कुमार को कांग्रेस कार्यसमिति में जगह मिलना अप्रत्याशित है। यह कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी और शक्तिशाली समिति है या यूं कहें कि हुआ करती थी। कांग्रेस के अपने संविधान और नियम हैं, इसे लागू करने का अंतिम निर्णय कांग्रेस कार्यसमिति ही करती है। कहने वाले तो यह भी कहते हैं कि इसके पास इतनी शक्तियां होती हैं कि वो पार्टी अध्यक्ष की नियुक्ति भी कर सकती है और पद से चलता भी कर सकती है। कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद नई कांग्रेस कार्यसमिति बनती है। यहां यह याद दिलाना जरूरी हो जाता है कि लखनऊ कांग्रेस बैठक के बाद जब कांग्रेस अध्यक्ष नेहरू की तानाशाही से रुष्ट कार्यसमिति के वरिष्ठ सदस्यों देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद, बल्लभ भाई पटेल, आचार्य कृपलानी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आदि ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया था तो पार्टी में कोहराम मच गया था और स्वयं गांधी जी को हस्तक्षेप करना पड़ा था। बहरहाल, भाजपा और भाजपा के सभी नेताओं पर जहर उगलने वाले कन्हैया कुमार अपनी कटु वाणी के लिए जाने जाते हैं। अब तो वे कांग्रेस कार्यसमिति में हैं। तो क्या माना जाए कि कन्हैया कुमार की भारत की सेना को लेकर की गई टिप्पणियों पर कांग्रेस उनके साथ खड़ी है? उसने न जाने कितनी बार कहा कि भारतीय सेना कश्मीर में घृणित कर्म करती रही है। भारतीय सेना पर कश्मीर में रेप जैसा जघन्य आरोप लगाने वाले और टुकड़े-टुकड़े गैंग के समर्थन में कन्हैया कुमार के आरोप को देखने के लिए आप यू- ट्यूब का सहारा भी ले सकते हैं। उससे पूछा जाना चाहिए कि वह किस आधार पर सरहदों की निगहबानी करने वाली भारतीय सेना पर आरोप लगाता रहा है? उसके पास अपने आरोपों को साबित करने के किस तरह के पुख्ता प्रमाण हैं? भारतीय सेना पर मिथ्या आरोप लगाने वाले कन्हैया ने सेना पर आरोप तो लगा दिये, पर उसे तब सेना का अदम्य साहस दिखाई नहीं दिया, जब सेना जान पर खेलकर संकट के वक्त जनता को बचाती है। कन्हैया कुमार जब जेएनयू छात्रसंघ के अध्यक्ष थे, उस दौरान वहां पर उन्हीं के नेतृत्व में संसद हमले के गुनहगार अफजल का जन्मदिन मनाया जा रहा था। क्या यह बिना उनकी सहमति के संभव था। कन्हैया कुमार बहुत ही चतुर खिलाड़ी है। घोर महत्वकांक्षी भी है। कांग्रेस में शामिल होते ही उन्होंने 1984 में श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद दिल्ली में भड़के दिल-दहलाने वाले सिख विरोधी दंगों और हजारों सिखों के बर्बरतापूर्ण नरसंहार के लिए कांग्रेस को क्लीन चिट दे दी थी। कन्हैया कुमार कहते हैं कि 1984 के दंगे भीड़ के उन्माद के कारण ही भड़के। इस तरह से उन्होंने कांग्रेस को प्रमाणपत्र दे दिया कि कांग्रेस की 1984 के दंगों में कोई भूमिका ही नहीं थी। क्या वे तब दिल्ली में थे? उस समय उनकी कितनी उम्र थी? 1984 के दंगों के कारणों पर मानवाधिकार संगठन पीयूडीआर ने एक शोध रिपोर्ट प्रकाशित की थी। उसने दावा किया था कि सिखों का कत्लेआम कांग्रेस के नेताओं की शह पर ही हुआ। कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार 1984 के दंगों को भड़काने के आरोप साबित होने के कारण ही उम्र कैद की सजा झेल रहे हैं? जगदीश टाइटलर अलग कोर्ट की पेशियां देते फिर रहे हैं। बड़ा प्रश्न यह है कि क्या इन छुटभैये नेताओं ने बिना राजीव और सोनिया के शह पर यह नरसंहार किया। दिल्ली ने 1947 के बाद 1984 में भयानक दंगे देखे थे। देश के बंटवारे के बाद 1947 में भी दिल्ली के बहुत से इलाकों में दंगे हुए थे। हालांकि तब तक दिल्ली एक छोटा सा शहर थी। उस दंगे को रुकवाने के लिए महात्मा गांधी खुद दंगा ग्रस्त इलाकों में जाने लगे थे। ताकि दिल्ली में दंगे रुक जाएं इसलिए गांधी ने 13 जनवरी से 18 जनवरी तक उपवास रखा। वे तब 78 साल के हो चुके थे। उनके उपवास का असर यह हुआ कि दंगाई शांत हो गए। दिल्ली फिर से अपनी रफ्तार से चलने लगी। एक तरफ तो यह महात्मा गांधी की संवेदना थी। दूसरी ओर तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिक्रिया थी कि 'जब कोई बड़ा बरगद का वृक्ष जमीन पर गिरता है तो धरती तो थोड़ी बहुत हिलती ही है।' यानी तीन हजार सिखों का कत्लेआम इनके लिए 'थोड़ा बहुत' था। जब इंदिरा गांधी की उनके निजी अंगरक्षक सुरक्षा कर्मियों द्वारा हत्या की गई थी तो दिल्ली में दंगे भड़क उठे या भड़काये गये, तब कांग्रेस के लफंगों ने दिल्ली में हजारों निर्दोष सिखों को मौत के घाट उतारा था। देखा जाय तो उसे सांप्रदायिक दंगा कहना भूल होगा। पर तब उन दंगाइयों को कदम-कदम पर अटल बिहारी वाजपेयी, चंद्रशेखर, कुलदीप नैयर, लेफ्टिनेंट जनरल अरोड़ा, लेखक महीप सिंह समेत सैकड़ों छात्रों, राजनीतिक तथा मानवाधिकार कार्यकर्ताओं वगैरह से टक्कर लेनी पड़ी थी। फिर भी वह दंगा नहीं बर्बरतापूर्ण 'नरसंहार' था। अटल बिहारी वाजपेयी का उस दिन देश ने इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजधानी में भड़के सिख विरोधी दंगों के समय एक अलग ही रूप देखा था। वे तब दिल्ली प्रेस क्लब के लगभग सामने स्थित 6 रायसीना रोड के बंगले में रहते थे। राजधानी जल रही थी। यहां पर मौत का नंगा नाच खेला जा रहा था, मानवता मर रही थी। अटल बिहारी वाजपेयी ने 1 नवंबर,1984 को सुबह दसेक बजे अपने बंगले के गेट से बाहर का भयावह मंजर देखा। उनके घर के सामने स्थित टैक्सी स्टैंड पर काम करने वाले सिख ड्राइवरों पर हल्ला बोलने के लिए गुंडे-मवालियों की भीड़ एकत्र थी। वे तुरंत बंगले से अकेले ही निकलकर नंगे पांव टैक्सी स्टैंड पर पहुंच गये। उनके वहां पर पहुंचते ही हत्या करने के इरादे से आई भीड़ तितर-बितर होने लगी। भीड़ ने अटल जी को तुरंत पहचान लिया। उन्होंने भीड़ को कसकर खरी-खरी सुनाई।

**गिरिराज गंगा के दक्षिणी कछार के प्रसिद्ध गांव बड़हिया के निवासी हैं और बेगूसराय गंगा के उत्तरी छोर पर है। हालांकि, कन्हैया कुमार को कांग्रेस कार्यसमिति में जगह मिलना अप्रत्याशित है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी*

***संत*** गरीबदास जी ने बताया है कि सतलोक जो पारब्रह्म का दरबार है , उसमें ऐसी - ऐसी करोड़ों सरस्वती अपनी सुरीली आवाज में गाने गाती हैं।

**ध्रुव प्रहलाद अगाध अग है,**
**जनक बिदेही जोर है**
**चले विमान निदान बीत्या,**
**धर्मराज की बन्ध तौर हैं**

इसी तरह ध्रुव, प्रहलाद, राजा जनक जैसे कई महापुरुष काल की दुनिया में फंसे रहे। किसी को भी सतगुरु नहीं मिला इसलिए तत्वज्ञान में कहा गया है कि आत्म प्राण उद्धार ही, ऐसा धर्म नहीं और। अर्थात यदि कोई आत्मा को जन्म-मरण से मुक्त कर दे तो उससे बड़ा कोई धर्म नहीं है। यह अद्भुत कार्य केवल परम संत/सतगुरु ही कर सकते हैं। कुछ महापुरुषों पर सर्वशक्तिमान कबीर जी ने रजा की और उन्हें धर्मराज (यम) के दरबार में ले गए और उन्हें काल के लोक की स्थिति से अवगत कराया आइये देखें कौन है वो महापुरुष।

**सर्वशक्तिमान कबीर जी द्वारा स्वामी रामानंद जी को धर्मराज (यम) के दरबार का दर्शन कराना :** सर्वशक्तिमान कबीर जी 600 साल पहले काशी, वाराणसी, भारत में मानव कल्याण के लिए अवतरित हुए थे। उस समय उन्होंने वैष्णो पंथ के स्वामी रामानंद जी को अपनी शरण मे लिया था। उन्होंने गुरु शिष्य परंपरा कायम रखने के लिए स्वामी रामानन्द जी को अपना गुरु भी बनाया था। स्वामी रामानंद जी भगवान विष्णु के उपासक थे। उन्हें वेदों और गीता का अच्छा ज्ञान था और वे अपनी पूजा को श्रेष्ठ और मोक्ष प्रदान करने वाला मानते थे। भगवान कबीर जी ने एक बुनकर के रूप में लीला करते हुए स्वामी रामानन्द जी को तत्वज्ञान से अवगत कराया था।

(क्रमशः)

# वहीदा रहमान के उत्कृष्ट अभिनय का कायल है जमाना



ललित गर्ग

***एक*** परम्परागत भारतीय स्त्री को जिन मानवीय मूल्यों के साथ देखा जाता रहा है, हिन्दी फिल्मों में वहीदा रहमान स्त्री के उन्हीं मूल्यों का प्रतिनिधित्व करती रही हैं। वे एक नायाब नायिका, जिन्होंने पांच दशकों तक यादगार एवं अविस्मरणीय भूमिकाओं को निभाते हुए हिन्दी सिनेमा को न केवल उच्च शिखर दिये बल्कि मनोरंजन के अनेक दरवाजों को खोला। इस महान अदाकार को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय भारत सरकार ने ऐसे समय में लिया है, जब ऐतिहासिक नारी शक्ति वन्दन अधिनियम संसद में पारित किया गया है। वहीदा रहमान करोड़ो दर्शकों पर पीढ़ी-दर-पीढ़ी यादगार एवं संवेदनशील भूमिकाओं से विचरण करती रही है। जिनका अभिनय, प्रेम की तरह मन के एक सुरक्षित कोने में संजोया जा सकता है। वे दर्शकों के मन में इस तरह पैठ गयी है कि मन का वजन पहले से कई गुणा भारी हो उठता है। उनकी मोहक छवि, भंगिमाएं, नृत्य की बारीकियां दर्शकों को एकबारगी जड़ कर देती है। तब पर्दे पर यह विलक्षण एवं अद्भुत नायिका, प्रकृति की सबसे सुन्दर कृति के रूप में नजर आती रही है। उन्होंने अपने प्रभावशाली अभिनय से असंख्य दर्शकों का जो स्नेह-सम्मान पाया है, वह अद्भुत है, आज तक उनके अभिनय की गहनता को कोई अभिनेत्री छू नहीं सकी हैं। अपने अभिनय कौशल से किरदारों को संवेदनशील और अदम्य गरिमा प्रदान करने वाली वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित करने का निर्णय ऊंची पसन्द के दिलों को गौरवान्वित करने की घटना है। निश्चित ही यह एक सुखद संयोग है कि देश जब हरदिल अजीज अभिनेता देव आनंद की जन्मशती मना रहा है, उसी दौरान उनकी कालजयी फिल्म गाइड की नायिका वहीदा रहमान को भारतीय सिनेमा का शिखर सम्मान की घोषणा की गई। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि वहीदा रहमान और देव साहब की जोड़ी रूपहले परदे पर लंबे समय तक छाई रही। दोनों ने सात फिल्में साथ-साथ की थीं, जिनमें से पांच जबर्दस्त हिट रहीं। वहीदा रहमान की शख्सियत का सबसे आकर्षक पहलू यह है कि फिल्मी करियर की शुरूआत से लेकर अब तक उन्होंने अपनी शर्तों पर ही काम किया और इसमें उनकी परवरिश का बड़ा योगदान रहा। बचपन में जब वह भारत नाट्यम सीख रही थीं, उनके जिला मजिस्ट्रेट पिता से किसी रिश्तेदार ने शिकायती अंदाज में कहा था, मुसलमान होकर बेटी को नचाओगे? तरक्की पसंद पिता का जवाब था, कला कोई बुरी चीज नहीं होती, इंसान की सोच बुरी होती हैं। वहीदा रहमान की अदाओं का हिन्दी फिल्मों के बड़े पर्दे के दर्शक तो कायल रहे ही हैं, लेकिन तेलुगु, तमिल और बंगाली फिल्मों के दर्शकों पर भी उन्होंने राज किया है। वह 1950, 1960 और 1970 के दशकों की फिल्मों की विभिन्न शैलियों में अपने योगदान के लिए जानी जाती हैं। 3 फरवरी 1936 को जन्मी यह महान कलाकार अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणओं का समवाय रही हैं। हिंदी सिनेमा की सबसे निपुण अभिनेत्रियों में से एक मानी जाने वाली वहीदाजी को एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और तीन फिल्मफेयर पुरस्कार मिले हैं। रहमान को 1972 में भारत सरकार ने पद्मश्री और 2011 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उन्होंने 90 से अधिक फिल्मों में काम किया है। करियर के इस पड़ाव पर रहमान ने अनेक चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं के साथ प्रयोग करना शुरू कर दिया। उन्होंने फागुन (1973) में जया भादुड़ी की मां की भूमिका निभाने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। 70 के दशक की नई पारी में वहीदा रहमान की सफल फिल्मों में कभी-कभी (1976), त्रिशूल (1978), ज्वालामुखी (1980), नसीब (1981), नमकीन (1982), धरम कांटा (1982), नमक हलाल (1982) शामिल हैं। कुली (1983), मशाल (1984), चांदनी (1989) और लम्हे (1991)। कभी-कभी, नमकीन, चांदनी और लम्हे ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकन प्राप्त किया।

**वहीदा रहमान करोड़ो दर्शकों पर पीढ़ी-दर-पीढ़ी यादगार एवं संवेदनशील भूमिकाओं से विचरण करती रही है। जिनका अभिनय, प्रेम की तरह मन के एक सुरक्षित कोने में संजोया जा सकता है।**

**अभिनय**

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# अमेरिका में दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर बनकर तैयार



किशन भावनानी गोंदिया

***वैश्विक*** स्तरपर आदि अनादि काल से भारत संस्कृति, वास्तुकला व आध्यात्मिकता का गढ़ रहा है जो हजारों वर्ष पूर्व के भारतीय इतिहास में हमें देखने को मिलता है। समय का चक्र चलता रहा और पावन भारतीय भूमि ने अनेक विपत्तियों के साथ अंग्रेजों का शासन अखंड भारत का विघटन भी देखा और सामाजिक उतार-चढ़ाव के चक्र ऐसे चले कि अनेक भारतीय नागरिक पूरी दुनियां में अलग अलग देश में जाकर बसते चले गये और उनका कुनबा बढ़ने के साथ, रिश्तेदार, जानकार, जान पहचान वाले अन्य लोगों सहित नौकरी पेशे के हित में लाखों भारतीय विदेश में बसते चले गये, परंतु उनकी जड़े तो भारत से ही थी उन्होंने वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में अपनी खुशबू बिखेर दी, बौद्धिक क्षमता, नेतृत्व कला अपनी संस्कृति आध्यात्मिकता के गुणों से अनेक देशों में वहां के नागरिकों को प्रभावित कर उन देशों के सबसे प्रमुख पदों पर जाकर आसीन हुए हैं। यहां तक कि ब्रिटेन, सिंगापुर के पीएम और अमेरिका के उपराष्ट्रपति सहित अनेक देशों में अनेक प्रमुख राजनीतिक शासकीय पदों पर विराजमान हैं। यह सब तो हम जानते ही हैं परंतु दिनांक 25 सितंबर 2023 को देर शाम अमेरिका में दुनियां के दूसरे सबसे बड़े मंदिरअक्षरधाम का उद्घाटन 8 अक्टूबर 2023 को होने की जानकारी मीडिया में आने से भारत सहित पूरे विश्व में निवासी भारतवंशियों के हृदय गर्व से झूम उठे। खासकर भारत से सात समंदर पार विश्व के दूसरे सबसे बड़े मंदिर के बारे में जानने के लिए जिज्ञासा उठ पड़ी है इसके उद्घाटन में अनेक देशों, अमेरिकी शासन व राजनीति के कुछ प्रमुख चेहरे भी होंगे। मेरा एक सुझाव है कि इस गौरववित क्षण का साक्षी बनने के लिए भारत सरकार के प्रमुख और अमेरिकी सरकार के प्रमुख की उपस्थिति सुनिश्चित करने की कोशिश की जाय तो अभूतपूर्व इतिहास बन जायेगा। चूंकि अमेरिका में 8 अक्टूबर 2023 को दुनियां के दूसरे सबसे बड़े मंदिर का उद्घाटन हो रहा है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका में 185 एकड़ में फैले अक्षरधाम मंदिर से भारतीय कला, वास्तुकला संस्कृति व आध्यात्मिकता का संचार पानें का स्वर्णिम अवसर होगा। साथियों बात अगर हम इस हिंदू मंदिर के बारे में जानने की करें तो, इस मंदिर का डिजाइन भारत में ही किया गया था। यूरोप के कई हिस्सों से पत्थर निकाले गये और फिर भारत भेजा गया, जहां इसे तराशा गया। फिर इसे अमेरिका भेज दिया गया। भारत के बाहर निर्मित दुनियां के सबसे बड़े हिंदू मंदिर का उद्घाटन 8 अक्टूबर को न्यू जर्सी में होने वाला है। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लगभग 90 किमी दक्षिण में या वाशिंगटन डीसी से लगभग 289 किमी दूर उत्तर में, न्यू जर्सी के छोटे रॉबिन्सविले टाउनशिप में बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर को 12,500 से अधिक की वॉलंटियर्स द्वारा बनाया गया है। अपने जटिल डिजाइन, आध्यात्मिक महत्व और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ, स्वामीनारायण अक्षरधाम मानव समर्पण,परंपरा और कलात्मकता के प्रमाण के रूप में खड़ा है। इस ग्रैंड टेंपल का निर्माण 2015 में शुरू हुआ था। इसका उद्घाटन 8 अक्टूबर 2023 को महंत स्वामी महाराज और अन्य लोगों की ओर से किया जायेगा। मंदिर का डिजाइन प्राचीन ज्ञान का सच्चा प्रमाण है, जिसमें हिंदू धर्मग्रंथों और संस्कृति से लिए गए तत्व शामिल हैं। इसकी विस्मयकारी विशेषताओं में 10, हजार मूर्तियाँ और मूर्तियाँ, भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों और नृत्य रूपों की जटिल नक्काशी और बहुत कुछ हैं। यह वास्तुशिल्प उत्कृष्ट कृति उस समृद्ध विरासत का प्रतिबिंब है जो इसका प्रतिनिधित्व करती है। प्रभावशाली 255 फीट ७ 345 फीट ७ 191 फीट माप वाला, न्यू जर्सी अक्षरधाम मंदिर संभवतः विश्व स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा मंदिर है, जो केवल कंबोडिया के अंगकोर वाट से आगे है।

**भारत से सात समंदर पार विश्व के दूसरे सबसे बड़े मंदिर के बारे में जानने के लिए जिज्ञासा उठ पड़ी है इसके उद्घाटन में अनेक देशों, अमेरिकी शासन व राजनीति के कुछ प्रमुख चेहरे भी होंगे।**

**मंदिर**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

29 सितम्बर 2023 से श्राद्ध पक्ष की शुरूआत हो रही है, जो 16 दिनों का होगा। श्राद्ध पक्ष में जो भी व्यक्ति अपने पूर्वजों को याद करता है और पूर्वजों के नाम श्राद्ध करता है तो उसके बड़े से बड़े दुख और क्लेश दूर होने लगते हैं। पूर्णिमा के दिन से शुरू होने वाला यह पक्ष अमावस्या पर खत्म होता है। हिंदू धर्म में पितृपक्ष का बहुत महत्व है। पितृपक्ष में पूरी श्रद्धा के साथ पितरों को याद किया जाता है और उनके प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। मान्यता है कि विधि पूर्वक पितरों का श्राद्ध करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है। पितृपक्ष में पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान, श्राद्ध और तर्पण किए जाते हैं। इससे प्रसन्न होकर पूर्वज अपने वंशजों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। माना जाता है कि पितृपक्ष



में पूर्वज कौवे रूप में धरती पर आते हैं। इस साल पितृ पक्ष 29 सिंतबर को शुरू होकर 14 अक्टूबर को समाप्त होगा। इन दिनों कुछ खास काम करने की मनाही होती है। कहा जाता है कि इन कार्यों को करने से पितृ नाराज हो जाते हैं।

# कल से शुरू होगा पितृ पक्ष भूलकर भी नहीं करें ये काम

- पितृपक्ष में किसी भी तरह का मांगलिक कार्य नहीं करनी चाहिए। शादी, मुंडन, सगाई और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य पितृपक्ष में वर्जित माने जाते हैं। पितृपक्ष के दौरान शोकाकुल का माहौल होता है इसलिए इन दिनों कोई भी शुभ कार्य करना अशुभ माना जाता है।
- पितृपक्ष के दौरान न सिर्फ मांसाहारी बल्कि कुछ शाकाहारी चीजों को खाना के लिए मना किया जाता है। इन दिनों लौकी, खीरा, चना, जीरा और सरसों का साग खाने की मनाही होती है।
- माना जाता है कि पितृपक्ष के दौरान पूर्वज कौवे के रूप में धरती पर आते हैं। इसलिए उन्हें सताना नहीं चाहिए। ऐसा करने से पूर्वज नाराज हो जाते हैं बल्कि पितृपक्ष में पशु-पक्षियों की सेवा करनी चाहिए।
- पितृपक्ष में श्राद्धकर्म करने वाले व्यक्ति को पूरे 15 दिनों तक बाल और नाखून नहीं कटवाने चाहिए। साथ ही इन लोगों को ब्रह्मचर्य का पालन भी करना चाहिए।

## पितृ पक्ष में जरूर करें ये काम

जिन परिजनों की मृत्यु हो जाती है, उनकी आत्मा की शांति के लिए सच्ची श्रद्धा के साथ तर्पण किया जाता है। इसे श्राद्ध भी कहा जाता है। पितृ पक्ष के दिनों में घर की अच्छी तरह से साफ-सफाई करनी चाहिए। पितृ पक्ष में खाने का एक अंश गाय, कुत्ते और कौए के लिए जरूर निकालना चाहिए। माना जाता है कि इसके माध्यम से हमारे पूर्वज धरती पर आकर भोजन ग्रहण करते हैं। पितृ पक्ष में श्राद्ध करने वाले व्यक्ति का मनपसंद खाना जरूर बनाना चाहिए।

- पितृपक्ष के दौरान पूरे 15 दिनों तक घर में सात्विक माहौल होना चाहिए। इस दौरान घर में मांसाहारी भोजन नहीं बनाना चाहिए। हो सके तो इन दिनों लहसुन और प्याज का सेवन भी नहीं करना चाहिए।

# भगत सिंह को फांसी से नहीं बचा पाये थे गांधी !

## भगत सिंह जयंती पर विशेष



8 अप्रैल, 1929 को असेंबली में बम फेंकने के आरोप में भगत सिंह,सुखदेव और बटुकेश्वर दत्त को गिरफ्तार किया गया था।उनके पास वह पिस्तौल मिली थी, जिसकी गोलियों से लाहौर में पुलिस अफसर सांडर्स की हुई थी। उन्हें फांसी की सजा सांडर्स की हत्या के मामले में सुनाई गई थी।

7 अक्टूबर,1930को भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू को फांसी की सजा सुनाई गई थी।उनकी फांसी के लिए 24मार्च,1931की तारीख तय की गई थी। कोर्ट ट्रायल और भूख हड़ताल की वजह से भगत सिंह और उनके साथी युवाओं के बीच में काफी लोकप्रिय हो गए थे।

गांधी भारत के सबसे बड़े नेता थे।सबको गांधी से उम्मीद थी कि वो इस मामले में तुरंत कुछ करेंगे। भगत सिंह के समर्थक चाहते थे कि गांधी गांधी इरविन वार्ता की शर्तों में भगत सिंह की फांसी रोकना, शामिल करें। गांधी ने ऐसा नहीं किया।इसकी वजह उन्होंने यंग इंडिया अखबार में लिखे लेख में बताई। उन्होंने लिखा-कांग्रेस वर्किंग कमिटी भी मुझसे सहमत थी। हम इस बात की शर्त नहीं रख सकते थे कि अंग्रेजी हुकूमत भगत,राजगुरु और सुखदेव की सजा कम करे। मैं वायसराय के साथ अलग से इस पर बात कर सकता था। गांधी के सामने परेशानी ये भी थी कि क्रांतिकारी खुद ही अपनी फांसी का विरोध नहीं कर रहे थे। गांधी की एक कोशिश थी कि भगत सिंह और साथी वादा करें कि वो आगे हिंसक कदम नहीं उठाएंगे।इसका हवाला देकर वो अंग्रेजों से फांसी की सजा रुकवा लें। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। गांधी ने आसफ अली को लाहौर में भगत सिंह और उनके साथियों से मिलने भेजा। वो बस एक वादा चाहते थे कि भगत सिंह और उनके साथी हिंसा का रास्ता छोड़ देंगे। इससे वो अंग्रेजों के साथ बात कर सकेंगे। लेकिन,आसफ अली और भगत सिंह की मुलाकात ना हो सकी। आसफ अली ने लाहौर में प्रेस को बताया-मैं दिल्ली से लाहौर आया,ताकि भगत सिंह से मिल सकूं। मैं भगत से एक चिट्ठी लेना चाहता था, जो रिवॉल्यूशनरी पार्टी के उनके साथियों के नाम होती। जिसमें भगत अपने क्रांतिकारी साथियों से कहते कि वो हिंसा का रास्ता छोड़ दें। मैंने भगत से मिलने की हर मुमकिन कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हो पाया।

भगत सिंह खुद अपनी सजामाफी की अर्जी देने के लिए तैयार नहीं थे। जब उनके पिता ने इसके लिए अजी लगाई तो उन्होंने बेहद कड़े शब्दों में पत्र लिखकर इसका जवाब दिया था। गांधीजी उनकी सजा माफ नहीं करा सके,इसे लेकर गांधीजी से भगत सिंह की नाराजगी के साक्ष्य नहीं हैं। गांधी और इरविन के बीच 17 फरवरी से 5मार्च, 1931 के बीच बातचीत हुई। वार्ता के लिए निर्धारित मुद्दों में भगत सिंह की फांसी का मुद्दा नहीं था। 5 मार्च को हुए समझौते में अहिंसक तरीके से संघर्ष के दौरान पकड़े गए सभी कैदियों को छोड़ने की बात तय हुई। मगर, राजकीय हत्या के मामले में फांसी की सजा पाने वाले भगत सिंह सहित तमाम दूसरे कैदियों को माफी नहीं मिल सकी।

### महात्मा गांधी यंग इंडिया में लिखते हैं

18 फरवरी को वाइसरॉय इरविन के सामने भगत सिंह के बारे में बात करते हुए मैंने उनसे (लॉर्ड इरविन से)कहा 'इसका हमारी वर्तमान बातचीत से कोई संबंध नहीं, हो सकता है ये मेरी तरफ से थोड़ी अनुपयुक्त बातचीत लगे। पर अगर आप इस माहौल को उचित समझें तो भगत सिंह की फांसी स्थगित कर देनी चाहिए।' वाइसरॉय इरविन को ये बात बहुत अच्छी लगी थी। उन्होंने कहा- मुझे अच्छा लगा कि आपने ये बात मेरे सामने इस तरह से रखी। सजा का वापस लेना एक मुश्किल बात हो सकती है, लेकिन फांसी स्थगित करने पर विचार किया जा सकता है। इरविन ने ब्रिटिश सरकार को भेजी अपनी रिपोर्ट में भगत सिंह की सजा और गांधी के बारे में कहा-गांधी चूंकि अहिंसा में यकीन करते हैं, इसीलिए वो किसी की भी जान लिए जाने के खिलाफ हैं। मगर उन्हें लगता है कि मौजूदा हालात में बेहतर माहौल बनाने के लिए ये सजा मुलतवी कर देनी चाहिए।'

ये सवाल उठ सकता है कि क्या गांधी सिर्फ भगत सिंह की फांसी स्थगित करने को लेकर प्रयास कर रहे थे? फांसी रुकवाने के लिए नहीं? इसका जवाब चंदरपाल सिंह के रिसर्च पेपर में मिलता है। कानूनी तौर पर प्रिवी काउंसिल के फैसले के बाद वाइसरॉय द्वारा फांसी रोका जाना संभव नहीं था। कांग्रेस पहले ही इसकी कानूनी संभावना तलाश चुकी थी। 29 अप्रैल, 1931 को विजय राघवचारी को लिखे पत्र में महात्मा गांधी ने स्वीकारा कि 'कानूनविद तेज बहादुर ने वाइसरॉय से इस बात पर चर्चा की थी कि फांसी रोके जाने की कोई कानूनी संभावना है या नहीं, पर ऐसी कोई संभावना नहीं थी। गांधी ये जान चुके थे कि कानूनी तौर पर प्रिवी काउंसिल के फैसले के बाद वाइसरॉय फांसी की सजा को पूरी तरह रोक नहीं सकते। इसलिए गांधी ने फांसी रोकने की जगह स्थगित (पोस्टपोन) करने पर जोर दिया। महात्मा गांधी ने भगत सिंह की फांसी का मुद्दा दूसरी बार तब उठाया जब 19 मार्च, 1931को इरविन पैक्ट के नोटिफिकेशन को लेकर उनकी मुलाकात हुई। इरविन ने इस बातचीत को नोट भी किया था। बाद में इरविन ने गांधी को जवाब दिया-फांसी की तारीख आगे बढ़ाना,वो भी बस राजनैतिक वजहों से,वो भी तब जबकि तारीख का ऐलान हो चुका है,सही नहीं होगा।

एक और झटका लगने के बाद भी गांधी कोशिशों में लगे रहे। 26 मार्च से कराची में कांग्रेस का अधिवेशन होना था। गांधी को इस अधिवेशन में जाने के लिए निकलना था। लेकिन, 21 मार्च,1931 को न्यूज क्रॉनिकल में रॉबर्ट बर्नेज ने लिखा- गांधी कराची के लिए रवाना होने में देर कर रहे हैं, ताकि वो भगत सिंह की सजा पर वायसराय से बात कर सकें। 21 और 22 मार्च को भी गांधी और इरविन की मुलाकात हुई। गांधी ने हर बार इरविन से भगत सिंह और साथियों की सजा रोकने की मांग की।इरविन ने वादा किया कि वो इस पर विचार करेंगे।

भगत सिंह पर अंग्रेज अधिकारी की हत्या का मामला था। ब्रिटिश सरकार उन्हें रिहा कर ये संदेश नहीं देना चाहती थी कि अंग्रेज अधिकारी की हत्या कर कोई बच सकता है।

23 मार्च को यानि फांसी की निर्धारित तारीख से एक दिन पहले गांधी ने इरविन को एक चिट्ठी लिखकर कई कारण गिनाए और इस सजा को रोकने की अपील की। 23 मार्च, 1931 को लिखे पत्र में गांधी लिखते हैं कि

आम भावना चाहे वो सही है या गलत, वो यही है कि फांसी रुकनी चाहिए। अगर सिद्धांत दांव पर न लगे हों, तो फर्ज होता है आम भावना का सम्मान करना। अगर फांसी रुकती है तो आंतरिक शांति बढ़ेगी। अगर फांसी नहीं रुकती है तो शांति भंग होने की संभावना काफी ज्यादा है। क्रांतिकारी पार्टी ने मुझे आश्वासन दिया है कि, ये जानें (भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव) अगर बच जाती हैं तो पार्टी अपने हाथ बांध लेगी। जाहिर अगर इस फैसले से हत्याएं रुक रही हैं तो इस सजा को खत्म करना मेरे विचार से कर्तव्य बन जाता है। फांसी, एक न बदला जाने वाला फैसला है। पर अगर आपको लगता है कि इस फैसले में थोड़े भी बदलाव की संभावना है, तो मैं आपसे दोबारा इसकी समीक्षा करने का आग्रह करूंगा। अगर मेरी मौजूदगी जरूरी है तो मैं खुद भी आ सकता हूं। हालांकि मैं बोल नहीं सकता पर मैं जो कहना चाहता हूं उसे सुन और लिख सकता हूं। लेकिन, 23 मार्च को सजा की मुकर्रर तारीख से एक दिन पहले ही भगत सिंह और उनके साथियों को फांसी दे दी गई। 25 मार्च, 1931 को जब गांधी कांग्रेस अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए करांची पहुंचे, तो उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। गांधी मुदार्बाद-गांधी गो बैक जैसे नारे लगे।इस विरोध को गांधी ने 'उनकी' गहरी व्यथा और उससे उभरने वाले गुस्से का हल्का प्रदर्शन बताया और उन्होंने कहा कि 'इन लोगों ने बहुत गौरवभरी शैली में अपना गुस्सा दिखाया है।'

❖ पंकज कुमार श्रीवास्तव

# अतृप्त आत्माओं की तृप्ति के लिए किया जाता है श्राद्ध

**कौवे को श्राद्ध का भोजन कराने का कारण**

हर साल श्राद्ध पर्व भाद्रपद की पूर्णिमा से आश्विन माह की अमावस्या तक 16 दिनों के लिए आते हैं। श्राद्ध के बारे में युगों से यह कहा जाता रहा है कि यह पूर्वजों और अतृप्त आत्माओं को सद्गति हेतु किया जाता है। श्राद्ध कर्म करना एक सभ्य मनुष्य की निशानी है। प्रत्येक पुत्र या पौत्र या उसके सगे संबंधियों का उत्तरदायित्व होता है कि अपने पूर्वजों की तृप्ति के लिए श्राद्ध कर्म करे। इसमें पितरों के नाम से जल और अन्न का दान किया जाता है और उनके नियमित कौवे को भी अन्न-जल दिया जाता है।



आज हम अपने पाठकों को इस बात की जानकारी देने जा रहे हैं कि पूर्वजों की अतृप्ति को दूर करने के लिए किए जाने वाले श्राद्ध का कौवे से क्या रिश्ता है। आप सभी अपने पूर्वजों के लिए किए जाने वाले श्राद्ध के लिए जो भोजन सामग्री बनाते हैं, उसमें से सबसे पहले कौवे के लिए निवाला निकाला जाता है। कई परिजनों द्वारा कौवे के लिए अलग से बनाई गई सभी सामग्रियों को कौवे को खिलाते हैं।

**अतृप्ति का कारण :** अतृप्त इच्छाएं, जैसे भूखा, प्यासा, संभोगसुख से विरक्त, राग, क्रोध, द्वेष, लोभ, वासना आदि इच्छाएं और भावनाएं रखने वाले को और अकाल मृत्यु मरने वालों के लिए–जैसे हत्या, आत्महत्या, दुर्घटना या किसी रोग के चलते असमय ही मर जाना–आदि के लिए श्राद्ध करना जरूरी है। ऐसी आत्माओं को दूसरा जन्म मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है या कि वह अधोगति में चली जाती हैं। उन्हें इन सभी से बचाने के लिए पिंडदान, तर्पण और पूजा करना जरूरी होता है। अतृप्ति के और भी कई कारण होते हैं। जैसे धर्म को नहीं जानना, गलत धारणा पालना, अनजाने में अपराध या बुरे कर्म करना। हत्या करना, आत्महत्या करना, बलात्कार, हर समय किसी न किसी का अहित करना या किसी भी निर्दोष मनुष्य या प्राणी को सताना, चोर, डकैत, अपराधी, धूर्त, क्रोधी, नशेड़ी और कामी आदि लोग मरने के बाद बहुत ज्यादा दुःख और संकट में फंस जाते हैं, क्योंकि कर्मों का भुगतान तो सभी को करना ही होता है। पितृ पक्ष एक ऐसा पक्ष है जहाँ इस प्रकार की सभी तरह की आत्माओं की मुक्ति का द्वार खुल जाता है। तब धरती पर पितृयाण रहता है। जैसे पशुओं का भोजन तृण और मनुष्यों का भोजन अन्न कहलाता है, वैसे ही देवता और पितरों का भोजन अन्न का 'सार तत्व' है। सार तत्व अर्थात गंध, रस और उष्मा। देवता और पितर गंध तथा रस तत्व से तृप्त होते हैं।

**क्यों खिलाया जाता है कौवे को श्राद्ध का भोजन :** कौवे को यम का प्रतीक माना जाता है। गरुण पुराण के अनुसार, अगर कौआ श्राद्ध का भोजन ग्रहण कर ले तो पितरों की आत्मा को शांति मिलती है। साथ ही ऐसा होने से यम भी खुश होते हैं और उनका संदेश उनके पितरों तक पहुंचाते हैं। गरुण पुराण में बताया गया है कि कौवे को यम का वरदान प्राप्त है। यम ने कौवे को वरदान दिया था तुमको दिया गया भोजन पूर्वजों की आत्मा को शांति देगा। पितृ पक्ष में ब्राह्मणों को भोजन कराने के साथ-साथ कौवे को भोजन करना भी बेहद जरूरी होता है। मान्यता है कि इस दौरान पितर कौवे के रूप में भी हमारे पास आ सकते हैं। इसको लेकर एक और मान्यता प्रचलित है। कहा जाता है कि एक बार कौवे ने माता सीता के पैरों में चोंच मार दी थी। इसे देखकर श्रीराम ने अपने बाण से उसकी आंखों पर वार कर दिया और कौवे की आंख फूट गई। कौवे को जब इसका पछतावा हुआ तो उसने श्रीराम से क्षमा मांगी तब भगवान राम ने आशीर्वाद स्वरूप कहा कि तुमको खिलाया गया भोजन पितरों को तृप्त करेगा। भगवान राम के पास जो कौवे का रूप धारण करके पहुँचा था, वह देवराज इंद्र के पुत्र जयंती थे। तभी से कौवे को श्राद्ध पक्ष में भोजन खिलाने का विशेष महत्व है।

## सूडोकु नवताल- 6836

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6835 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## दैनिक पंचांग

**28 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 07.19 बजे से |
| चंद्र | कुंभ में | वृश्चिक | 09.34 ब.से |
| मंगल | कन्या में | धनु | 11.50 बजे से |
| बुध | सिंह में | मकर | 13.55 बजे से |
| गुरु | मेष में | कुंभ | 15.42 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | मीन | 17.15 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.45 बजे से |
| राहु | मेष में | वृष | 20.25 बजे से |
| केतु | तुला में | मिथुन | 22.23 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | कर्क | 00.37 बजे से |
| | | सिंह | 02.53 बजे से |
| | | कन्या | 05.05 बजे से |

**गुरुवार** 2023 वर्ष का 271 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ला **तिथि** चतुर्दशी 18.50 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 01.49 बजे रात्र को समाप्त। **योग** गण्ड 23.55 बजे को समाप्त। **करण** गर 08.34 बजे, वणिज 18.50 बजे तदनन्तर विष्टि 05.07 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 12.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 01° 50' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871750 **जूलियन दिन** 2460215.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** रवि उलावल **तारीख** 12 **विशेष** अनंत चतुर्दशी, गणेश विसर्जन, लता मंगेशकर जयंती, शहीद भगत सिंह जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7898

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | | 4 |
| 5 | | ■ | 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | 9 | ■ | |
| 10 | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 14 | ■ | | ■ |
| 15 | | 16 | ■ | 17 | | 18 | | 19 |
| | ■ | 20 | 21 | ■ | 22 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | ■ | 26 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**
1.कंठ,गला-3
3.पक्षियों का शोर-4
5.शारीरिक ऊँचाई-2
6.पाचन शक्ति-3
7.मां की माता-2
8.प्यार,प्रेम(अंग्रेजी-2)
10.रचना करने वाला-5
12.शोरबा,तरी-3
15.खाद्य सामग्री-3
17.दोनों हाथों को पीटना-5
20.भाग्य(अंग्रेजी-2)
22.कदली,एक फल-2
23.उपासना,शीश झुकाना-3
24.घ्राणेन्द्रिय,नासिका-2
25.तहखाना-4
26.दया-3

**ऊपर से नीचे**
1.मर्यादा,सीमा-2
2.कहानी लिखने वाला-5
3.अचरज भरा कार्य-3
4.वर,इच्छित वस्तु देना-4
5.जलजला-3
7.मां के पिता-2
9.चिकनाई-2
11.हशीश,एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13.बोलने का तरीका-3
14.तमीजवाला-5
15.परंपरा,रिवाज-4
16.राजनीतिक पार्टी-2
18.आफत,मुसीबत-2
19.नाट्य,कथा मंचन-3
21.कमी-3
24.संबोधन-2

### शब्द पहेली - 7897 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | च | र | ज | ■ | सु | रु | चि |
| चा | चा | ■ | म | ही | ना | ■ | ■ | न्त |
| र | न | र | ■ | न | व | जो | व | न |
| ■ | क | म | ला | ■ | ब | ■ | ■ | शी |
| म | ■ | ल | त | ■ | ला | त | ■ | ल |
| नो | ■ | ■ | मा | ■ | ना | र | द | ■ |
| का | न | भ | र | ना | ■ | ह | र | म |
| म | ■ | ■ | ना | का | रा | ■ | क | ण |
| ना | ट | क | ■ | म | ह | क | ना | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृष राशि** : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

**मिथुन राशि** : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा।

**कर्क राशि** : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**सिंह राशि** :विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कन्या राशि** : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी।

**तुला राशि** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।


**वृश्चिक राशि** : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती हैं।

**धनु राशि** : कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

**मकर राशि** : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कुंभ राशि** : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**मीन राशि** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## गागर में सागर

### सीडब्ल्यूआरसी के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी : सिद्दारमैया



**चामराजनगर (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार तमिलनाडु को पानी छोड़ने के कावेरी जल नियामक समिति (सीडब्ल्यूआरसी) के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। मलाई महादेश्वरा हिल्स में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आदेश पर सवाल उठाया जाएगा और एक अपील याचिका भी दायर की जाएगी। आदेश के मद्देनजर, बेंगलुरु और कावेरी जलग्रहण क्षेत्र में विरोध-प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमारे पास जल भंडारण नहीं है। हमने कानूनी विशेषज्ञों के सुझाव लिए हैं। कावेरी जल को लेकर कोई समझौता नहीं है। भाजपा और जद (एस) कावेरी संकट पर राजनीति कर रहे हैं। सीडब्ल्यूआरसी के आदेश में कर्नाटक को 15 अक्टूबर तक प्रतिदिन तीन हजार क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया गया है।

### सिलचर में सात करोड़ की हेरोइन के साथ तीन गिरफ्तार

**कछार।** कछार पुलिस को नशे के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने भारी मात्रा में हेरोइन के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सोनाई क्षेत्र के काबुगंज में कल रात की गई एक छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक बोलेरो गाड़ी से 88 हेरोइन से भरे साबुनदानी को जब्त किए। साबुनदानी से कुल 1.15 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई। पुलिस ने बताया कि जब्त हेरोइन की कीमत करीब सात करोड़ रुपये है। पुलिस ने कहा कि तस्करों ने पड़ोसी राज्य से हेरोइन की आपूर्ति करने और कछार होते हुए बाहरी राज्य में आपूर्ति करने की योजना बनाई थी।

### केजरीवाल के सरकारी आवास में हुए रेनोवेशन मामले की जांच करेगी सीबीआई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास में हुए रेनोवेशन के कथित घोटाले की जांच अब केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) करने जा रही है। इस संबंध में सीबीआई ने राज्य सरकार से सभी दस्तावेज तीन अक्टूबर तक पेश करने को कहा है। सूत्रों का कहना है कि मामले को लेकर सीबीआई ने बुधवार को राज्य सरकार को नोटिस देकर संबंधित दस्तावेज पेश करने को कहा है। इस मुद्दे पर भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने आज ट्वीट कर कहा कि केजरीवाल के अवैध बंगले के मामले में सीबीआई ने केस दर्ज किया है। कोरोना काल में दिल्ली की जनता के पैसों से गैर कानूनी शीश महल बनाने का पाप केजरीवाल ने किया है। इस अपराध की सजा से केजरीवाल बच नहीं सकते हैं।

### मणिपुर अशांत क्षेत्र घोषित, राज्य में आफ्सपा लागू

**इंफाल।** मणिपुर के गृह विभाग ने बुधवार को एक अधिसूचना जारी कर राज्य को अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है। इसके साथ ही राज्य में फिर से आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (आफ्सपा) भी लागू कर दिया गया है। सरकार की अधिसूचना के अनुसार राज्यपाल की राय है कि विभिन्न उग्रवादी समूहों की हिंसक गतिविधियों को देखते हुए पूरे मणिपुर में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सशस्त्र बलों की आवश्यकता है। इसलिए राज्य सरकार ने पूरे मणिपुर को अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। इनमें इंफाल, लाम्फेल, सिटी, सिंगजामेई, सेकमई, लामासांग, पटसोई, वांगोई, पोरोम्पट, हेंगांग, लामलाई, इरिलबंग, लिमाखोंग, थौबल, बिष्णुपुर, नामबोल, मोइरांग, काकचिंग और जिरिबाम जिलों के 19 पुलिस थाना क्षेत्रों में शांति है, जिन्हें अशांत क्षेत्र के दायरे से बाहर रखा गया है। दरअसल, राज्य में दो लापता छात्रों की मौत के बाद हालात फिर से तनावपूर्ण होने लगे हैं। इंफाल शहर और घाटी के अन्य इलाकों में छात्रों ने हिंसक प्रदर्शन किए।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इंडिया स्मार्ट सिटीज अवार्ड्स कॉन्टेस्ट के विजेताओं दिए पुरस्कार, कहा

# नागरिकों की बढ़ती जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार करें रोडमैप

**एजेंसी। भोपाल**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि शहरों और नागरिकों की जरूरत का आकलन कर विकास का रोडमेप तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर चिंता जाहिर करते हुए स्मार्ट शहरों में किये जा रहे कार्यों को सकारात्मक पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में और टिकाऊ विकास पर और अधिक काम किये जाने की जरूरत है। शहरी विकास में समग्र निवेश पिछले दशकों में दोगुना से अधिक हुआ है। स्मार्ट सिटी मिशन का इसमें बड़ा योगदान है।

राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को इंदौर में इंडिया स्मार्ट सिटी कान्क्लेव-2023 को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने समारोह में आईसी अवार्ड सेरेमनी में विजेता



शहरों और राज्यों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति ने कहा कि इन्दौर ने भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपना स्थान बनाए रखा है। इंदौर देश की स्मार्ट सिटीज में भी सबसे ऊपर है। उन्होंने इंदौर के निवासियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन के अधिकारियों, केंद्र सरकार के सम्बद्ध विभागों तथा अन्य सभी स्टेकहोल्डर्स की सराहना की। उन्होंने इंडिया स्मार्ट सिटीस अवार्ड कॉन्टेस्ट 2022 में मध्य प्रदेश द्वारा बेस्ट स्टेट का गौरव प्राप्त करने पर राज्य के सभी निवासियों, राज्यपाल, मुख्यमंत्री और उनकी पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने राज्य के सभी स्मार्ट शहरों में किए जा रहे कार्यों से जुड़े लोगों की सराहना भी की। साथ ही सर्वश्रेष्ठ केंद्रशासित प्रदेश का पुरस्कार प्राप्त करने के लिए चंडीगढ़ और राज्यों के प्रदर्शन के आधार पर दूसरा स्थान प्राप्त करने के लिए तमिलनाडु तथा संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त करने के लिए राजस्थान और उत्तर प्रदेश को भी बधाई दी। राष्ट्रपति ने अलग श्रेणियों में 66 पुरस्कार विजेता स्मार्ट शहरों और राज्यों को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की शहरी आबादी, लगभग 46 करोड़ से बढ़कर 87 करोड़ से अधिक हो जाएगी। तब हमारे 50 प्रतिशत से अधिक देशवासी शहरी क्षेत्रों में रहेंगे। भारत के शहर आज देश की जीडीपी में लगभग दो-तिहाई योगदान करते हैं। अनुमान है कि शहरों के जीडीपी को कुल योगदान वर्ष 2047 तक 80 प्रतिशत से अधिक हो जाएगा। इन आंकड़ों से यह संदेश मिलता है कि शहरों और नगरवासियों की बढ़ती आकांक्षाओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर भविष्य का रोडमेप तैयार करना है और उस पर आगे बढ़ना है।

## सरकारी बैंकों में 4 दिसंबर से 20 जनवरी तक शृंखलाबद्ध हड़ताल

### समझौते के अनुसार वेतन नहीं बढ़ाने, भर्ती में कटौती करने से कर्मचारी नाराज

**आरएनएम। नई दिल्ली**

ऑल इंडिया बैंक इम्प्लॉइज एसोसिएशन, कर्मचारियों की भर्ती की मांग को लेकर 4 दिसंबर से 20 जनवरी 2024 तक देश भर में शृंखलाबद्ध हड़ताल करेगा। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ के महासचिव सीएच वेंकटचलम ने कहा कि सरकार और बैंकों की ओर से बैंकों में क्लेरिकल और अधीनस्थ कैडर्स में कर्मचारियों की संख्या कम करने और पर्यवेक्षी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का एक जानबूझकर प्रयास किया जा रहा है। विचार बिल्कुल स्पष्ट है कि वे कम वर्कर चाहते हैं जो औद्योगिक विवाद अधिनियम द्वारा शासित हों। हमारे द्विपक्षीय समझौते में जो वेतन देने का करार हुआ है , उस भुगतान से बचने के लिए बैंकों में नियमित और स्थायी नौकरियों को अनुबंध के आधार पर आउटसोर्स करने का एक चालाक प्रयास किया जा रहा है। इसके कारण, बैंकों में लिपिक (क्लेरिकल) कर्मचारियों की भर्ती में साल-दर-साल भारी कमी आई है और अधीनस्थ कर्मचारियों और सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति पर लगभग प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके चलते बड़ी संख्या में लोगों को उचित पारिश्रमिक के बिना अस्थायी व आकस्मिक आधार पर नियोजित किया जा रहा है। एआईबीईए ने 4-11 दिसंबर तक विभिन्न राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों में हड़ताल की घोषणा की है और 2-6 जनवरी तक विभिन्न राज्यों में बैंकर काम पर हड़ताल करेंगे। इसके बाद 19-20 जनवरी, 2024 को दो दिवसीय अखिल भारतीय बैंकरों की हड़ताल होगी।

### कुख्यात गैंगस्टरों की तलाश

## एनआईए की उत्तर भारत में छह राज्यों के 53 ठिकानों पर छापेमारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एनआईए ने बुधवार को खालिस्तानी आतंकवादियों और गैंगस्टरों की तलाश में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सहित छह राज्यों पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 53 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है। दिनभर चले छापों के दौरान पिस्तौल, गोला-बारूद, बड़ी संख्या में डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। एनआईए की छापेमारी वाले छह राज्यों में पंजाब के 30, राजस्थान के 13 और हरियाणा के चार, यूपी, उत्तराखंड और दिल्ली में एक-एक जगह शामिल है। इन राज्यों में तीन जगहों पर अभी छापेमारी चल रही है। एनआईए ने आतंकवादियों, गैंगस्टर्स, ड्रग तस्करों के गठजोड़ पर कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पंजाब के मोगा जिले से गैंगस्टर अर्श डाला के एक गुर्गे को हिरासत में लिया गया है। एनआईए ने उत्तराखंड के देहरादून जिले के उधम सिंह नगर के बाजपुर थाना क्षेत्र में एक गन हाउस पर छापेमारी की। एनआईए की आज हुई छापेमारी का फोकस विभिन्न कट्टर गिरोहों और उनके गुर्गों से जुड़े हथियार आपूर्तिकर्ताओं, फाइनेंसरों और रसद प्रदाताओं पर था। ये गिरोह पाकिस्तान, यूएई, कनाडा, पुर्तगाल आदि देशों में स्थित ड्रग तस्करों और आतंकवादियों के साथ काम कर रहे हैं। एनआईए की जांच से पता चला है कि विभिन्न राज्यों की जेलों में साजिशें रची जा रही थीं और विदेश स्थित गुर्गों का एक संगठित नेटवर्क इन्हें अंजाम दे रहा था।

# विपक्ष ने बेमन से नारी शक्ति बिल का समर्थन किया : प्रधानमंत्री मोदी

**एजेंसी। वडोदरा**

नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 बिल संसद में बहुमत के साथ पारित होने पर वडोदर में बुधवार को पीएम का अभिवादन कार्यक्रम, नारी शक्ति का वंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी रोड शो के दौरान महिलाओं का अभिवादन स्वीकारते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। उनके साथ मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल भी थे। कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने माता-बहनों का वंदन करते हुए कहा कि मेरे जीवन के निर्माण



में कई चीजों का योगदान है, इसमें वडोदरा ने मुझे एक बेटे की तरह संभाला है। एक माता अपने बेटे को जिस तरह दुलार करती है, वडोदरा ने मुझे दिया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए हमारा प्रयत्न है जिससे देश की मातृशक्ति का ऋण उतार सकूं। इस कानून से भविष्य में विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण पक्का हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए देश में जो प्रयास हुए हैं उसमें वडोदरा ने मील का पत्थर गिना जा सकता है। वडोदरा वह जगह है जहां गायकवाड सरकार के समय बेटियों को पढ़ाई अनिवार्य और निःशुल्क थी। इसमें जो भी मां-बाप यदि अपनी बेटी को नहीं पढ़ाते थे तो उन्हें दंडित किया जाता था। देश और दुनिया में आज गुजरात के विकास मॉडल की चर्चा होती है। गुजरात के विकास मॉडल की सबसे बड़ी ताकत माता-बहन है। गुजरात की सफलता का नया आयाम पार करवाने का काम गुजरात वुमन लेड डेवलपमेंट की आधारशिला के कारण है। मोदी ने कहा कि 20 वर्ष पहले महिलाओं की साक्षरता की दर बहुत नीचे थी। बड़ी संख्या में बेटियों का दाखिला तो होता था, लेकिन वे बीच में ही स्कूल छोड़ देती थीं। बहुत कम माताओं की अस्पताल में प्रसूति होती थी। गुजरात में पुरुष-महिला अनुपात भी चिंताजनक था। भाजपा ने महिलाओं को केंद्र में रखकर विकास की नीति बनाई और समर्पण भाव से काम किया और आज उसका काम गुजरात के कोने-कोने में देखा जा सकता है। गुजरात में महिला नेतृत्व वाले विकास की सफलता आज विकसित भारत के सपने को साकार कर रही है।

### विदेश मंत्री ने निज्जर की हत्या पर ट्रूडो के आरोपों का खंडन किया, बोले

# यह भारत की नीति नहीं है : जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कनाडा स्थित खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत की संलिप्तता को लेकर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि यह "भारत सरकार की नीति नहीं है"। जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन के बाद न्यूयॉर्क में विदेश संबंध परिषद में बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली ने पहले ही ओटावा को सूचित कर दिया है कि वह विशिष्ट और प्रासंगिक जानकारी देखने के लिए तैयार है। ट्रूडो के आरोपों के कारण भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद पैदा हो गया है। नई दिल्ली ने ओटावा के दावों को बेतुका और प्रेरित कहकर खारिज कर दिया है। दोनों देशों ने एक-दूसरे के वरिष्ठ राजनयिकों को निष्कासित किया है और अपने नागरिकों के लिए यात्रा परामर्श जारी किया है। जयशंकर ने कहा, हमने कनाडाई लोगों से कहा कि यह भारत सरकार की नीति नहीं है। हमने उनसे कहा कि यदि उनके पास कुछ विशिष्ट है, कुछ प्रासंगिक है, तो हमें बताएं। हम इस पर विचार करने के लिए तैयार हैं। उनकी यह टिप्पणी कार्यक्रम में भारत में पूर्व अमेरिकी राजदूत केनेथ जस्टर के एक सवाल पर आई। जयशंकर ने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कनाडा ने वास्तव में अलगाववादी ताकतों से संबंधित संगठित अपराध, हिंसा और उग्रवाद से संबंधित बहुत सारे संगठित अपराध देखे हैं।उन्होंने कहा, वे सभी बहुत-बहुत गहराई से जुड़े हैं। जयशंकर ने आगे कहा कि भारत कनाडा को उनकी धरती से संचालित संगठित अपराध नेतृत्व के बारे में जानकारी देता रहा है।उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में प्रत्यर्पण अनुरोध और आतंकवादी नेताओं की पहचान की गई है।

FILMY हलचल

### सलमान खान की फिल्म 'टाइगर-3' का पहला प्रोमो जारी



**इस** समय बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। 'जवान' को दर्शकों का तूफानी रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म ने कई रिकॉर्ड तोड़े हैं और कई नए रिकॉर्ड बनाए हैं। उसी तरह अब सलमान खान की फिल्म 'टाइगर-3' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। पिछले कुछ दिनों से 'टाइगर-3' के टीजर की काफी चर्चा हो रही थी। बुधवार का यश चोपड़ा के जन्मदिन के मौके पर यशराज फिल्म्स ने अपने 'स्पाई यूनिवर्स' की अगली फिल्म 'टाइगर-3' का प्रोमो जारी किया। इस प्रोमो में हमें 'टाइगर का संदेश' देखने को मिलेगा है और इसके साथ ही सलमान खान की अद्भुत भविष्यवाणी भी मनमोहक है। प्रोमो की शुरूआत सलमान खान के संदेश से होती है, जिसमें वह अपने खिलाफ लगे देशद्रोह के आरोप के बारे में बताते हुए कहते हैं, 'मैं अविनाश सिंह राठौड़, आपके लिए टाइगर'। लोग टाइगर को देश से पूछते हुए दिखते हैं कि वह देशभक्त है या गद्दार।

### लालबाग के राजा के दर्शन करने पहुंचीं फराह खान, हुई ट्रोल



**गणेशोत्सव** के मौके पर कई हस्तियां लालबाग राजा के दर्शन कर रही हैं। डायरेक्टर और कोरियोग्राफर फराह खान भी गणराया का आशीर्वाद लेने पहुंचीं। उनका लालबाग के राजा से मिलने जाने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में फराह को उनके दोस्त पकड़ते नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो में फराह खान लालबाग का दौरा करती नजर आ रही हैं और एक वीडियो में अभिनेता सोनू सूद, शेखर सुमन भीड़ में कतार में खड़े नजर आ रहे हैं। उन्होंने वीआईपी लाइन में जाने की बजाय आम जनता के साथ भीड़ में से बप्पा के दर्शन किए। एक अन्य वीडियो में फराह खान को उनके दोस्त पकड़ते नजर आ रहे हैं, लेकिन ज्यादा भीड़ नहीं है।

### 'दोनों' के 'अग्ग लगदी' गाने में आखिरी मिनट में करना पड़ा था सुधार : पलोमा ढिल्लन

**फिल्म** 'दोनों' में लीड रोल निभाने वाली एक्ट्रेस पलोमा ढिल्लन ने फिल्म के बिहाइंड-द-सीन के बारे में बताया और कहा कि फिल्म के ट्रैक 'अग्ग लगदी' के लिए उन्हें आखिरी मिनट में सुधार करना पड़ा। एक्ट्रेस ने कहा, 'अग्ग लगदी' के दौरान हमारे कोरियोग्राफर विजय गांगुली और हमारे निर्देशक अवनीश ने कहा कि वे मेरे लिए केवल गाने और स्टेप्स चाहते थे, इसलिए विजय सर ने कहा कि मैं बस एन्जॉय कर सकती हूं, यह



आखिरी मिनट का काम था जो हमने वैन में किया और यह सेट पर बहुत व्यवस्थित रूप से सामने आया।" 'दोनों' के प्रोमोशन के दौरान, पलोमा ने अपने पूरे एक्सपीरियंस के बारे में विस्तार से बताया और सेट पर उनके सामने आने वाली कुछ चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। अपने अनुभव के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा, आप ऐसे सीन्स कर रहे हैं, जहां आप हैवी जूलरी का वजन उठा रहे हैं, चिलचिलाती गर्मी में शूटिंग कर रहे हैं, कंकड़-पत्थरों पर चल रहे हैं या चारों ओर भीड़ के बीच लंबे समय तक बाहर काम कर रह हैं और दर्शक आपको उत्सुकता से देख रहे हों, वास्तव में काम ही मायने रखता है।

### रणनीति आसियान देशों की महिला सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण देगा भारत, नया पाठ्यक्रम शुरू

# संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों पर है फोकस

### दक्षिण पूर्व एशिया की महिला सैन्य कर्मियों के लिए दो तरह के होंगे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना ने आसियान देशों के लिए एक 'महिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम' शुरू किया है। यह प्रशिक्षण नई दिल्ली के संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र (सीयूएनपीके) में संयुक्त राष्ट्र ढांचे के तहत दिया जायेगा। भारतीय सेना की यह अनूठी पहल लैंगिक समानता के लिहाज से स्थायी शांति स्थापना के लिए आसियान देशों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। प्रतिभागियों को 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के तहत दुनिया भर में संयुक्त



राष्ट्र मिशनों के लिए तैयार और उपयोग किए जा रहे भारत में निर्मित वाहनों और उपकरणों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

दरअसल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पिछले साल भारत-आसियान संबंधों की 30वीं वर्षगांठ मनाने के लिए नवंबर, 2022 में सिएम रीप, कंबोडिया में भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक में कई प्रस्ताव रखे थे। इसी में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ 'आसियान' के साथ रक्षा सहयोग को विस्तार देने के लिए महिलाओं को प्रशिक्षण देने का भी प्रस्ताव था। इसी के तहत दक्षिण पूर्व एशिया की महिला सैन्य कर्मियों के लिए भारत ने दो तरह के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू किये हैं। प्रतिभागियों को संयुक्त राष्ट्र मिशनों के लिए तैयार और उपयोग किए जा रहे भारत में निर्मित वाहनों और उपकरणों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आसियान राष्ट्रों के साथ सहयोगात्मक समझ को बढ़ावा देने और दोस्ती के बंधन को मजबूत करने के लिए भारतीय सेना ने यह ह्यमहिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम शुरू किया है। पहले पाठ्यक्रम में आसियान देशों ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाइलैंड, वियतनाम से दो-दो महिलाओं यानी एक बार में कुल 20 शांति महिला सैनिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। आसियान की महिला अधिकारियों के लिए दिसंबर में दूसरा पाठ्यक्रम होगा, जिसमें यूएनपीके की चुनौतियों को शामिल करते हुए एक 'टेबल टॉप अभ्यास' होगा।

अधिकारी ने कहा कि यह पाठ्यक्रम आसियान देशों और भारत की महिला सैन्य अधिकारियों को एक-दूसरे से सीखने और शांति अभियानों में सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का मौका देगा। यह पहल भारतीय सेना की अधिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है। भारत यूएनपीके में सबसे अधिक सैन्य योगदान देने वाले देशों में से एक है। मौजूदा समय में 12 संयुक्त राष्ट्र मिशनों में लगभग 5,900 भारतीय सैनिक तैनात हैं।

## गागर में सागर

### श्री गणेश-लक्ष्मी मंदिर में दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन आज



**रांची।** शहर के सुखदेव नगर थानांतर्गत जयप्रकाश नगर (खादगढ़ा) स्थित श्री गणेश लक्ष्मी मंदिर में वार्षिकोत्सव 10 दिवसीय गणेश उत्सव का समापन गुरुवार को होगा। इस संबंध में श्री गणेश लक्ष्मी मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष व शहर की जानी-मानी समाजसेविका रानी कुमारी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है जिसका समापन गुरुवार को किया जाएगा इस अवसर पर महा आरती के बाद महाप्रसाद के रूप में भंडारा का आयोजन किया जाएगा तब पश्चात रात्रि में माता का जागरण कार्यक्रम होगा। जिसमें कलाकारों द्वारा भजन-कीर्तन की प्रस्तुति की जाएगी।

### केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मिला आदिवासी प्रेशर ग्रुप महासंगठन, सौंपा मांग पत्र



**रांची।** राष्ट्रीय आदिवासी प्रेशर ग्रुप महासंगठन ने केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य अर्जुन मुंडा से बुधवार को नई दिल्ली में भेंट की। इस दौरान उन्हें 10 बिंदुओं से जुड़ा एक मांग पत्र भी सौंपा। इसके जरिये उनसे अपील किया गया है कि आगामी 100 वर्षों तक किसी भी गैर-आदिवासी वर्ग को अनुसूचित जनजाति का दर्जा नहीं दिया जाए। मांग पत्र में कहा गया है कि आगामी 100 वर्षों के लिए संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अधिसूचित 730 अनुसूचित जनजातियों की लिस्ट फ्रीज कर दी जानी चाहिये। लोकुर समिति (1965) ने अनुसूचित जनजाति की पहचान के लिए पांच मापदंड बताए थे लेकिन इन आधारों को खारिज कर संविधान के खिलाफ जाकर गैर-आदिवासी संपन्न जातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में मंत्रालय इस मसले पर अपने स्तर से नियमानुसार प्रभावी कदम उठाए। संबंधित विभागों व सभी प्रदेश के सरकारों को निर्देशित करें। मांग पत्र के जरिये महासंगठन ने केंद्रीय मंत्री से अपील करते कहा कि संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अधिसूचित 730 अनुसूचित जनजातियों को सभी राज्यों में एक समान ह्लअनुसूचित जनजातिह्व के रूप मान्यता दी जाए। असम के चाय बागानों में कार्यरत झारखंडी मूल के आदिवासियों (उरांव, मुंडा, हो, खड़िया, संथाल) को अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिले। शिड्यूल डिस्ट्रीक्ट एक्ट 1874 (भारतीय संविधान की पांचवीं और छठी अनुसूची, अनुच्छेद 244(1)(2)) के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में जल जंगल जमीन के अधिकार जैसे- ठेका-पट्टा, बाजार-हाट, नौकरी-चाकरी, लघु खनिज (मुरम, बालू, पत्थर), वृहद खनिज (कोयला, लोहा, सोना, बाक्साईट इत्यादि) का मालिकाना हक आदिवासी को-आपरेटिव सोसाइटी को देने का प्रावधान हो। वनाधिकार अधिनियम 2006 के तहत वनभूमि में रहने वाले आदिवासियों, मूलवासियों को वन अधिकार पट्टा युद्ध-स्तर पर वितरित किया जाए। प्रकृतिवादी आदिवासियों के धार्मिक पहचान ह्यसरना धर्मह्व को जनगणना कॉलम में पृथक रूप से शामिल किया जाए।

## पर्यावरण को स्वच्छ रखने में टीम ग्रीन ने निभाई अहम जिम्मेदारी

# दो सालों में लगा दिए 20 हजार से अधिक पौधे




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी में वातावरण को लेकर समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसी को देखते हुए निपुण जैन और उनके दोस्तों के द्वारा पौधारोपण की शुरूआत की गई। निपुण ने टीम ग्रीन संस्था का गठन किया और इसके माध्यम से करीब 300 लोगों की टोली ने पिछले 4 वर्षों में राजधानी में लगभग 20 हजार पेड़ लगाए हैं। पौधारोपण को लेकर निपुण जैन ने क्या कहाः पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए राजधानी के कुछ युवाओं की टोली के द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। ताकि रांची का स्वच्छ वातावरण फिर से वापस आ सके। राजधानी के रहने वाले निपुण जैन बताते हैं कि आज से चार वर्ष पहले वर्ष 2019 में उनके दो मित्रों ने यह सुझाव दिया कि क्यों ना वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधारोपण किया जाए और उसी दिन उन्होंने यह संकल्प भी लिया कि राजधानी के खाली जगहों पर पेड़ लगाया जाए। उनकी इस पहल को देखते हुए कई निजी कंपनियों और सामाजिक संगठन भी उनके समर्थन के लिए आगे आ रहे हैं।राजधानी में करीब 20 हजार पेड़ लगा चुकेः इसी संकल्प को लेकर वह अपने मित्र राहुल और भूमिका के साथ आगे बढ़े। निपुण जैन ने बताया कि पौधारोपण का मुख्य उद्देश्य रांची के पर्यावरण को परिष्कार करना है। जिससे राजधानी का वातावरण स्वच्छ और बेहतर बन सके। निपुण ने बताया कि शुरूआत के दिनों में थोड़ी बहुत परेशानी जरूर आई। कहा कि वक्त के साथ धीरे-धीरे उनका कुनबा बढ़ता गया और आज करीब 300 लोग उनके साथ मिलकर पूरे राजधानी में करीब 20 हजार पेड़ लगा चुके हैं। **ग्रीन संस्था ने लगाए हजारों पेड़:** निपुण जैन बताते हैं कि शुरूआत के दिनों में परेशानी जरूर आए लेकिन जब उन्होंने अपने इस सुझाव को शहर के बुद्धिजीवी वर्गों के समक्ष रखा तो कई लोग उनके साथ इस पहल में साथ देने के लिए आगे आए। उनकी पहल के प्रति लोगों के बढ़ते झुकाव को देखते हुए उन्होंने टीम ग्रीन नाम के संस्था का गठन किया और उसे संस्था के द्वारा पूरे राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में हजारों पेड़ लगाए गए।क्या कहते है विधायक सीपी सिंहः पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक सीपी सिंह बताते हैं कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की है। ऐसे में निपुण जैन और युवाओं की टोली के द्वारा की जा रही इस पहल से प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत योजना को बढ़ावा मिलेगा। सीपी सिंह ने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाना जरूरी है।

## पूजा स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट के नये आउटलेट का शुभारंभ

# विभिन्न प्रांतों की लोकप्रिय मिठाइयों की किस्में हैं उपलब्ध



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शहर के बिरसा चौक (हटिया स्टेशन रोड) स्थित होटल द पार्क रिट्रीट परिसर में पूजा स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट के नए आउटलेट का शुभारंभ बुधवार को किया गया। प्रतिष्ठान का उद्घाटन का समाजसेविका व होटल द पार्क रिट्रीट के संचालक रामाशंकर प्रसाद की धर्मपत्नी आशा देवी व उनके परिजनों द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी शामिल हुए। उन्होंने पूजा स्वीट्स व रेस्टोरेंट के नए कलेवर में शुभारंभ के लिए संचालक रामाशंकर प्रसाद को बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रतिष्ठान के संचालक रामाशंकर प्रसाद ने बताया कि इस नए आउटलेट में विभिन्न प्रांतों की लोकप्रिय मिठाइयों की विस्तृत रेंज, ड्राई फ्रूट्स, केक, आइसक्रीम की विभिन्न वेरायटी सहित पर्व-त्योहारों, बर्थ-डे व शादी-विवाह समारोह के अवसर पर मिठाइयों व ड्राई फ्रूट्स के आकर्षक गिफ्ट पैक उपलब्ध कराए गए हैं। पूजा स्वीट्स में मिठाइयों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। वहीं, पूजा रेस्टोरेंट में एक साथ एक सौ से अधिक लोग बैठकर विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजन का लुत्फ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि रेस्टोरेंट को नए कलेवर में ग्राहकों की मांग के अनुरूप सुसज्जित किया गया है। इस मौके पर वीर नारायण प्रसाद, आदित्य कलवार, अंकित कलवार, अभिषेक कलवार, उमा प्रसाद, गोपाल झा, उपेंद्र नारायण सिंह, उमा सिंह, भवानी देवी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।


## उपायुक्त का कार्यालय, लातेहार
### (जिला उद्यान शाखा)

लातेहार जिले में किसानों व कृषि उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2023–24 में SCA/DMFT/Untied/CSR मद के तहत Solar Based Cold Room Capacity 5 MT आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन करने हेतु दर निर्धारण के लिए अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र० सं० | योजना का नाम | कार्य समाप्ति की अवधि | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | Solar Cold Room 5 MT Capacity<br>Battery Less Back Up to 24-30 hours<br>Mobile App/AI (Artificial Intelligence)<br>Capacity – 5 Ton<br>Refrigeration – 2.7 TR<br>With Environment friendly refrigerant R407F/R448A<br>(**NISE Certification Compulsory**)<br>Warranty – 1 Years, 3 year AMC<br>Vertical Fan Evaporator design of refrigeration Unit<br>Dashboard & Mobile App Facility to Monitor status of Solar Cold room in real time | एक माह | 12,00,000/– रूपए (बारह लाख रूपए मात्र) |

जिले के सुदूरवर्ती चिन्हित स्थलों पर सोलर कोल्ड रूम आपूर्ति एवं अधिष्ठापन करने के लिए सिर्फ दर निर्धारण हेतु दिनांक– 05.10.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे तक जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में मुहरबंद निविदा तकनीकी एवं वित्तीय बीड अलग–अलग लिफाफे में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक 05.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। उक्त निविदा में निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। निविदादाताओं को निविदा संबंधित सभी शर्त्तों का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित शर्त्तों को लातेहार जिला के बेवसाईट www.latehar.nic.in एवं जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय के सूचनापट्ट पर भी देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला उद्यान पदाधिकारी, लातेहार

PR 307893 Agriculture (23-24)_D


### होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने अपर मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने झारखंड पुलिस के आरक्षी की तरह वेतन और अन्य भत्ता होमगार्ड जवानों को देने की मांग की है। इस संबंध में बुधवार को एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि झारखंड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्नि शमन सेवा मुख्यालय के महानिदेशक सह महासमादेष्टा को भी दी है। लिखे गए पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में होमगार्ड जवानों को इस महंगाई के दौर में मात्र 500 प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय का भुगतान किया जाता है। जबकि पड़ोसी राज्य बिहार में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा न्यायादेश के आलोक में बिहार राज्य के होमगार्ड जवानों को पुलिस आरक्षी के समतुल्य न्यूनतम वेतन एवं अन्य भत्ते के बराबर सामान्य कार्य का समान वेतन का लाभ दिया जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि झारखंड उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित न्यायादेश के आलोक में झारखंड राज्य के होमगार्ड जवानों को पुलिस आरक्षी के समतुल्य न्यूनतम वेतन एवं अन्य भत्ते के बराबर समान कार्य का समान वेतन का लाभ जल्द लागू करने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाए।

### एसएसपी के निर्देश पर चलाया गया जाम हटाओ अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा के निर्देश पर ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए बुधवार को अल्बर्ट एक्का से सुजाता चौक तक मुख्य सड़क पर अभियान चला, जिसमें पंजाब स्वीट्स का सामान और लाइव काउंटर अंदर कराया गया और कड़ी चेतावनी दी गई। दूसरी ओर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रभारी ट्रैफिक एसपी राजकुमार मेहता ने एक बार फिर नया प्लान तैयार किया है। अब सड़क किनारे गलत तरीके से खड़े किए जाने वाले वाहनों के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। इसके लिए उन्होंने एक टीम बनाई है। उन्होंने बताया कि टीम में एक पदाधिकारी सहित पांच पुलिसकर्मी रहेंगे। टीम साउंड सिस्टम से लैस वाहन में सवार होकर शहर की प्रमुख सड़कों पर भ्रमण करते हुए अनाउंसमेंट करेगी। अनाउंसमेंट के जरिये लोगों से आग्रह किया जाएगा कि कोई नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ी ना करे। जिनकी भी गाड़ी सड़क किनारे ह्वाइट लाइन से अंदर खड़ी मिलेगी, उनका चालान काटा जाएगा। ऐसे में कोई भी व्यक्ति सड़क किनारे गलत तरीके से वाहन नहीं लगाएंगे।

### एचईसी बचाने को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। भारत सरकार के उपक्रम एचइसी की बदहाली पर संज्ञान नहीं लिया गया तो राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलकर इसे बचाने की गुहार लगाएंगे। उक्त बातें बुधवार को राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात के बाद इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (आई.एन.डी.आई.ए) गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने कही। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि त्योहार का मौसम आने वाला है और एचइसी के कर्मचारियों को 18 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। केंद्र सरकार के लिए एचइसी एक बड़ी धरोहर है। इसको बचाना जरूरी है। यह कलाम साहब और डॉ मनमोहन सिंह की धरोहर है, लेकिन नरेंद्र मोदी के शासनकाल में ये घाटे में है।

### कांग्रेस ने एसटी- एससी विधानसभा क्षेत्रों में नियुक्त किया कोऑर्डिनेटर

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने राज्य के सभी अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों के लिए कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय के अनुमोदन के उपरांत यह सूची जारी की गयी है। प्रदेश प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लीडरशीप डेवलपमेंट मिशन (एलडीएम) के तहत प्रदेश के सभी अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में कोऑर्डिनेटर की नियुक्ति करने का निर्देश प्राप्त हुआ था। इस मिशन के तहत प्रदेश के सभी अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में आदिवासी, दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक समुदाय से युवाओं को पार्टी संगठन जोड़ने का कार्य करना है।


## जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा
### (समाज कल्याण शाखा)

**विज्ञापन**

**मिशन वात्सल्य, बाल संरक्षण सेवाएँ के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर चयन**

मिशन वात्सल्य, बाल संरक्षण सेवाएँ (CPS) भारत सरकार के एक महत्वकांक्षी योजना है, जिसके अन्तर्गत राज्य में किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के विभिन्न प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मिशन वात्सल्य मार्गदर्शिका एवं विभागीय संकल्प सं0 860, दिनांक–31.03.2023 तथा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड के अधिसूचना संख्या 05/म0बा0/ICPS–नियु0 नियमा0–575/2015-1835 दिनांक–20.07.2016 एवं 3761, दिनांक–14.08.2017 के आलोक में निम्नलिखित पदों के लिए संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है,पदों का विवरणी निम्नरूपेण है :–

1. जिला बाल संरक्षण ईकाई (DCPU)

| क्र0 | पद कानाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | संरक्षण पदाधिकारी–गैर संस्थानिक देखरेख Post Code –DCPU 03 | 01 |
| 2 | विधि–सह–परिविक्षा पदाधिकारी Post Code –DCPU 04 | 01 |
| 3 | लेखापाल Post Code –DCPU 07 | 01 |
| 4 | आँकड़ा विश्लेषक Post Code –DCPU 08 | 01 |
| 5 | सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर Post Code –DCPU 09 | 01 |

2. बाल कल्याण समिति (CWC-01)

| | | |
|---|---|---|
| 6 | सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर Post Code –CWC 01 | 01 |

3. किशोर न्याय बोर्ड (JJB-01)

| | | |
|---|---|---|
| 7 | सहायक–सह–डाटा इंट्री ऑपरेटर Post Code –JJB 01 | 01 |

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 30.10.2023 है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

नियम एवम् शर्त्तें तथा आवेदन प्रपत्र एवं विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट www.lohardaga.nic.in पर देखी जा सकती है।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा। | PR 307894 Lohardaga (23-24)_D | जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा।


## पृष्ठ एक के शेष

**रेल यात्रियों के लिए एक...**

पहले से ही 5 मिनट का है। लेकिन ताज्जूब यह है कि जबलपुर से चलकर हावड़ा जाने वाली यही शक्तिपुंज एक्सप्रेस अपनी डाउन यात्रा में डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर सिर्फ 2 मिनट ठहरती है। शक्तिपुंज के इस ठहरने के समय में न जाने के लिए न आने के लिए कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। रेलवे सूत्र यह मानती है कि कम से कम गरीब रथ और राजधानी के 2 मिनट से बढ़कर 5 मिनट का ठहराव डाल्टनगंज रेलवे स्टेशन पर कर देना चाहिए। क्योंकि इस ट्रेन में कैंसर के मरीज और लीवर के मरीज हृदय के मरीज और गंभीर रोगों से ग्रसित लोग अपने इलाज के लिए ज्यादा जाते रहते हैं। और 2 मिनट के इस ठहराव से मरीज को अपने आरक्षित डिब्बे में प्रवेश करने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

**युवाओं को आगे बढ़ाने...**

इंजीनियरिंग और लॉ जैसे कोर्सेज के साथ विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भी सरकार आर्थिक मदद कर रही है। बच्चियां पढ़ाई से वंचित न रहे, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है। सरकार का मकसद शिक्षा की बेहतरी के साथ विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए तैयार करना है।

**झारखंड के मजदूर देश के नवनिर्माण में दे रहे योगदान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक मजदूर बहुल राज्य भी है । यहां के मजदूर सरल होने के साथ-साथ मेहनतकश होते हैं। यही वजह है कि हमारे राज्य के मजदूर देश के हर हिस्से में अपनी मेहनत से विकास में अहम योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कोरोना काल को याद करते हुए कहा कि जिस वक्त लोग अपनी घरों में कैद थे, उस दौरान भी यहां के हजारों मजदूर लेह- लद्दाख जैसे देश के सीमावर्ती और सुदूर क्षेत्र में बिना अपनी जान की परवाह किए सड़क निर्माण के कार्य में लग रहे, क्योंकि यह देश की सुरक्षा का मामला था।

**स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन :** मुख्यमंत्री ने रामकृष्ण मिशन आश्रम परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने यहां पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी लंबे समय से इच्छा थी कि इस संस्था में आकर यहां की गतिविधियों को जानें और समझें। जो आज स्वामी जी के सहयोग से पूरा हुआ। रामकृष्ण मिशन जिस तरह झारखंड जैसे प्रदेश के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है, वह सराहनीय है। मौके पर रामकृष्ण मिशन की दो पत्रिकाओं का भी मुख्यमंत्री ने विमोचन किया।

**व्यवस्था को दे रहे...**

मजबूती हमारी सरकार की प्राथमिकता है, उसी तरह रामकृष्ण मिशन भी उसी क्षेत्र में काम कर रही है जो आज के भौतिकवादी युग में हाशिये पर हैं। ऐसे में सरकार को यह संस्था मार्गदर्शन करे। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि और पशुपालन हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होती थी लेकिन आज खेतों की जगह खदान और फैक्ट्रियां नजर आ रही हैं। ऐसे में विकास की अंधी दौड़ में परंपरागत व्यवस्था को पूरी तरह नजर अंदाज करना झारखंड जैसे राज्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है। यही वजह है कि हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत कर रही है। गांव मजबूत होंगे तो राज्य और देश भी मजबूत बनेगा।

**पलामू सांसद योजनाओं की धीमी...**

के योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास की जानकारी विभाग द्वारा नहीं दिये जाने का मामला उठाया इसी कड़ी में पांकी विधायक ने भी अपने पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पेयजल से संबंधित योजनाओं का संचालन बिना उनके उद्घाटन/शिलान्यास के संचालित कराया जा रहा है। इसी तरह पूर्व की बैठक में कई प्रमुखों द्वारा पीडीएस डीलर द्वारा समय से राशन नहीं वितरण किये जाने/तय मात्रा से कम राशन का वितरण से संबंधित मामला उठाया गया था ।इसके संबंध में आज अध्यक्ष श्री राम ने डीएसओ को कुछ कांटा घरों का औचक रूप से निरीक्षण करने की बात कही। इसी तरह आज की बैठक में भी पांकी विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड अंतर्गत कई पीडीएस डीलरों द्वारा कम राशन दिये जाने की शिकायत की। वहीं डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नल-जल योजना में विभिन्न तरह के गड़बड़ियों को रेखांकित किया। इस पर डीसी शशि रंजन ने सूचना विज्ञान पदाधिकारी को पेयजल से संबंधित प्राप्त शिकायतों को लेकर एक ऑनलाइन सेंट्रलाइज्ड सिस्टम बनाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में पांकी विधायक ने लेस्लीगंज मध्य विद्यालय के मुख्य गेट पर अतिक्रमण किए जाने का मुद्दा उठाया । वहीं डालटनगंज विधायक ने टाटा पावर पर ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद उसे बदलने में देरी करने से संबंधित बात रखी। बैठक में सांसद के अलावा पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता,डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया,उपायुक्त शशि रंजन,उप विकास आयुक्त रवि आनंद,अपर समाहर्ता,सभी प्रखंड प्रमुख,जिला परिषद अध्यक्ष,चतरा सांसद प्रतिनिधि समेत अन्य सभी विधायक के प्रतिनिधि सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**ड्रोन, जीपीएस से लैस रथों से...**

उन्होंने कहा, अब इन योजनाओं को पूरा करने, उन्हें हासिल करने का समय है। इसके लिए हमें नई रणनीति भी अपनानी होगी। हमें नई तकनीक पर भी ध्यान देना होगा ताकि परियोजनाएं तेजी से पूरी हों और गुणवत्ता से समझौता न हो। कहा जा रहा है कि वह नई रणनीति , नई तकनीक 1500 हाईटेक रथों वाली ग्रामीण संवाद यात्रा के तौर पर दिखेगा।

**राजधानी रांची को पूर्वी जोन के...**

में विशेष प्रयास की जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन और वीडियो के माध्यम से साझा की गई थी। इसके बाद मंत्रालय की टीम हर शहर में जाकर उसका सत्यापन किया। रांची की ओर से इस बार सिटी सिक्योरिटी, यातायात प्रबंधन, अर्बन मोबिलिटी, सोशल एस्पेक्ट और लैंड मोनेटाइजेशन इत्यादि विषय पर प्रस्ताव भेजा गया था।

**मुख्यमंत्री और विभागीय सचिव ने दी बधाई :** रांची स्मार्ट सिटी की इस सफलता पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने नगर विकास एवं आवास विभाग तथा रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के समस्त कर्मियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताया है कि आने वाले दिनों में रांची का प्रदर्शन राष्ट्रीय स्तर पर अपना अमिट छाप छोड़ेगा। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने भी रांची स्मार्ट सिटी की पूरी टीम को बधाई दी है और मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया है।


## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग,जिला नियोजनालय, चतरा

**"एक दिवसीय मिनी रोजगार मेला–2023"**

**रिक्ति संबंधित सूचना**

अपार हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, झारखण्ड, सरकार के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, चतरा द्वारा दिनांक–03.10.2023 को जिला नियोजनालय चतरा परिसर में मिनी रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस मिनी रोजगार मेला में निम्न नियोजकों ने आने की अपनी सहमति जताई है–

| S.No | Name & Address of the Employer | Name of the Post | No. of Post | Qualification | Age | Exp. | Job location | Pay/Salary |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | Acme education Solution Pvt Ltd. | Tele caller (girl) | 02 | $12^{th}$ Pass | 18-25 | If any | Chatra | 6000-8000 |
| | | GDA Trainer | 02 | $12^{th}$ pass/Graduation | 18-30 | If any | Chatra | 7000-9000 |
| | | SET/SMO Trainer | 01 | | | If any | Chatra | 8000-10000 |
| 02 | Sai Computer Ltd. | उर्जा मित्र | 03 | $10^{th}$ pass | 18+ | 3 yrs mobile Exp. | Tandwa, Hunterganj,Jori | 3.46 paisa/bill |
| 03 | Atria Power Corporation Pvt Ltd. | SMO Trainer | 03 | $12^{th}$ pass | No limit | 1 yrs | Tandwa | Salary as per Company Norms and as per his/her Interview |
| | | Ftoha Trainer | 02 | Diploma | No limit | 2 yrs | Tandwa | |
| | | Mobilizer | 08 | $12^{th}$ pass | No limit | 0-6 month | Tandwa,Simaria,Chatra ,Balumath,Badkagaon | |
| 04 | Commando industril Security Force | Grade –A (GNM) | 21 | B.SC (Jharkhand Nurses Registration Council in Registration Mendatory | 21-45 | 1yrs Minimum | All Jharkhand | As per the Jharkhand Government Notification Wages. |
| 05 | Shree Ganpati Silver | Helper(female) | 04 | $8^{th}$ pass | 18-25 | 0yrs | Chatra | 6750/month |
| | | Driver | 01 | $10^{th}$ pass(Driving license) | 18-25 | 1yrs | Chatra | 9000/- |

दिनांक :–03.10.2023
स्थान :– जिला नियोजनालय चतरा परिसर
समय :– 10:00 बजे से 04:00 बजे तक।

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व में झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित नही हैं वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों ,उसकी एक छाया प्रति , अपना बायोडाटा (2 कॉपी) नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत स्थानीय प्रमाण पत्र की प्रति के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। जो उम्मीदवार पूर्व में निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नही हैं।नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए सिर्फ नियोजक ही उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा हैं एवं चयन में नियोजनालय की कोई भूमिका नही होगी। इस हेतु कोई भी मांग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा। इस एक दिवसीय मिनी रोजगार मेला में बेराजगार युवक/युवतियाँ भाग लेकर इसका भरपूर लाभ उठा सकतें।

नोट :– विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजनालय, चतरा से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय चतरा

PR 307794 Labour Employment and Traning(23-24).D

## गागर में सागर

### धर्मशाला पहुंची विश्व कप क्रिकेट की ट्रॉफी, कई जगह हुआ स्वागत



**धर्मशाला।** आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप क्रिकेट की ट्रॉफी धर्मशाला बुधवार को पहुंच गई है। ट्रॉफी को रिसीव करने के लिए आईपीएल के अध्यक्ष एवं बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल मुख्य रूप से मौजूद रहे. बुधवार सुबह विश्वकप की ट्रॉफी दिल्ली से गगल एयरपोर्ट पहुंची। गगल एयरपोर्ट पर ट्रॉफी का एचपीसीए सहित क्रिकेट प्रेमियों ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर एचपीसीए के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। गगल एयरपोर्ट में ट्रॉफी के स्वागत के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। ट्रॉफी का दीदार पाने के लिए बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रशंसक भी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। गगल एयरपोर्ट से ट्रॉफी को ओपन जीप में रख कर गगल चौक में थोड़ी देर रुकने के बाद ट्रॉफी शहीद स्मारक धर्मशाला पहुंची। यहां पर फोटो करने के बाद यह कोतवाली चौक पहुंची तथा यहां से मैक्लोडगंज चौक में भी लोगों के दीदार के लिए ट्रॉफी को रखा गया। मैक्लोडगंज चौक से इसे दलाई लामा मंदिर ले जाया गया। इसके बाद ट्रॉफी को रोप वे से धर्मशाला लाया गया। यहां से ट्रॉफी को ओपन ट्रक में कुनाल पथरी के चाय बागानों में ले जाया गया, जहां फोटो सेशन के बाद क्रिकेट स्टेडियम में रखा गया। क्रिकेट स्टेडियम पंहुचने पर भी एचपीसीए द्वारा ट्रॉफी का स्वागत किया गया। वहीं शाम को स्टेडियम में लेजर शो सहित पटाखे भी चलाये जाएंगे। देर शाम को ट्रॉफी को पैक करके आईसीसी पदाधिकारियों को सौंपा जाएगा।

### डाफने शिपर्स ने लिया संन्यास



**द हेग।** नीदरलैंड की दो बार की विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स ने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। हर एक खिलाड़ी के जीवन में एक ऐसा क्षण आता है जब उसे न चाहते हुए भी अपने करियर को अलविदा कहना पड़ता है। ऐसा ही समय अब विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स के करियर में आया है। काफी समय से चोटों से जूझने के बाद उन्होंने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। शिपर्स के करियर का मुख्य आकर्षण बीजिंग में 2015 विश्व चैंपियनशिप थी जब उन्होंने 200 मीटर में स्वर्ण और 100 मीटर में रजत पदक जीता था। फिर, दो साल बाद लंदन में उन्होंने 200 मीटर में अपने खिताब का बचाव किया और 100 मीटर में तीसरे स्थान पर रहीं। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने 2016 के रियो ओलंपिक खेलों में 200 मीटर में रजत पदक जीता था। शिपर्स के पास अभी भी 2015 में बीजिंग में 21.63 सेकंड के समय के साथ 200 मीटर में यूरोपीय रिकॉर्ड है।
हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में शिपर्स को कई चोटों का सामना करना पड़ा। उनका अभी भी पेरिस में 2024 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का सपना था, लेकिन अब उन्हें एहसास हुआ कि सपना सच नहीं होगा तो उन्होंने इसे छोड़ने का फैसला किया।

### न्यूजीलैंड की विश्व कप टीम में शामिल होंगे टिम साउदी



**नई दिल्ली।** अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी इस सप्ताह के अंत में न्यूजीलैंड की विश्व कप टीम में शामिल होंगे। साउदी के दाहिने अंगूठे के फ्रैक्चर की सर्जरी के बाद उनकी रिकवरी जारी है। 15 सितंबर को लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे में क्षेत्ररक्षण करते समय साउथी के दाहिने अंगूठे की हड्डी टूट गई थी, जिसके बाद वह घर लौट आए और विशेषज्ञों से परामर्श किया, जिसके बाद उनके अंगूठे की सर्जरी की गई। 34 वर्षीय खिलाड़ी को अब 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच के लिए पूरी तरह से फिट होने की उम्मीद है।

### श्रीलंका क्रिकेट टीम पहुंची गुवाहाटी



**गुवाहाटी।** वनडे विश्वकप के लिए श्रीलंका की क्रिकेट टीम भारत दौर पर बुधवार को गुवाहाटी पहुंच गई है। क्रिकेट विश्व कप कप से पहले पहले अभ्यास मैच 29 सितंबर को श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गुवाहाटी में खेला जाएगा। श्रीलंका क्रिकेट टीम होटल विवांता पहुंच गई है। बांग्लादेश की टीम भी गुवाहाटी पहुंचने वाली है। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के गुवाहाटी पहुंचने पर राज्य के क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित देखा गया है।

# आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 : सभी देशों ने घोषित की टीम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 5 अक्टूबर से भारत में शुरू हो जाएगा। टूर्नामेंट के पहला इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होना है जबकि फाइनल भी 19 नवंबर को अहमदाबाद में होगा। देश भर में 10 स्टेडियम में टूर्नामेंट के 48 मैच होने हैं। टूर्नामेंट के लिए सभी 10 टीमों ने अपनी टीमें घोषित कर दी है। इसमें अंतिम फेरबदल 28 सितंबर तक होना है। सभी टीमें 29 सितंबर से तिरुवनंतपुरम, हैदराबाद और गुवाहाटी में अभ्यास मैच खेलेंगी।

## इससे पहले जानें देखें सभी टीमें

**अफगानिस्तान टीम :** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल, अजमतुल्ला उमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान, नवीन उल हक।

**ऑस्ट्रेलिया टीम :** पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी, जोश इंगलिस, सीन एबॉट, एश्टन एगर, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, मिच मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम जम्पा, मिशेल स्टार्क।

**बांग्लादेश टीम :** शाकिब अल हसन (कप्तान), लिट्टन दास, तंजीद हसन तमीम, नजमुल हुसैन शान्तो (उपकप्तान), तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम, महमूदुल्लाह रियाद, मेहदी हसन मिराज, नसुम अहमद, शक महेदी हसन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद , शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

**भारत टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उप-कप्तान), शुबमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, रवींद्र जड़ेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमरा, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अक्षर पटेल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव

**नीदरलैंड टीम :** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), मैक्स ओ'डोड, बास डी लीडे, विक्रम सिंह, तेजा निदामनुरू, पॉल वैन मीकेरेन, कॉलिन एकरमैन, रूलोफ वैन डेर मेरवे, लोगान वैन बीक, आर्यन दत्त, रयान क्लेन, वेस्ले बरेसी, साकिब जुल्फिकार, शारिज अहमद, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट।

**न्यूजीलैंड टीम :** केन विलियमसन (कप्तान), ट्रेंट बोल्ट, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउथी, विल यंग।

**इंग्लैंड टीम :** जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, सैम कुरेन, लियाम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, आदिल राशिद, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स, रीस टॉपले, डेविड विली, मार्क वुड, क्रिस वोक्स।

**पाकिस्तान टीम :** बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमान, इमाम-उल-हक, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, हारिस रऊफ, हसन अली, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद वसीम।

**दक्षिण अफ्रीका टीम :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डी कॉक, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, कैगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, रासी वान डेर डुसेन, लिजाद विलियम्स।

**श्रीलंका टीम :** दासुन शनाका (कप्तान), कुसल मेंडिस (उप-कप्तान), कुसल परेरा, पथुम निसांका, दिमुथ करुणारत्ने, सदीरा समरविक्रमा, चैरिथ असलांका, धनंजय डी सिल्वा, दुशान हेमंथा, महीश थीक्षाना, डुनिथ वेललागे, कासुन राजिथा, मथीशा पथिराना, लाहिरू कुमारा, दिलशान मदुशंका। ट्रैवल रिजर्व : चमिका करुणारत्ने।

## एशियाई खेल : निशानेबाजी में भारत ने जीते दो स्वर्ण

# सिफत ने बनाया नया विश्व रिकार्ड

**एजेंसी। हांगझोऊ**



भारतीय निशानेबाजों ने एशियाई खेलों के चौथे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीते। निशानेबाजी में ये स्वर्ण सिफत कौर सामरा और मनु भाकर, ईशा सिंह और रिद्म सांगवान की तिकड़ी ने जीते। सिफत ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टीम इवेंट में स्वर्ण पर निशाना लगाया। सिफत ने 50 मीटर 3पोजीशन राइफल में ये स्वर्ण जीता। उन्होंने 469.6 का स्कोर किया जो कि पिछले रिकॉर्ड से 2.6 अंक अधिक है। भारत की ही आशी ने इस स्पर्धा का कांस्य पदक हासिल किया। वहीं पुरुश स्कीट टीम ने भी कांस्य पदक जीता। सिफत ने स्वर्ण के साथ ही नया विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है। एशियाई खेलों में अब भारत के खाते में पांच स्वर्ण पदक हो गये हैं। वहीं पुरुषों की स्कीट टीम स्पर्धा में, अंगद वीर सिंह बाजवा, गुरजोत सिंह खांगुरा और अनंत जीत सिंह नरूका ने 355 के संयुक्त स्कोर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। वहीं मनु , ईशा और सांगवान ने चीन को पीछे छोड़कर भारत को स्वर पदक दिलाया। मनु महिलओं की 25 मीटर पिस्टल इवेंट के क्वालिफिकेशन में पहले नंबर पर रहीं थी जबकि ईशा पांचवें और रिद्म सातवें पायदान पर रहीं थी। इससे पहले महिला राइफल टीम ने 50 मीटर राइफल-3 पोजीशन इवेंट में रजत पदक जीता था। आशी चौकसे, मानिनी कौशिक और सिफ्त कौर सामरा की महिला टीम ने एशियन गेम्स 2023 के फाइनल में 1764 के स्कोर के साथ रजत पदक पर निशाना लगाया। चीन ने स्वर्ण जबकि कोरिया ने कांस्य हासिल किया।

सिफत ने कुल 594 अंकों के साथ 9.900 के औसत से स्कोर बनाया, ये एशियाई खेलों का क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड स्कोर है। सिफत व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहीं जबकि आशी छठे स्थान पर रहीं और महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। इन खेलों में भारत ने अब तक 5 स्वर्ण, 5 रजत और सात कांस्य सहित कुल 17 पदक जीते हैं। इसमें सबसे अधिक 8 पदक निशानेबाजी में मिले हैं।

## वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया की बड़ी हार

# ऑस्ट्रेलिया ने जीता तीसरा वन डे, सीरीज भारत के नाम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है. लगातार दो मुकाबले जीतकर टीम इंडिया ने पहले ही सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली थी. तीसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 352 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. भारतीय टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 286 रन पर ऑलआउट हो गई. ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में आखिरी मुकाबला जीतकर सम्मान की लड़ाई जीती. पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम के लिए डेविड वार्नर और मिचेल मार्श ने धमाकेदार शुरूआत की. दोनों ने तेजी से स्कोर बढ़ाते हुए अपनी अपनी फिफ्टी ठोकी. वार्नर 56 रन बनाकर प्रसिद्ध कृष्णा के शिकार हुए. दूसरी छोर पर मार्श का हमला जारी रहा और स्टीव स्मिथ ने आकर उनको भरपूर साथ दिया. मार्श को कुलदीप यादव ने 96 रन के स्कोर पर आउट किया तो स्टीव स्मिथ 74 रन पर अपना विकेट गंवा बैठे. टीम इंडिया को यहां भी राहत नहीं मिली और मार्नस लाबुशेने ने 72 रन ठोकते हुए स्कोर 352 रन तक पहुंचा दिया.

## जापान के खिलाफ मैच से पहले बोले हरमनप्रीत

# उन्हें अपनी रक्षा पंक्ति को मजबूत करने की जरूरत है

**एजेंसी। हांगझू**



जापान से मिलने वाली कड़ी चुनौती से अच्छी तरह वाकिफ भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उन्हें अपनी रक्षा पंक्ति को मजबूत करने की जरूरत है तथा एशियाई खेलों में गुरुवार को गत चैंपियन के खिलाफ होने वाले मुकाबले के दौरान उन्हें अपनी रणनीति में बदलाव करने के लिए तैयार रहना होगा। भारतीय टीम को पहले दो मैचों में किसी तरह की चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। उसने पूल ए के अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान को 16-0 और फिर दूसरे मैच में सिंगापुर को 16-1 से करारी शिकस्त दी। भारत को हालांकि एशियाई खेल 2018 के स्वर्ण पदक विजेता जापान से कड़ी चुनौती मिलेगी।

हरमनप्रीत ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हम इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि हमें कल किस तरह की चुनौती का सामना करना होगा। जापान की टीम काफी मजबूत है लेकिन हम उनके मजबूत और कमजोर पक्षों से अवगत हैं।' उन्होंने कहा, हमें अपनी शैली पर ध्यान केंद्रित करना होगा, लेकिन हमें अच्छे परिणाम हासिल करने के लिए मैदान पर अपनी रणनीति बदलने के लिए भी तैयार रहना होगा।' जापान की टीम भी अभी तक अजेय है। उसने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 7-2 और फिर उज्बेकिस्तान को 10-1 से हराया था। हरमनप्रीत ने कहा, ह्यजापान की टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो गोल करने में सक्षम हैं और इसलिए उनसे निपटने के लिए हमें अपने रक्षण को मजबूत करना होगा।'

## पीटरसन एमआई केप टाउन के मुख्य कोच नियुक्त, लसिथ मलिंगा बने गेंदबाजी कोच



**केप टाउन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व स्पिनर रॉबिन पीटरसन को एसए 20 2024 के लिए एमआई केप टाउन का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। पीटरसन ने एमआई न्यूयॉर्क को उद्घाटन एमएलसी खिताब के लिए प्रशिक्षित किया था। श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है। एमआई केप टाउन 10 मैचों में 3 जीत के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर रहा, पीटरसन 2023 में एमआई केप टाउन के महाप्रबंधक थे। वह मुख्य कोच के रूप में साइमन कैटिच की जगह लेंगे, जबकि मलिंगा न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जैकब ओरम की जगह लेंगे। पीटरसन और मलिंगा इस साल की शुरूआत में यूएसए के मेजर लीग क्रिकेट के उद्घाटन सत्र में क्रमशः मुख्य कोच और गेंदबाजी कोच के रूप में एमआई न्यूयॉर्क के खिताब जीतने के अभियान का हिस्सा थे। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला राशिद खान की कप्तानी वाली एमआई केपटाउन के बल्लेबाजी कोच बने रहेंगे। एमआई केप टाउन ने अगले सीजन से पहले चार खिलाड़ियों को रिटेन किया है, सैम करेन, कैगिसो रबाडा और डेवाल्ड ब्रेविस के साथ राशिद खान भी चार खिलाड़ियों में शामिल हैं।

# दीपेंद्र सिंह ने तोड़ा युवराज का 16 साल पुराना रिकॉर्ड

## 9 गेंदों में ठोका सबसे तेज अर्धशतक

**एजेंसी। हांगझोऊ**



नेपाल क्रिकेट टीम ने चीन में जारी एशियन गेम्स में रिकॉर्ड की बारिश कर दी है। इस टीम के खिलाड़ी दीपेंद्र सिंह ऐरी ने युवराज सिंह के 16 साल पुराने सबसे तेज अर्धशतक के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। क्रिकेट में बुधवार को मंगोलिया और नेपाल की टक्कर थी। नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में तीन विकेट खोकर 314 रन बनाए। ये टी20 में सबसे बड़ा स्कोर है। इस दौरान एशियाई खेलों के ग्रुप मैच में दीपेंद्र ने मंगोलिया के खिलाफ सिर्फ 10 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए। उनकी रिकॉर्ड पारी आठ छक्कों से सजी थी। टीम के एक अन्य बल्लेबाज कुशाल मल्ला, जिन्होंने 50 गेंदों में 137 रन बनाए और सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्होंने केवल 34 गेंदों में शतक जड़कर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा (35 गेंद) को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। इस विशाल लक्ष्य के जवाब में मंगोलिया 13.1 ओवर में 41 रन पर ढेर हो गई और नेपाल ने 273 रन से जीत दर्ज की, जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय में अब तक की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले नेपाली बल्लेबाज दीपेंद्र सिंह ने पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज के लगभग 16 वर्षों तक टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 50 रन का रिकॉर्ड अपने नाम किया था। युवराज की यह पारी 2007 के टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ आई थी, जिसमें उन्होंने केवल 12 गेंदों में अर्धशतक बनाया था। युवराज की यादगार पारी में तीन चौके और सात छक्के शामिल थे, जिसमें स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में छह छक्के लगाए।

## एशियाई खेल | समरा ने माता-पिता के कहने पर छोड़ी डॉक्टरी की पढ़ाई

# गोल्ड जीतकर चमकाया भारत का नाम

**एजेंसी। हांगझोऊ**



डॉक्टरी और निशानेबाजी दोनों ही क्षेत्र में बेहद धैर्य की जरूरत होती है लेकिन इस साल मार्च में सिफ्त कौर समरा ने चिकित्सकीय उपकरणों के बजाय राइफल को करियर विकल्प चुनने का फैसला किया। समरा (23 वर्ष) ने निशानेबाजी पर ध्यान लगाने के लिए अपनी चिकित्सीय पढ़ाई (एमबीबीएस कोर्स) छोड़ने का फैसला किया। बुधवार को यह फैसला बिलकुल सही साबित हुआ और उन्होंने हांगझोउ में एशिया की महिला 50 मीटर थ्री पोजीशन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। समरा फरीदकोट में जीजीएस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई और निशानेबाजी दोनों के बीच जूझ रही थीं लेकिन अंत में उन्होंने अपना कोर्स बदलने का फैसला किया। विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाली सामरा ने कहा, ह्यमैंने मार्च में एमबीबीएस छोड़ दिया। मैं अभी अमृतसर से जीएनडीयू से बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स' कर रही हूं।'
भारत में मध्यमवर्गीय और उच्च मध्यमवर्गीय परिवारों ने माता-पिता सामान्यतः अपने बच्चों को पढ़ाई में अच्छा करने के लिए बढ़ावा देते हैं लेकिन समरा के माता-पिता उन्हें निशानेबाजी रेंज में रिकॉर्ड तोड़ते हुए देखना चाहते थे। यह पूछने पर कि उन्होंने एमबीबीएस कोर्स क्यों छोड़ा तो समरा ने कहा, मैं नहीं जानती। यह मेरे माता-पिता का फैसला था। यह मेरे हाथ में नहीं है। मैं कुछ नहीं कर सकती। मैं लोकसेवा में भी जा सकती हूं।' उन्होंने कहा, मैं दुर्घटनावश निशानेबाज बनी। मेरे 'कजन' ने मुझे निशानेबाजी शुरू कराई जो एक शॉटगन निशानेबाज है। मेरी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता अच्छी रही और मेरी सभी रिश्तेदारों ने मेरे माता-पिता से कहा कि मुझे निशानेबाजी करनी चाहिए। मैं भाग्यशाली रही कि यह कारगर रहा और अब मैं निशानेबाज हूं।'

### भारतीय पुरुष स्कीट टीम ने कांस्य पदक जीता, महिलाएं चौथे स्थान पर रहीं



**अनंत जीत** सिंह नरुका, गुरजोत सिंह खांगुरा और अंगद वीर सिंह बाजवा की भारत की पुरुष स्कीट टीम ने बुधवार को 19वें एशियाई खेलों में कुल 355 अंक अर्जित करके कांस्य पदक हासिल किया। चीन ने 362 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि कतर ने 359 अंकों के साथ रजत पदक अपने नाम किया। अनंत ने 121 का स्कोर हासिल करते हुए व्यक्तिगत अंतिम सेट में स्थान पक्का किया। महिला टीम प्रतियोगिता में गनेमत सेखों, परिनाज धालीवाल और दर्शना राठौड़ की भारतीय तिकड़ी कजाकिस्तान, चीन और थाईलैंड के बाद चौथे स्थान पर रही जबकि, उनमें से कोई भी व्यक्तिगत फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में कामयाब नहीं हुआ।

